50 वर्षों से आपकी सेवा में
पंजाब स्टेट लॉटरीज़
सरकारी लॉटरी बिक्री केन्द्र
STOCKIST GOVT. LOTTERY
होलसेल व रिटेल विक्रेता
जीरकपुर की सबसे पुरानी लॉटरी एजेंसी
अंशु लॉटरी एजेंसी मो. 99150-83333

दैनिक
# अर्थ प्रकाश
खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान
पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • दिल्ली • उत्तराखंड • बिहार • उत्तरप्रदेश • राजस्थान • छत्तीसगढ़ से प्रसारित

50 वर्षों से आपकी सेवा में
पंजाब स्टेट लॉटरीज़
सरकारी लॉटरी बिक्री केन्द्र
STOCKIST GOVT. LOTTERY
होलसेल व रिटेल विक्रेता
जीरकपुर की सबसे पुरानी लॉटरी एजेंसी
अंशु लॉटरी एजेंसी मो. 99150-83333

वर्ष 39 | चंडीगढ़, शुक्रवार, 18 अक्तूबर, 2024 | अश्विन कृष्ण पक्षः प्रतिपदा विक्रमी संवत-2081 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंकः 289 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ 12






# कमल की खुशबू से महका हरियाणा

## नायब सैनी के हाथों में दूसरी बार हरियाणा की बागडोर

- मोदी व शाह की मौजूदगी में राज्यपाल ने दिलाई शपथ
- 11 कैबिनेट व दो राज्य मंत्रियों ने भी ली शपथ
- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित केंद्रीय मंत्रीगण व भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने की शिरकत

पंचकूला में हुआ भव्य शपथ ग्रहण समारोह, लोगों का उमड़ा हुजूम

अर्थ प्रकाश/ साजन शर्मा

पंचकूला। हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने लाडवा के विधायक नायब सैनी को 15वीं विधानसभा के 11वें मुख्यमंत्री के रूप में पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत कई गणमान्य मौजूद रहे। पंचकूला के दशहरा मैदान में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह के दौरान देशभर से कई राज्यों के मुख्यमंत्री, हजारों की संख्या में कार्यकर्ता यहां पहुंचे हुए थे।

राज्यपाल ने सबसे पहले नायब सैनी को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई। इसके बाद प्रोटोकॉल के अनुसार नंबर दो पर अंबाला छावनी के विधायक अनिल विज ने बतौर कैबिनेट मंत्री शपथ ग्रहण की। इसके बाद तीसरे नंबर पर इसराना के विधायक कृष्ण लाल पंवार, चौथे नंबर पर बादशाहपुर के विधायक राव नरबीर सिंह को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

पांचवें नंबर पर पानीपत ग्रामीण के विधायक महीपाल ढांडा,छठे नंबर पर फरीदाबाद के विधायक विपुल गोयल,सातवें नंबर पर गोहाना के विधायक डॉ.अरविंद कुमार शर्मा, आठवें नंबर पर रादौर के विधायक श्याम सिंह राणा, नौवें नंबर पर बरवाला के विधायक रणबीर गंगवा, दसवें नंबर पर नरवाना विधानसभा हलके से विधायक कृष्ण कुमार बेदी को मंत्री पद की शपथ दिलाई। इसके बाद 11वें नंबर पर तोशाम से विधायक श्रुति चौधरी, 12वें नंबर पर अटेली से विधायक एवं केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की बेटी आरती सिंह राव, 13वें नंबर पर तिगांव हलके से विधायक राजेश नागर को राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार तथा 14वें नंबर पर पलवल के विधायक गौरव गौतम को राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार के पद पर शपथ दिलाई गई।

इस अवसर पर पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया, गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला, पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी. वी. आनंद बोस, दिल्ली के लेफ्टिनेंट गवर्नर विनय कुमार सक्सेना भी मौजूद रहे। शपथ ग्रहण समारोह में केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान, रामदास अठावले, मनोहर लाल, नीतिन गडकरी, अश्वनी वैष्णव, कृष्ण पाल, राव इंद्रजीत समेत कई लोकसभा, राज्य सभा के सांसद मौजूद रहे। शपथ ग्रहण समारोह की खास बात यह रही कि यहां खिलाड़ी, किसान, उद्योगपति, कर्मचारी, मजदूर, ड्रोन दीदी आदि के लिए अलग-अलग ब्लाक बनाए गए थे।

### भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने की शिरकत

शपथ ग्रहण समारोह में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ, अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू, असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साई, गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, मणिपुर के मुख्यमंत्री नोंगथोम्बम बीरेन सिंह, मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा, नागालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो, ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग (गोले), त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा तथा उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। इनके अलावा, भाजपा शासित राज्यों के उप मुख्यमंत्री भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए।

## नई सरकार के मंत्री


राव नरबीर
बादशाहपुर


अनिल विज
अंबाला कैंट


आरती राव
अटेली



श्रुति चौधरी
तोशाम


श्याम सिंह राणा
रादौर


महिपाल ढांडा
पानीपत ग्रामीण


कृष्ण लाल पंवार
इसराना


अरविंद शर्मा
गोहाना


रणबीर गंगवा
बरवाला


विपुल गोयल
फरीदाबाद


राजेश नागर
तिगांव


गौरव गौतम
पलवल

**मंत्रिमंडल में 5 ओबीसी, दो जाट, दो ब्राह्मण, दो एससी, एक राजपूत, एक पंजाबी और एक वैश्य को मिला प्रतिनिधित्व**


कृष्ण बेदी
नरवाना

# भाजपा के सम्मान का हमेशा ऋणी रहूंगा, अबकी बार रिकॉर्डतोड़ काम करेंगे: सीएम नायब सैनी



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** नायब सैनी ने हरियाणा के सीएम पद की दूसरी बार शपथ ली है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में शपथ ग्रहण के बाद अपनी पहली प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि नॉनस्टॉप हरियाणा के विकास और नवनिर्माण को गतिमान रखने वाले जनादेश के लिए सर्वप्रथम 2.80 करोड़ अपने परिवारजनों का हार्दिक आभार। सीएम सैनी ने कहा कि मेरे जैसे एक सामान्य परिवार से आने वाले कार्यकर्ता को हरियाणा का मुख्य सेवक बनने का अवसर प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का आभार। प्रधानमंत्री जी हरियाणा से आपका विशेष स्नेह हमें निरंतर परिश्रम करने के लिए असीमित ऊर्जा प्रदान करता है। सीएम सैनी कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास के तहत कार्य करती है और सभी को साथ लेकर चलने में विश्वास रखती है। उन्होंने नायब सिंह सैनी को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रदेशाध्यक्ष, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल का भी आभार प्रकट किया। सैनी समाज से मुख्यमंत्री बनाकर समाज को जो मान-सम्मान भाजपा ने दिया है उसका सैनी समाज हमेशा ऋणी रहेंगे। उन्होंने कहा कि अबकि बार नायब सरकार प्रदेश में रिकार्ड तोड़ कार्य कर प्रदेश को नंबर वन बनाने का काम करेगी।

**36 बिरादरी में उत्साह:** सीएम सैनी ने कहा कि लाडवा विधानसभा क्षेत्र से विधायक नायब सिंह सैनी को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने से न केवल लाडवा हलके की जनता में खुशी की लहर है, बल्कि पूरे प्रदेश की 36 बिरादरी की जनता में उत्साह है। राष्ट्रीय सैनी पंचायत के वरिष्ठ वाइस चेयरमैन डा. मंजीत कटारिया नायब सिंह सैनी के दूसरी बार मुख्यमंत्री बनने पर लाडवा में बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता ने तीसरी बार प्रदेश में कमल खिलाकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के 56 दिनों में कराए गए कार्यों पर मोहर लगाई है। प्रदेश का हर वर्ग नायब सरकार की नीतियों से खुश था। यही कारण है कि प्रदेश की जनता ने तीसरी बार पूर्ण बहुमत से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाई है।

### बीजेपी गरीबों के लिए काम करेगी

सीएम सैनी ने शपथ ग्रहण के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर कहा कि, आपके प्रेरणादायी नेतृत्व में हरियाणा विकास की नित नई ऊंचाइयों को स्पर्श कर रहा है। विकास की ये नॉनस्टॉप यात्रा प्रदेश में सतत जारी रहेगी। पूर्ण बहुमत की तीसरी बार भाजपा सरकार पूरी ऊर्जा और उत्साह के साथ सुशासन, समानता और गरीब कल्याण के लिए काम करेगी।

# भगवान वाल्मीकि जी के दिखाए मार्ग पर चलकर समानता वाले समाज की रचना करेंगे: मान

भगवान श्री वाल्मीकि तीर्थ स्थल (राम तीर्थ) अमृतसर में हुए नतमस्तक

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**अमृतसर।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि राज्य सरकार भगवान वाल्मीकि जी के दिखाए मार्ग और उच्च आदर्शों पर चल रही है ताकि समानता वाले समाज की रचना की जा सके। भगवान श्री वाल्मीकि तीर्थ स्थल (राम तीर्थ) अमृतसर में नतमस्तक होने के बाद सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने दोहराया कि भगवान वाल्मीकि जी संस्कृत भाषा के 'पितामह' और विश्व के पहले कवि या आदिकवि थे, जिन्होंने अपनी अमर और महान रचना 'रामायण' के माध्यम से बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया। भगवंत सिंह मान ने यह भी कहा कि यह महान महाकाव्य सदियों से लोगों को जीवन जीने की शिक्षा देता आ रहा है और लोगों के लिए नैतिक जीवन का प्रकाशस्तंभ रहा है, जो आज के भौतिकवादी युग में और भी अधिक प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि भगवान वाल्मीकि जी की शिक्षाओं ने आदर्श राज्य या समाज की रचना के लिए आदर्श व्यक्ति, आदर्श शासक और आदर्श नागरिकों के साथ-साथ समाज में समानता पर जोर दिया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब महान गुरुओं, संतों, पीरों और पैगंबरों की धरती है और यह गर्व की बात है कि भगवान वाल्मीकि जी ने इसी पवित्र भूमि पर भगवान राम जी के पुत्रों लव और कुश को शिक्षा दी थी। भगवंत सिंह मान ने कहा कि वे सौभाग्यशाली हैं कि उन्हें इस पवित्र धरती पर नतमस्तक होने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस पवित्र स्थल के व्यापक विकास के लिए संसाधन जुटाने के लिए प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस स्थल के और सौंदर्यीकरण के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे ताकि भगवान वाल्मीकि जी के जीवन और दर्शन का प्रचार हो सके। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार समाज के हर वर्ग की भलाई सुनिश्चित करने के लिए भगवान वाल्मीकि जी के पदचिह्नों पर चल रही है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि राज्य सरकार पंजाब में सांप्रदायिक सद्भाव, धार्मिक सौहार्द और शांति को और मजबूत करने के लिए हर संभव कदम उठा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पवित्र धरती के सर्वांगीण विकास के लिए धन की कोई कमी नहीं है और इसके लिए हर उपाय किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पंजाब में सीवर कर्मचारियों के साथ होने वाले अमानवीय व्यवहार को खत्म करने के लिए बुनियादी ढांचे को अपग्रेड करने का फैसला किया है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि राज्य सरकार ने सीवर कर्मचारियों की ड्यूटी को सुचारू रूप से चलाने के लिए नई मशीनरी खरीदी है।

सरकारी नौकरी में ठेका शब्द को खत्म करने के लिए राज्य सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पहले ही सफाई कर्मचारियों की सेवाओं को नियमित करने के लिए नीति पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि इस उद्देश्य के लिए पहले ही एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया जा चुका है और जल्द ही इसके लिए व्यवहारिक योजना तैयार की जाएगी। भगवंत सिंह मान ने कहा कि वह इस बात पर दृढ़ विश्वास रखते हैं कि केवल जनताओं के भाषणों से गरीबी दूर नहीं होती, बल्कि आम आदमी को सशक्त करने से ही इसे समाप्त किया जा सकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा ही वह कुंजी है, जो लोगों का जीवन स्तर उठाकर गरीबी से बाहर निकाल सकती है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि उनकी सरकार आम आदमी के सशक्तिकरण के लिए शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि आज सरकारी स्कूलों के छात्र जे.ई.ई. और अन्य प्रतिष्ठित परीक्षाएं पास कर रहे हैं, जिससे उन्हें अपना जीवन स्तर ऊंचा उठाने में मदद मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार राज्य में स्वास्थ्य और शिक्षा प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए ठोस प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि अब तक अपने बच्चे को सरकारी स्कूल में भेजना आम आदमी की मजबूरी थी, लेकिन छह महीनों के भीतर यह उनका सपना बन जाएगा क्योंकि शिक्षा प्रणाली में व्यापक सुधार किया जा रहा है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए पूरे राज्य में 'स्कूल ऑफ एमिनेंस' स्थापित किए गए हैं और इसी तरह सरकारी स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली को भी अपग्रेड किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा पहले ही 860 आम आदमी क्लीनिक स्थापित किए जा चुके हैं, जिन्होंने दो करोड़ से अधिक लोगों का इलाज किया है और इनमें से 95 प्रतिशत लोग अब स्वस्थ हैं।

## अत्याधुनिक भगवान वाल्मीकि पैनोरमा जनता को समर्पित



मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने वीरवार को भगवान श्री वाल्मीकि तीर्थ स्थल (राम तीर्थ) पर स्थित अत्याधुनिक भगवान वाल्मीकि जी पैनोरमा को जनता को समर्पित किया। इस परियोजना को जनता को समर्पित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्व का पहला महाकाव्य रामायण, आदि कवि भगवान वाल्मीकि जी द्वारा लिखा गया था, जिन्होंने अपनी विद्वता और दर्शन से दुनिया को प्रकाशित किया। उन्होंने कहा कि अपनी किस्म के इस पहले पैनोरमा में तकनीक का जादू गहरे वृत्तांत से मेल खाता है, जो पर्यटकों के लिए एक दिव्य अनुभव प्रदान करता है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि यह पैनोरमा भव्यता, सरलता और वास्तुकला का बेहतरीन मिश्रण है और यह राज्य सरकार की ओर से भगवान श्री वाल्मीकि जी को विनम्र श्रद्धांजलि है। मुख्यमंत्री ने बताया कि यह पैनोरमा कॉम्प्लेक्स 9 एकड़ भूमि में बनाया गया है और इसकी निर्माण लागत 32.78 करोड़ रुपए है। उन्होंने कहा कि यह पैनोरमा भगवान श्री वाल्मीकि जी को समर्पित है और महाकाव्य के श्लोकों के साथ उनके जीवन की कहानी को दर्शाता है। यह आधुनिक संग्रहालय भगवान वाल्मीकि जी के जीवन और योगदान को प्रदर्शित करने के लिए तकनीक का उपयोग करता है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि इस पैनोरमा में कुल 14 गैलरियां हैं, और प्रत्येक गैलरी भगवान श्री वाल्मीकि जी के जीवन और रामायण के विशेष पहलुओं को समर्पित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन 14 गैलरियों में स्वागत क्षेत्र, भगवान श्री वाल्मीकि जी के विशेष गुण, उनका जन्म और प्रारंभिक जीवन, आदि कवि (पहले कवि), पहला महाकाव्य, रामायण की रचना, रामायण की विशेषताएं, माता सीता और लव-कुश, योगेश्वर और संगीतेश्वर, संजीवनी विद्या के स्वामी, अश्वमेध यज्ञ, योग वशिष्ठ, भगवान वाल्मीकि जी नाम माला और उनके उपदेश शामिल हैं। उन्होंने कहा कि गैलरियों के अलावा, पैनोरमा में आगंतुकों के अनुभव को समृद्ध करने के लिए कई सुविधाएं प्रदान की गई हैं, जिसमें एक कैफेटेरिया, स्मारिका दुकान, पुस्तकालय और अन्य सुविधाएं शामिल हैं। भगवंत सिंह मान ने कहा कि ये सुविधाएं आगंतुकों के दौरे को और अधिक सुखद बनाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान वाल्मीकि जी पैनोरमा एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संगम है, और यह भगवान श्री वाल्मीकि जी के जीवन और योगदान तथा रामायण महाकाव्य में रुचि रखने वाले पर्यटकों को आकर्षित करेगा। भगवंत सिंह मान ने कहा कि यह पैनोरमा इंजीनियरिंग का अद्भुत उदाहरण है, जिसे दुर्लभ वास्तुकला और सरलता के साथ बनाया गया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह पहल न केवल सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित और प्रोत्साहित करेगी, बल्कि आगंतुकों के लिए एक शैक्षिक अनुभव भी प्रदान करेगी।

आप ने ज्ञानी हरप्रीत सिंह के खिलाफ विरसा सिंह वल्टोहा की अपमानजनक टिप्पणी की निंदा की

## अकाली दल बादल का सिख विरोधी चेहरा एक बार फिर उजागर हुआ: मलविंदर कंग

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी (आप) ने शिरोमणि अकाली दल (बादल) के नेता विरसा सिंह वल्टोहा द्वारा दमदमा साहिब के जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह के खिलाफ की गई अपमानजनक टिप्पणी की कड़ी निंदा की है। मीडिया को जारी एक बयान में आप सांसद मलविंदर सिंह कंग ने कहा कि अकाली दल बादल के नेताओं का ऐसा व्यवहार बेहद निंदनीय है। ज्ञानी रघुबीर सिंह को उनके ही घर में धमकाना और ज्ञानी हरप्रीत सिंह के प्रति ऐसी अपमानजनक भाषा का प्रयोग करना उनकी राजनीतिक मर्यादा में गिरावट को दर्शाता है। दरअसल बादल परिवार ने निजी लाभ के लिए सिख संस्थाओं का हमेशा से दुरुपयोग किया है।

कंग ने कहा कि बादल परिवार प्रासंगिकता बनाए रखने के लिए संघर्ष कर रहा है। लोकसभा चुनावों में वह केवल एक सीट जीत पाए। उनके स्वार्थ और अहंकार ने उन्हें उसी समुदाय से अलग कर दिया है जिसका वे प्रतिनिधित्व करने का दावा करते हैं। कंग ने ज्ञानी हरप्रीत सिंह से अपने इस्तीफे पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया और कहा कि सिख समुदाय और पंजाब के लिए उनका नेतृत्व जरूरी है। आम आदमी पार्टी लोगों की सेवा के लिए समर्पित और सिद्धांतवादी नेताओं का समर्थन करती है। कंग ने कहा कि ज्ञानी हरप्रीत सिंह एक ईमानदार व्यक्ति हैं और कई वर्षों से निःस्वार्थ भाव से सिख समुदाय की सेवा कर रहे हैं।

लालजीत सिंह भुल्लर ने राज्य के जेल अधिकारियों के साथ की बैठक, कहा-

## कैदियों की बढ़ती संख्या के मद्देनज़र बनाई जाएंगी नई जेलें और बैरकें

जेलों को और अधिक सुरक्षित बनाने के लिए ए.आई. आधारित और अत्याधुनिक तकनीक अपनाने पर ज़ोर

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़।** पंजाब के जेल मंत्री स. लालजीत सिंह भुल्लर ने सूबे की जेलों को और अधिक सुरक्षित बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित और अत्याधुनिक तकनीक अपनाने पर ज़ोर दिया है। यहां जेल विभाग के उच्च अधिकारियों और राज्य की सभी जेलों के अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि जेलों को पूरी तरह अपराध मुक्त करने और मोबाइल जैसे उपकरणों की पूरी तरह रोकथाम के लिए नवीनतम तकनीक की प्रमुख आवश्यकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जेलों में उन्नत निगरानी उपकरण लगाने के लिए तुरंत कार्रवाई की जाए। स. लालजीत सिंह भुल्लर ने कहा कि वह जेल विभाग के लिए ज़रूरी फंडों के लिए मुख्यमंत्री स.भगवंत सिंह मान से जल्द मुलाकात करेंगे और जेलों के आधुनिकीकरण और वहां बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए फंडों की कोई कमी नहीं आने देंगे। जेलों में कैदियों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में नई जेलों के निर्माण के साथ-साथ नई बैरकें भी बनाई जाएंगी।

जेलों को सुरक्षा और सुविधाओं के मामले में बेहतर बनाकर जेल प्रणाली में सुधार करने की मान सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए स. लालजीत सिंह भुल्लर ने जेल अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि वे जेलों को पूरी तरह अपराध मुक्त करने के लिए तत्परता से काम करें। उन्होंने कहा कि जेलों में विभिन्न उत्पाद तैयार किए जाएं ताकि जेलों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया जा सके। इसी प्रकार कैदियों और हवालातियों को बुनियादी सुविधाएं देने के साथ-साथ उनके लिए बनाई गई भलाई योजनाओं को पूरी तरह लागू किया जाए।

विस्तृत समीक्षा बैठक के दौरान स. लालजीत सिंह भुल्लर ने जेलों के ढांचे में सुधार के लिए चल रहे प्रोजेक्टों, मौजूदा चुनौतियों के समाधान के लिए रणनीतियों, बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण, स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं में सुधार, अंतर-विभागीय संचार सुधार और पुनर्वास कार्यक्रमों को और बेहतर बनाने पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कैदियों के पुनर्वास के उद्देश्य से कौशल विकास कार्यक्रमों और व्यावसायिक प्रशिक्षण उपायों पर ज़ोर दिया ताकि कैदियों को अपराध की दुनिया से दूर करके समाज की मुख्य धारा में शामिल किया जा सके।

जेल अधीक्षकों ने अपनी-अपनी जेलों से संबंधित चुनौतियां, जैसे कि कैदियों और हवालातियों की बढ़ती संख्या, स्टाफ और संसाधनों की कमी आदि साझा कीं। कैबिनेट मंत्री ने आश्वासन दिया कि सरकार जेल प्रबंधन में सुधार के लिए दीर्घकालिक उपाय लागू करने के साथ-साथ इन समस्याओं के समाधान के लिए तुरंत कार्रवाई करेगी। जेल मंत्री ने कैदियों के शैक्षिक कार्यक्रमों के विस्तार, निगरानी और प्रशासनिक कार्यों के लिए तकनीक के उपयोग को बढ़ावा देने और मानसिक स्वास्थ्य एवं तंदुरुस्ती से संबंधित पहलों को प्रोत्साहित करने की योजनाओं की भी रूपरेखा तैयार की।

## निर्वाचन आयोग ने पंजाब की चार विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव का कार्यक्रम किया जारी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्य चुनाव अधिकारी सिबिन सी ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग ने पंजाब के चार निर्वाचन क्षेत्रों 10-डेरा बाबा नानक, 44-चब्बेवाल (एस.सी.), 84-गिद्दड़बाहा और 103-बरनाला के लिए उपचुनाव का कार्यक्रम जारी कर दिया है। अधिक जानकारी देते हुए सिबिन सी ने बताया कि चुनावों के लिए गजट अधिसूचना 18 अक्टूबर, 2024 को जारी की जाएगी और नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी। उन्होंने बताया कि नामांकन भरने की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर होगी, और नामांकन पत्रों की जांच 28 अक्टूबर (सोमवार) को की जाएगी, जबकि नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर (बुधवार) है। सिबिन सी ने बताया कि 13 नवंबर को मतदान होगा और 23 नवंबर को मतगणना के बाद परिणाम घोषित किया जाएगा। उपचुनाव संपन्न होने की अंतिम तिथि 25 नवंबर है। उन्होंने बताया कि मतदान का समय सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। सिबिन सी ने बताया कि 18 से 25 अक्टूबर तक सार्वजनिक छुट्टियों को छोड़कर, बाकी सभी निर्धारित दिनों में संबंधित रिटर्निंग अधिकारियों के पास सुबह 11 बजे से शाम 3 बजे तक नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकते हैं। उल्लेखनीय है कि नामांकन पत्र फॉर्म 2क में भरे जाने हैं। वर्णनीय है कि खाली फॉर्म संबंधित रिटर्निंग अधिकारी के पास उपलब्ध हैं। टाइप किए गए नामांकन पत्र भी स्वीकार किए जाएंगे, बशर्ते वे निर्धारित प्रारूप में हों। उन्होंने कहा कि तीसरे शनिवार यानी 19 अक्टूबर, 2024 को नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट, 1881 के तहत छुट्टी नहीं है। इसलिए 19 अक्टूबर, 2024 को नामांकन पत्र रिटर्निंग अधिकारी के पास भरे जा सकते हैं। उन्होंने आगे बताया कि 20 अक्टूबर, 2024 को रविवार होने के कारण नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट, 1881 के तहत छुट्टी रहेगी। इसलिए इस दिन नामांकन पत्र दाखिल नहीं किए जा सकेंगे। मुख्य चुनाव अधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 15 अक्टूबर, 2024 (मंगलवार) को उपचुनाव की घोषणा के साथ ही चार जिलों - गुरदासपुर, होशियारपुर, श्री मुक्तसर साहिब और बरनाला में आचार संहिता लागू हो गई है, जो कि चुनाव प्रक्रिया के संपन्न होने अर्थात 25 नवंबर, 2024 तक लागू रहेगी।

## भगवान वाल्मीकि जी की शिक्षाओं पर चलना समय की अहम ज़रूरत: हरपाल सिंह चीमा



भगवान वाल्मीकि जी के प्रकट दिवस पर कैबिनेट मंत्री दिड़बा में हुए नतमस्तक, संगतों को दी बधाई

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़/दिड़बा।** भगवान वाल्मीकि जी के प्रकट दिवस के मौके पर पंजाब के कैबिनेट मंत्री हरपाल सिंह चीमा दिड़बा में भगवान वाल्मीकि मंदिर में नतमस्तक हुए और संगतों को बधाई । इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि भगवान वाल्मीकि जी के प्रकट दिवस के अवसर पर आपसी भाईचारे को और मजबूत करने का प्रण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान वाल्मीकि जी की शिक्षाओं पर चलना समय की अहम आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी ने शिक्षा के अधिकार पर ज़ोर दिया, इसलिए शिक्षा को ज्यादा से ज्यादा अपनाकर बराबरी और भाईचारे का प्रकाश फैलाने का प्रयास करना चाहिए।

कैबिनेट मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा आज भगवान वाल्मीकि जी का प्रकट दिवस पूरे जोश, श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है, और विधानसभा क्षेत्र दिड़बा के विभिन्न गाँवों में संगतें पूरी श्रद्धा और सम्मान के साथ प्रकट दिवस मना रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भगवान वाल्मीकि जी की शिक्षाओं के और प्रचार और प्रसार की ज़रूरत है, ताकि उनके द्वारा दिया गया संदेश हर घर तक पहुँच सके। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री को संगतों द्वारा विभिन्न गाँवों में सम्मानित भी किया गया।

72 शिक्षकों को ट्रेनिंग के लिए फिनलैंड भेजे जाने पर शिक्षा मंत्री ने कहा-

## पंजाब की शिक्षा व्यवस्था के लिए मील का पत्थर साबित होगी यात्रा

पिछले ढ़ाई साल में पंजाब की शिक्षा व्यवस्था काफी बेहतर हुई, आज हर गांवों और शहरों में लोग शिक्षा क्रांति की बातें कर रहे हैं

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़।** पंजाब के सरकारी स्कूलों के 72 शिक्षकों को ट्रेनिंग के लिए फिनलैंड भेजे जाने पर शिक्षा मंत्री हरजोत बैंस ने कहा कि पिछले ढ़ाई साल से पंजाब की शिक्षा व्यवस्था काफी बेहतर हुई है। आज पंजाब की शिक्षा क्रांति की बातें लोग हर गांवों और शहरों में कर रहे हैं।


उन्होंने कहा कि 2022 से पहले लगभग 8000 से ज्यादा सरकारी स्कूलों में बाउंड्री नहीं थी। हमने उन सभी स्कूलों में करीब 1400 किलोमीटर लंबी बाउंड्री कराई। वहीं 10,000 से ज्यादा नए क्लासरूम बनवाए और बच्चों की पढ़ाई के लिए डेस्क मुहैया कराए। पहले पंजाब के सरकारी स्कूलों में करीब एक लाख बच्चे नीचे जमीन पर बैठकर पढ़ाई करते थे क्योंकि फर्नीचर नहीं था। हमने इस समस्या को दूर किया। वहीं 1400 स्कूलों में लड़कियों के लिए बाथरूम नहीं थे। हमने उसे भी बनवाया। उन्होंने कहा कि स्कूल ऑफ एमिनेंस के साथ-साथ पंजाब के सभी सरकारी स्कूलों में और भी काफी काम हो रहे हैं। 18,000 स्कूलों में वाई-फाई लगाए गए हैं। स्कूलों में सिक्योरिटी गार्ड और कैंपस मैनेजर रखे गए हैं। आप सरकार से पहले सरकारी स्कूलों को सफाई के लिए एक रुपया भी नहीं मिलता था। अब 3000 से लेकर 50,000 महीना तक मिल रहा है।

इन सबके बावजूद अच्छी शिक्षा के लिए सबसे जरूरी है अध्यापकों की ट्रेनिंग। पंजाब के सभी स्कूल ऑफ एमिनेंस और अन्य स्कूलों के प्रिंसिपलों को हमने सिंगापुर से ट्रेनिंग दिलवाई। 202 प्रिंसिपलों को हम अब तक सिंगापुर भेज चुके है। 152 हेडमास्टर अहमदाबाद से ट्रेंड हैं। अब 72 शिक्षकों को ट्रेनिंग के लिए फिनलैंड भेज रहे हैं। इसके लिए पिछले महीने पंजाब के शिक्षा विभाग का फिनलैंड की टुर्कु यूनिवर्सिटी से ट्रेनिंग को लेकर समझौता हुआ था। एमओयू दिल्ली में फिनलैंड के एंबेसडर की हाजिरी में हुआ।

## भगवान वाल्मीकि जी की शिक्षाएं व सिद्धांत समाज में समानता का संदेश देते हैं: लाल चंद कटारूचक

भगवान श्री वाल्मीकि जी के प्रकाश पर्व पर आयोजित समारोह में कैबिनेट मंत्री हुए शामिल

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़/पठानकोट।** पंजाब के कैबिनेट मंत्री लाल चंद कटारूचक ने आज भगवान श्री वाल्मीकि जी के प्रकट दिवस पर वाल्मीकि चौक में आयोजित विशेष समारोह में भाग लिया और भगवान वाल्मीकि जी की प्रतिमा को नमन किया। वह इस अवसर पर आयोजित हवन में भी शामिल हुए।

पंजाब के कैबिनेट मंत्री लाल चंद कटारूचक ने कहा कि भगवान वाल्मीकि जी की शिक्षाएं और सिद्धांत समाज में समानता और सर्वसमावेशिता का संदेश देने वाले हैं। उन्होंने लोगों से भगवान वाल्मीकि जी के सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भगवान वाल्मीकि जी महाराज विश्व के पहले कवि या आदि कवि थे, जिन्होंने अपनी महान रचना रामायण के माध्यम से बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया। उन्होंने यह भी कहा कि यह पवित्र ग्रंथ सदियों से लोगों को जीवन जीने की राह सिखा रहा है और लोगों के लिए नैतिक जीवन का प्रकाशस्तंभ रहा है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन न केवल भगवान वाल्मीकि जी महाराज के दर्शन को फैलाने में सहायक होते हैं, बल्कि हमारी युवा पीढ़ी को उनके द्वारा दिखाए गए नैतिक मूल्यों के मार्ग पर चलने के लिए भी प्रेरित करते हैं। उन्होंने भगवान वाल्मीकि जी की विरासत को बनाए रखने के लिए हर साल ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने के लिए आयोजकों को बधाई दी।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री पंजाब श्री लाल चंद कटारूचक जी को आयोजकों द्वारा भगवान वाल्मीकि जी की यादगारी तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया गया। उन्होंने वाल्मीकि चौक के आधुनिकीकरण के लिए नगर निगम से 5 लाख रुपये की ग्रांट देने की घोषणा भी की।

## गुरदासपुर में आधा किग्रा हेरोइन बरामद

**जालंधर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब के गुरदासपुर जिले के गांव गुरचक से 16 अक्टूबर को पकड़े गये दो हेरोइन तस्करों के खुलासे पर कार्रवाई करते हुए आधा किलोग्राम हेरोइन बरामद की है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि पंजाब पुलिस के सहयोग से बीएसएफ ने गुरुवार सुबह कस्सोवाल बल्ज क्षेत्र में रावी नदी के पास एक संयुक्त तलाशी अभियान चलाया। सुबह करीब 07:15 बजे, टीम ने संदिग्ध हेरोइन का एक पैकेट (कुल वजन-500 ग्राम) सफलतापूर्वक बरामद किया। पैकेट को पीले रंग के चिपकने वाले टेप में लपेटा गया था। दोनों संदिग्ध तस्करों को उनके संबंधों और अन्य घटनाओं में संलिप्तता के बारे में आगे की जांच के लिये पुलिस स्टेशन डेरा बाबा नानक को सौंप दिया गया है।

भगवंत मान सरकार का दिवाली का तोहफा

## सहकारी बैंक ने सभी बड़े कर्जों पर एक महीने के लिए कोई प्रोसेसिंग फीस नहीं जाएगी

मुख्यमंत्री ने लोगों से योजना का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** पंजाब राज्य सहकारी बैंक के खाताधारकों के लिए दिवाली का तोहफा देते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने सभी बड़े कर्जों पर एक महीने के लिए प्रोसेसिंग फीस न लेने की घोषणा की है।

इसकी जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि दिवाली वह समय होता है जब लोग ख़रीदारी करते हैं और यह पेशकश बैंक के ग्राहकों को आने वाले त्योहारों को बड़े स्तर पर मनाने की सुविधा देने के लिए है। इस कदम का उद्देश्य सहकारी बैंकों में आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करना भी है। उन्होंने कहा कि शून्य प्रोसेसिंग फीस सीमित समय के लिए है और यह 15 अक्टूबर से 15 नवंबर 2024 तक लागू रहेगी। भगवंत सिंह मान ने कहा कि यह पेशकश बैंक द्वारा चंडीगढ़ में अपनी 18 शाखाओं के माध्यम से अपने ग्राहकों को व्यक्तिगत, उपभोक्ता और वाहन ऋण की सुविधा देने के लिए शुरू की गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पेशकश के तहत पंजाब राज्य सहकारी बैंक द्वारा त्योहारों के दौरान ग्राहकों को इन कर्जों पर प्रोसेसिंग फीस/शुल्क में छूट की पेशकश की जा रही है। उन्होंने कहा कि बैंक सरकारी संस्थाओं के वेतनभोगी कर्मचारियों को उनकी सामाजिक-आर्थिक ज़रूरतों को पूरा करने और घरों के लिए टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं की खरीद के लिए व्यक्तिगत और उपभोक्ता ऋण प्रदान कर रहा है। भगवंत सिंह मान ने उदाहरण देते हुए कहा कि इस बैंक से सस्ती दरों पर वाहन ऋण प्राप्त कर कोई भी परिवार अपनी सपनों की कार की सवारी का आनंद ले सकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इनमें से कोई भी ऋण लेने वाले ग्राहक को पेशकश की अवधि के दौरान व्यक्तिगत ऋण, उपभोक्ता ऋण और वाहन ऋण के लिए कोई प्रोसेसिंग शुल्क अदा नहीं करना होगा। उन्होंने कहा कि ग्राहक इस ऑफर का लाभ उठाने के लिए चंडीगढ़ स्थित पंजाब राज्य सहकारी बैंक की 18 शाखाओं में से किसी से भी संपर्क कर सकते हैं। भगवंत सिंह मान ने सहकारी क्षेत्र को मजबूत करने के लिए राज्य सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराते हुए लोगों से इस योजना का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की।

## एडवोकेट धामी ने जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह का इस्तीफा किया नामंजूर

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**अमृतसर।** शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने गुरुवार को तख्त श्री दमदमा साहिब, तलवंडी साबो के जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह के इस्तीफे को नामंजूर कर दिया है। एसजीपीसी मुख्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुये एडवोकेट धामी ने कहा कि एसजीपीसी हमेशा तख्तों के जत्थेदारों का सम्मान करती आयी है और आगे भी करती रहेगी। उन्होंने कहा कि तख्त श्री दमदमा साहिब और अकाल तख्त साहिब में जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह की सेवायें सराहनीय रही हैं और समुदाय को भविष्य में भी उनकी सेवाओं की जरूरत है। एडवोकेट धामी ने जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह से अपनी सेवायें जारी रखने की अपील की।

एसजीपीसी अध्यक्ष ने कहा कि समुदाय इस समय नाजुक दौर से गुजर रहा है, क्योंकि पंथ विरोधी ताकतें लगातार सिख संस्थाओं को निशाना बना रही हैं। ऐसे समय में सभी की यह जिम्मेदारी है कि किसी भी विवाद से बचें और समुदाय के व्यापक हितों के लिये काम करें। उन्होंने कहा कि पहले से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस), भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और पंथ विरोधी ताकतें सिख संस्थाओं को तोड़ने की नीयत से आगे बढ़ रही हैं, जिसका उदाहरण एसजीपीसी को तोड़कर अलग हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का गठन और दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी में सरकार का सीधा हस्तक्षेप के अलावा तख्त श्री हजूर साहिब नांदेड़ और तख्त श्री हरमंदर जी पटना साहिब के प्रबंधन में दखलंदाजी है।


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिवादन करते हरियाणा के नवनियुक्त मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।


हरियाणा मंत्रिमंडल के शपथ लेने के बाद राष्ट्रगान करते गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ, आंध्र प्रदेश सीएम चंद्रबाबू नायडू व अन्य।


नायब सिंह सैनी मुख्यमंत्री पद गृहण करते हुए।

# मोदी के स्वागत में नायब का हाउस फुल, समर्थकों में जोश रहा फुल

## वीआईपी गेट को जबरन खुलवाया, कई बिना झलक के लौटे

समारोह समाप्त होते ही सड़कों पर लगा जाम, रोडवेज की 2000 बसों की बाजारों में लगी कतारें

सेक्टर 4/5, गीता चौक, तवा चौक पर, सेक्टर 4, मंडी ग्राउंड में भीड़ से लगा जाम

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा

**पंचकूला।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का हाउस फुल रहा। मीलों की दूरी तय कर शपथ ग्रहण समारोह में मोदी की एक झलक पाने की इच्छा कई लोगों की अधूरी रह गई। मगर समर्थकों में भी जोश फुल दिखा। हरियाणा रोडवेज की सैकड़ों बसों में सवार होकर पंचकूला पहुंचे समर्थकों से पंचकूला की शायद ही कोई सड़क ऐसी होगी जहां भीड़ ना उमड़ी हो। समारोह में 15 हजार लोगों के बैठने का प्रबंध किया गया था मगर करीब 50 हजार लोग समारोह देखने के लिए पहुंचे। समारोह स्थल के इर्द-गिर्द के अलावा मंडी ग्राउंड, यावनिका पार्क, निर्झर वाटिका पार्क समर्थकों की भीड़ से फुल दिखे। हद तो तब हो गई जब वीआईपी गेट पर सैकड़ों समर्थक वीआईपी गेट पर इक्ट्ठा हो गए। अभी हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर वीआईपी गेट से एंटर हुए ही थे कि कुछ समय बाद समर्थकों की भारी भीड़ वीआईपी गेट पर हावी हो गई।



पुलिस और बीजेपी के कई दिग्गज नेताओं ने समर्थकों को समझाने की भी बहुत कोशिश भी की मगर नहीं माने और जबरन गेट खोल कर अंदर दाखिल हो गए। किसी तरह पुलिस जवानों ने गेट को मशक्कत के बाद बंद किया लेकिन भीड़ फिर भी गेट पर भी जमा रही।

**हाउसिंग बोर्ड रोड पर यातायात जाम:** चंडीगढ़ से शहर में वीआईपी लोगों के प्रवेश के कारण हाउसिंग बोर्ड रोड पर सेक्टर 17 और 18 के आसपास की सड़क पर यातायात जाम की स्थिति देखी गई। पुलिस कर्मियों ने बैरिकेड्स और रस्सियों से यातायात को अवरुद्ध कर दिया। कई यात्री आधे घंटे से अधिक समय तक सड़कों पर फंसे रहे। दूसरों के लिए, दो सेक्टरों के बीच सामान्य पाँच मिनट की यात्रा 30 मिनट की ड्राइव में बदल गई। पुलिस विभाग ने यातायात प्रवाह और पार्किंग के लिए पहले से ही दिशा-निर्देश जारी कर दिए थे।

### माजरी चौक और कालका-जीरकपुर रोड जाम



सुबह और दोपहर के समय माजरी चौक और कालका-जीरकपुर रोड जाम रहा, जबकि हाउसिंग बोर्ड रोड पर वीआईपी मूवमेंट शुरू होने के कारण वाहन सड़कों पर फंसे रहे। यात्रियों को सेक्टर-5 के आसपास के इलाकों से बचने और रास्ता बदलने के लिए दिशा-निर्देश जारी करने के बावजूद, पंचकूला पुलिस शहर में सुचारू आवागमन सुनिश्चित करने में विफल रही। कार्यक्रम में भारी भीड़ उमडने की उम्मीद के चलते राज्य सरकार ने उपस्थित लोगों को शहर तक पहुंचाने के लिए राज्य भर से 2000 से अधिक बसें मंगवाई थीं। झज्जर, कुरुक्षेत्र, गुरुग्राम, सोनीपत, कैथल और अन्य क्षेत्रों से बसें आईं। सेक्टर-1 में रेड बिशप टूरिस्ट कॉम्प्लेक्स के पास वाहनों की पार्किंग के कारण सुबह के समय थोड़ी भीड़भाड़ हुई, लेकिन एमडीसी क्षेत्र के पास पहरा दे रहे पुलिस अधिकारियों ने वाहनों को सड़कों से हटाने के लिए यातायात को पुनर्निर्देशित किया।

### बरवाला से शहर पहुंचे, माजरी चौक पर जाम में फंसे

पानीपत, यमुनानगर, नारायणगढ़ और कुरुक्षेत्र समेत अन्य जगहों से आने-जाने वाले लोग बरवाला से शहर पहुंचे, लेकिन सेक्टर-1 से सटे माजरी चौक के पास जाम में फंस गए। वाहनों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए डीएसपी स्तर के अधिकारी सड़क पर खड़े रहे। एक ही सड़क से सैकड़ों बसों के प्रवेश से यातायात जाम हो गया। नतीजतन, बसों को कालका-जीरकपुर रोड की ओर मोड़ दिया गया, ताकि वे सेक्टर-2 की ओर यू-टर्न लेकर कार्यक्रम स्थल तक पहुंच सकें इसके बाद जीरकपुर रोड पर भी यातायात जाम हो गया। जाम में फंसे बस चालकों ने अपने वाहन सड़क पर ही खड़े कर दिए और कार्यक्रम में शामिल होने आए लोग पैदल ही कार्यक्रम स्थल की ओर जाने लगे। कुछ लोग सिगरेट पी रहे थे, जबकि अन्य लोग सड़क किनारे खाना खा रहे थे।





## 'नायाब' मंत्रियों का सफरनामा

**अनिल विज:** अंबाला छावनी विधानसभा हलके से सातवीं बार विधायक बने अनिल विज को राजनीति का लंबा अनुभव है। दस साल के मनोहर लाल कार्यकाल में अपने बयानों को लेकर सुर्खियों में रहे हैं। मनोहर सरकार में गृह, स्वास्थ्य तथा खेलकूद विभागों में मंत्री रह चुके हैं।

**कृष्ण लाल पंवार:** इसराना से विधायक कृष्ण लाल पंवार भाजपा सरकार में दूसरी बार मंत्री बने हैं। इससे पहले मनोहर सरकार में पंवार परिवहन मंत्री रह चुके हैं। इनेलो की पृष्ठभूमि वाले पंवार कई बार विधायक व मंत्री रह चुके हैं। वर्तमान में राज्य सभा के सांसद से थे। विधायक बनने के बाद राज्यसभा से इस्तीफा दिया तो उनके मंत्री बनने की अटकलें शुरू हो गई थी।

**राव नरबीर:** दक्षिण हरियाणा की राजनीति में बड़ा नाम है। राजनीतिक रूप से केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत के विरोधी हैं। वर्ष 1987 में जाटूसाना विधानसभा हलके से चुनाव लडक़र जीते। वर्ष 1996 में चुनाव जीतकर भारत के सबसे कम उम्र के गृहराज्य मंत्री बनने का गौरव हासिल किया। लोकदल, विकास पार्टी, कांग्रेस, भाजपा, हजकां से होते हुए 2014 में भाजपा की टिकट पर बादशाहपुर से चुनाव लड़े और जीतने के बाद मनोहर सरकार में लोक निर्माण मंत्री बने। सडक़ मरम्मत के लिए हरपथ एप शुरू करके चर्चा में आ। अब चुनाव जीतकर नायब सरकार में मंत्री बने।

**महिपाल ढांडा:** पानीपत ग्रामीण विधानसभा हलके से लगातार तीसरी बार विधायक बने महिपाल ढांडा नायब सैनी सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं। लंबे समय तक संगठन में भी सक्रिय रहे। भाजपा किसान मोर्चा में अहम जिम्मेदारी निभाई। जीटी रोड बैलेट पर जाट समुदाय में युवा नेता के रूप में अच्छी पहचान है। नायब सैनी ने दूसरी बार विश्वास जताकर कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया है।

**विपुल गोयल:** विपुल गोयल वैश्य समुदाय का चर्चित चेहरा हैं। भाजपा के संगठन में लंबे समय से सक्रिय हैं। वर्ष 2014 में फरीदाबाद से विधायक बने। 3 मार्च 2015 को सबसे उंचा तिरंगा फहराने का कार्यक्रम आयोजित करके सुर्खियों में आए। वर्ष 2016 में मंत्रिमंडल विस्तार के दौरान मनोहर सरकार में उद्योग, वाणिज्य तथा पर्यावरण मंत्री बने।

**अरविंद शर्मा:** गोहाना से विधायक बनकर विधानसभा पहुंचे अरविंद शर्मा को राजनीति का लंबा अनुभव है। मूल रूप से झज्जर जिला के रहने वाले अरविंद शर्मा करनाल व रोहतक से सांसद रह चुके हैं। कांग्रेस, बहुजन समाज पार्टी में रहने के बाद वर्ष 2019 में भाजपा में शामिल हुए। हालही में हुए लोकसभा चुनाव के दौरान रोहतक से भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़ा परंतु हार गए। इसके बाद भाजपा ने गोहाना से विधानसभा चुनाव लड़वाया और यहां से जीत गए।

**श्याम सिंह राणा:** रादौर से भाजपा की टिकट पर चुनाव जीतकर विधायक बने श्याम सिंह राणा मनोहर लाल सरकार में खेल विभाग के मुख्य संसदीय सचिव रह चुके हैं। वर्ष 2009 से भाजपा की राजनीति में सक्रिय श्याम सिंह राणा ने 2019 में टिकट कटने से नाराज होकर भाजपा छोडक़र इनेलो ज्वाइन की। इनेलो ने इस चुनाव में उन्हें प्रत्याशी भी घोषित कर दिया था लेकिन नायब सैनी से मित्रता के चलते ऐन मौके पर टिकट लौटाकर भाजपा में शामिल हुए और चुनाव जीतने के बाद आज मंत्री बन गए।

**रणबीर गंगवा:** बरवाला से विधायक का चुनाव जीतकर पहुंचे रणबीर गंगवा वर्ष 2019 में नलवा से चुनाव जीतकर मनोहर सरकार में विधानसभा के डिप्टी स्पीकर रह चुके हैं। इससे पहले इनेलो में रहते हुए वह विधायक व राज्य सभा के सांसद भी रह चुके हैं।

**कृष्ण बेदी:** कृष्ण बेदी भाजपा का दलित चेहरा हैं। वर्ष 2014 में शाहबाद से चुनाव जीतकर मनोहर सरकार में राज्य मंत्री बने। वर्ष 2019 में चुनाव हारने पर पावर बैलेंस के लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने राजनीतिक सलाहकार बनाया। हालिया चुनाव में पार्टी ने हलका बदलकर जींद जिले की नरवाना सीट से लड़वाया और वहां पर जाकर कृष्ण बेदी चुनाव जीत गए।

**श्रुति चौधरी:** नायब सरकार में मंत्री श्रुति चौधरी लंबे समय तक कांग्रेस में रही। कांग्रेस की कार्यकारी अध्यक्ष पद से इस्तीफा देकर मां किरण चौधरी के साथ भाजपा में शामिल हुई। श्रुति चौधरी भिवानी-महेंद्रगढ़ से सांसद रह चुकी हैं। पहली बार विधायक बनने के बाद मंत्री बनने में कामयाब रही। चुनाव के दौरान चचेरे भाई के साथ मुकाबला था। पूर्व सीएम बंसीलाल की राजनीतिक विरासत को अब आगे बढ़ाने के लिए सक्रिय होंगी।

**आरती राव:** आरती राव केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत की राजनीतिक उत्तराधिकारी हैं। आरती राव कड़े मुकाबले में अटेली विधानसभा सीट से चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंची हैं। लंबे समय तक अपना अलग मंच बनाकर सक्रिय रही अब नायब सरकार में मंत्री बनकर दक्षिण हरियाणा में पिता की राजनीतिक विरातस को आगे बढ़ाएंगी।

**राजेश नागर:** वर्ष 2014 में वह पहली बार भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़े, उस दौरान कांग्रेस प्रत्याशी के रुप में ललित नागर ने उन्हें पराजित किया। इसके बाद 2019 में भाजपा ने उन्हें फिर टिकट देकर चुनावी मैदान में उतारा और इस बार उन्होंने कांग्रेस विधायक ललित नागर को पराजित करके पहली जीत हासिल की। 2024 के विधानसभा चुनावों में पार्टी ने फिर उन पर विश्वास जताया और टिकट देकर चुनावी रण मे उतारा, इस बार कांग्रेस से बागी हुए ललित नागर को उन्होंने करीब 37 हजार वोटों के अंतर से हराकर जीत अर्जित की। गुर्जर समाज से ताल्लुक रखने वाले राजेश नागर को नायब सरकार-2 में राज्यमंत्री का दर्जा दिया गया है।

**गौरव गौतम:** पलवल विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के दिग्गज नेता कर्ण दलाल को हराकर विधानसभा पहुंचे गौरव गौतम भी नायब मंत्रिमंडल में जगह पाने में कामयाब हो गए हैं। एम.ए. मास कॉम पास गौरव गौतम पहली बार विधायक बने हैं। संगठन की राजनीति में सक्रिय गौरव गौतम कई मंत्रियों एवं संगठन के वरिष्ठ नेताओं के साथ काम कर चुके हैं।

# जय श्रीराम के नारों से गूंजा पंडाल

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 17 अक्तूबर।** पंचकूला के सेक्टर -5 में स्थित शालीमार ग्राउंड वीरवार को जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा। शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचे भाजपा कार्यकर्ताओं ने मोदी जी को जय श्री राम और योगी जी को जय श्रीराम के नारों से गुंजायमान कर दिया। योगी आदित्यनाथ के मंच पर पहुंचते ही कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। पहली पंक्ति में स्टेज के दाईं और कई केंद्रीय मंत्री और विभिन्न राज्यों के मुखयमंत्री बैठे थे। बीच में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके बराबर में मुखयमंत्री नायब सैनी की कुर्सी लगाई गई थी। स्टेज के बाईं तरफ मंत्रीपद की शपथ लेने वाले विधायक बिठाए गए थे। पहले नंबर पर नायब सैनी ने बतौर मुख्यमंत्री शपथ ली। इसके बाद वरिष्ठता सूची के मुताबिक सबसे वरिष्ठ नेता व सात बार जीत दर्ज करने वाले अनिल विज को शपथ दिलाई गई।



### मनोहर लाल की सादगी के सब हुए कायल

पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल स्टेज के दाईं और बैठे थे। स्टेज पर कालीन के नीचे फंसी माइक की तार हटाने के लिये वह खुद उठ गए ताकि इसमें फंस कर कोई गिर न जाए। यानि यहां भाजपा के पूरे लाव लश्कर के सामने मनोहर लाल की सादगी और शालीनता का हर कोई कायल हो गया हालांकि गृहमंत्री अमित शाह उन्हें खुद ऐसा न करने के लिये रोकते नजर आए।

### हरियाणावी गानों से मचाई धूम

पब्लिक रिलेशन की गायन टीम ने पंडाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आने से पहले खूब समा बांधा। न केवल नायब सरकार के बीते चार पांच माह के कार्यकाल की उपलब्धियां दिखाई गई बल्कि उन्होंने हरियाणवी में सरकार की तारीफ में खूब गाने गाये।

### विधायकों के लिये था अलग प्लेटफार्म

पंडाल में जहां मीडिया के बैठने की व्यवस्था थी उसके ठीक दाईं ओर चुने गये विधायकों को थोड़ा ऊंचा प्लेटफार्म बनाकर जगह दी गई थी। यहीं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की पत्नी और उनके बच्चों सहित परिवार के अन्य सदस्य पहुंचे। नायब सिंह सैनी की पत्नी से कई महिला विधायक व भाजपा नेता गले मिलती दिखाई दी। कैप्टन अमरिंदर सिंह की पत्नी व पूर्व सांसद परणीत कौर, उनके बेटी, कालका की विधायक शक्तिरानी भी मौजूद रही। इसी प्लेटफार्म पर राज्यसभा सदस्य किरण चौधरी पहुंची लेकिन चूंकि देर से पहुंची थी लिहाजा सीट नहीं मिल पाई। उन्होंने कहीं दूसरी जगह अपना ठिकाना ढूंढा। किरण चौधरी की बेटी श्रुति चौधरी ने भी बतौर मंत्री शपथ ली। इसी तरह राव इंद्रजीत की बेटी आरती राव ने भी बतौर मंत्री शपथ ग्रहण की। मंत्रियों की शपथ के दौरान मुख्य बात देखने वाली यह रही कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पास शपथ के बाद हर मंत्री पहुंचा।

## मनोहर की तरह नायब की सरकार भी उत्तरी हरियाणा पर हुई केंद्रित



हरियाणा में तीसरी बार सत्ता में आई भारतीय जनता पार्टी ने एक बार फिर से अपनी सरकार को उत्तरी हरियाणा पर केंद्रित कर लिया है। हरियाणा में दो बार सत्ता संभाल चुकी भाजपा ने वर्ष 2014 तथा 2019 में सरकार चलाते समय भी उत्तरी हरियाणा को सबसे अधिक अहमियत दी थी। गुरूवार को हरियाणा में बनी नई सरकार में अगर हरियाणा के क्षेत्रीय समीकरणों की बात की जाए तो अहीरवाल क्षेत्र से राव नरबीर व आरती राव को मंत्री बनाया गया है। बागड़ बैलेट से दो मंत्री श्रुति चौधरी और रणबीर गंगवा को नायब सैनी सरकार में मंत्री बनाया गया है। इसी प्रकार बांगर की बैलेट से कृष्ण बेदी व अरविंद शर्मा भी कैबिनेट मंत्री बने हैं। हरियाणा के अन्य हिस्सों के मुकाबले चंडीगढ़-दिल्ली जीटी रोड बेल्ट से महिपाल ढांडा, अनिल विज, कृष्ण लाल पंवार, श्याम सिंह राणा को जहां मंत्री बनाया गया है वहीं मुख्यमंत्री नायब सैनी स्वयं भी उत्तरी हरियाणा के अंतर्गत आते हलका लाडवा से हैं। भाजपा सरकार में दक्षिण हरियाणा को भी खास महत्व दिया गया है। जिसके चलते दक्षिण हरियाणा से विपुल गोयल,गौरव गौतम और राजेश नागर को मंत्री बनाया गया है।

### शपथ ग्रहण के साथ ही जारी हुआ ग्रुप सी व डी का परिणाम

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी की घोषणा के अनुसार गुरुवार को शपथ ग्रहण के साथ ही प्रदेश के 24 हजार 800 युवाओं को ग्रुप सी व डी की नौकरियां भी मिल गई। नायब सैनी ने विधायक दल का नेता बनने के बाद बुधवार को कहा था कि जनता से किए सभी वादों को निभाएंगे। आज हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा ग्रुप सी और डी की भर्तियों का परिणाम जारी करने के बाद मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि कुछ बच्चों के रिजल्ट कमीशन की तरफ से तैयार हो चुके थे। जैसे ही कमीशन उन्हें जारी करने लगा तो विपक्षी दल चुनाव आयोग के पास पहुंच गए। मामला हाईकोर्ट में चला गया और उस पर रोक लग गई। सैनी ने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान ऐलान किया था कि सबसे पहले उन बच्चों को जॉइनिंग लेटर देंगे। आज भाजपा ने युवाओं के साथ किए गए वादे को पूरा कर दिया है। गुरुवार को नायब सैनी के शपथ ग्रहण समारोह के कुछ समय बाद ही हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने ग्रुप-सी और डी की भर्ती परीक्षा का रिजल्ट घोषित कर दिया है। नतीजे आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किए गए हैं। भर्ती परीक्षा में शामिल अभ्यर्थी रजिस्ट्रेशन नंबर और रोल नंबर की मदद से अपने नतीजे चेक कर सकते हैं। विभिन्न विभागों में कुल 24,800 पदों पर भर्तियों के लिए परीक्षा का आयोजन किया गया था।

### सरकार में अब स्पीकर व डिप्टी स्पीकर के लिए होगी लॉबिंग

हरियाणा में तीसरी बार सत्ता में आई भारतीय जनता पार्टी ने एक ही झटके में सरकार का गठन करके मंत्रियों के सभी पद भर दिए हैं। 90 विधायकों वाली हरियाणा विधानसभा में किसी भी राजनीतिक दल को सरकार बनाने के लिए 46 सीटों पर जीत की जरूरत होती है। भाजपा को इस बार 48 सीटों पर जीत हासिल हुई है। इसके अलावा तीन निर्दलीय विधायकों द्वारा लिखित में समर्थन दिए जाने के बाद विधानसभा में भाजपा समर्थित विधायकों की संख्या 51 हो गई है। इसी के आधार पर हरियाणा में मुख्यमंत्री समेत मंत्रियों कुल संख्या 14 तक हो सकती है। मनोहर सरकार के पहले व दूसरे कार्यकाल के दौरान मंत्रियों के कुछ पद खाली रखने की परंपरा रही है। जिन्हें बाद में राजनीतिक समीकरणों के अनुसार भरा जाता है, लेकिन इस बार नायब सैनी सरकार के गठन के समय पहले ही शपथ ग्रहण समारोह में सभी 14 पदों को भर दिया गया है। भाजपा में अब केवल स्पीकर तथा डिप्टी स्पीकर का पद रिक्त बचा है। भाजपा सरकार में मंत्री बनने से चूके विधायक अब इन पदों के लिए लॉबिंग करेंगे।

# शपथ ग्रहण से पहले नाडा साहिब व मनसा देवी में नतमस्तक हुए सैनी

वाल्मीकि जयंती पर पंचकूला के वाल्मीकि मंदिर में टेका माथा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 17 अक्तूबर।** हरियाणा के कार्यवाहक मुख्यमंत्री एवं भाजपा विधायक दल के नेता नायब सैनी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने से पहले नाडा साहिब व मनसा देवी माथा टेकने पहुंचे। नायब सैनी ने पंचकूला के वाल्मीकि मंदिर में माथा



टेकने के बाद प्रदेश वासियों को महर्षि वाल्मीकि की शिक्षाओं को अपने जीवन में लागू करने का आह्वान भी किया।

नायब सैनी के साथ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली तथा सैनी की पत्नी सुमन सैनी व स्थानीय नेता मौजूद थे। नायब सैनी पंचकूला के सेक्टर-12 स्थित वाल्मीकि मंदिर में माथा टेकने के बाद ऐतिहासिक गुरूद्वारा नाडा साहिब पहुंचे। यहां अरदास के बाद वह माता मनसा देवी गए। यहां पूजा-अर्चना के बाद नायब सैनी ने कहा कि हरियाणा प्रदेश में सुख-समृद्धि व खुशहाली रहे इसी उद्देश्य के साथ वह आज नई जिम्मेदारी संभालने से पहले माता के दरबार में पहुंचे हैं। मां के चरणों में शीष निवाकर नई दिशा के साथ काम करने का प्रयास करेंगे।



इससे पहले वाल्मीकि जयंती के अवसर पर पंचकूला के सेक्टर-12 स्थित वाल्मीकि मंदिर में पूजा-अर्चना करने पहुंचे नायब सैनी ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान महापुरुषों के जन्मदिन मनाने की जो परंपरा शुरू की है उसका तीसरे कार्यकाल में आगे बढ़ाते हुए विस्तार किया जाएगा। नायब सैनी ने कहा कि भगवान वाल्मीकि की शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं। जिन्होंने रामायण की रचना करके समूची मानवता को मर्यादा का पाठ पढ़ा पढ़ाया। भगवानी वाल्मीकि ने समाज को नया रास्ता दिखाने का काम किया है।

# ताज विहीन हो गई राजा कर्ण की नगरी करनाल

## दस साल बाद छिना सीएम सिटी का ताज, नहीं मिला मंत्री पद

**हर किसी ने करनाल का उपभोग किया मतलब निकला तो हांशिए पर खड़ा कर दिया**




अर्थ प्रकाश /शैलेंद्र जैन

**करनाल।** नई सरकार के गठन के साथ ही करनाल जिले को भारी नुक्सान हुआ हैं। करनाल के लोगों की आशाओं पर पानी फिर गया हैं। करनाल के सिर से सीएम सिटी कास ताजतो छिन गया ही साथ ही करनाल प्रदेश सरकार के मंत्रि मंडल से बाहर हो गया। पिछले साढ़े छह दशक से करनाल जिला उपेक्षा और पक्षपात का दंश सहन कर रहा था। पहले जब करनाल सीएम सिटी नहीं था तब यह दर्द था कि करनाल का कोई बर्ली वारिस नहीं हैं। जब 2014 को करनाल हलके से निर्वाचित मनोहर लाल साढ़े नौ साल तक विधायक रहे उस समय सबका साथ सबका विकास हरियाणा एक हरियाणावी एक के कारण मनोहर लाल करनाल को स्पेशल दर्जा नहीं दिला सके। छह माह तक जरूरत के कारण मनायाब सिंह सैनी करनाल से विधायक रहे क्योंकि उनके सामने कोई विकल्प नहीं बचा था। करनाल कए राजनीतिक पिकनिक स्पोट बन कर रह गया है । जब तक करनाल की जरूरत रहती है करनाल में रहते हैं।

जरूरत पूरी होने पर करनाल को हाशिए् पर लाकर खड़ा कर दिया जाता ळैं। करनाल के बारह लाख लोगों को आशा थी कि करनाल को सरकार में भागीदारी मिलेगी। साथ लगते पानीपत जिले से दो विधायकों को मंत्री बना दिया। करनाल में सरकार की गाड़ी नहीं सुकी। बिना ताज के करनाल को रहना पड़ेगा। करनाल के साथ लगते कुरुक्षेत्र अंबाला और पानीपत को सत्ता में भगीदारी मिल गई। एक पूर्व मुख्यमंत्री की भाषा में कहा जाएतो करनाल के लोग निपट भोले हैं चाहे जिसको कुछ भी बना देते ळैं। अना भला बुरा नहीं देखते। करनाल जिले को कब तक बिना ताज के रहना पड़ेगा। यह कहना असंभव हैं। करनाल के पांडप अर्थात पांच विधायक करनाल के हितों की रक्षा कर पाते हैं। यह तो समय बताएगा।

# नायब जी के दूसरी बार मुख्यमंत्री बनने पर पूरे प्रदेश की जनता में खुशी की लहर : पुनीत राई

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**राई।** जिला उपाध्यक्ष एवं निगम पार्षद पुनीत राई ने नायब सिंह सैनी को एक बार फिर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनने पर बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नायब सैनी के नेतृत्व में प्रदेश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर होगा और हलके में विकास की गंगा बहेगी। नायब जी के दूसरी बार मुख्यमंत्री बनने पर पूरे प्रदेश की जनता में खुशी की लहर है। उन्होंने जनता को बधाई देते हुए कहा कि जनता ने नायब सैनी के करीब दो माह का कार्यकाल देखा है। जिस तरह से मुख्यमंत्री नायब सैनी ने दो माह में ही प्रदेश की जनता के लिए अनेक फैसले लिए हैं अब उन्हें आगे बढ़ाते हुए प्रदेश की जनता की भलाई के लिए काम किया जाएगा।

जनता ने हरियाणा में एक बार फिर भाजपा को आशीर्वाद देकर विकास की राह चुनी है। बता दें कि आज गुरुवार को पंचकूला स्थित सेक्टर-5 के दशहरा ग्राउंड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गरिमामयी उपस्थिति में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। इसके साथ ही मंत्रीमंडल ने भी शपथ ग्रहण की। जिसे लेकर प्रदेश जनता में भारी उत्साह देखने को मिला। पचंकूला में आयोजित भव्य शपथ ग्रहण समारोह के दौरान कलाकारों ने हरियाणा की लोक संस्कृति की छटा बिखेरी। इस दौरान देश के विभिन्न राज्यों से मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री, वरिष्ठ मंत्री व राजनेताओं की उपस्थिति रही। प्रदेश के सभी अंचलों से गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

# नई सरकार बनने के साथ ही रोडवेज यूनियन ने दोहराई पुरानी मांगें

**कैथल (अप्रस)।** रोडवेज कर्मचारी यूनियन हरियाणा का 17वां राज्य स्तरीय सम्मेलन अग्रसेन धर्मशाला कैथल में हुआ। सम्मेलन के अध्यक्ष कामरेड निर्मल सिंह, कामरेड बेंचूगिरी, एमएल सहगल राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्मचारी परिसंघ, निहाल सिंह मथाना और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एटक पहल सिंह तंवर, उपाध्यक्ष एटक निशान सिंह, राज्य प्रधान हरियाणा कर्मचारी महासंघ आदि नेताओं ने भाग लिया। मंच का संचालन राज्य महासचिव जयवीर घनघस ने किया। सम्मेलन में रोडवेज कर्मचारी यूनियन हरियाणा के सभी डिपो और सब डिपो के पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। सभी डिपो और सब डिपो से 250 डेलीगेट्स साथियों ने भी भाग लिया। निर्णय लया गया कि डेलीगेट्स साथी मिल कर नई कारणी को चुनेंगे। हरियाणा कर्मचारी महासंघ में राज्य के नेता दिलबाग सिंह, कृष्ण किछाना, फूल कुमार, जय प्रकाश चौहान ने संयुक्त रूप से कहा कि प्रदेश में आज ही नव नियुक्त सरकार बनी है। हम सरकार से आशा रखते हैं कि रोडवेज विभाग में कर्मचारियों की जायज मांगें जो अधूरी पड़ी हैं उन सभी मांगों को पूरा करे।

# उत्तराखंड की 24वें वर्ष में 24 गुना बढ़ी जीएसडीपी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**देहरादून।** 24 वर्षों की विकास यात्रा में उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था ने लंबी छलांग लगाई है। आज अर्थव्यवस्था का आकार 24 गुना बड़ा है। इसी प्रकार प्रति व्यक्ति आय 17 गुना बड़ी है। इससे साफ है कि उत्तराखंड राज्य में विकास का पहिया तेजी से घूम रहा है।

दो दशक दस माह के कालखण्ड में तमाम उतार चड़ावों का सामना करते हुए उत्तराखंड ने हार नहीं मानी है। पहाड़वासियों के पहाड़ जैसे हौसले ने विकास की रफ्तार धीमी नहीं पड़ने दी। आज राज्य की अर्थव्यवस्था (जीएसडीपी) लगातार सुधार की ओर है। अर्थव्यवस्था का बड़ता आकार राज्य की समृद्धि को बयां कर रहा है।

आंकड़ों पर नजर दौडाएं तो पता चलता है कि उत्तराखंड राज्य गठन के वक्त यानी वर्ष 2000 में अर्थव्यवस्था का आकार रु14501 करोड़ था, जो 2023-24 में बड़कर रु 346000 करोड़ रुपये हो चुका है। इसमें पर्यटन क्षेत्र का अहम योगदान रहा है। दो वर्ष पूर्व जीएसडीपी में पर्यटन सेक्टर की भागीदारी 37 प्रतिशत थी, जो अब बड़कर 43.7 प्रतिशत हो गई है।

इसी प्रकार प्रति व्यक्ति आमदनी भी बड़कर रु02लाख 60 हजार हो चुकी है। जबकि वर्ष 2000 में प्रति व्यक्ति आय रु15285 थी। पिछले दो वर्षों के आंकड़ों पर ही नजर डालें तो राज्य की प्रति व्यक्ति आय में 26 प्रतिशत वृद्धि हुई है।

राज्य में विकास के रफ्तार पकड़ने से बजट में भी बीस गुना बड़ोतरी हुई है। राज्य गठन के समय वर्ष 2000 में उत्तराखंड का बजट रु4500 करोड़ के करीब था। जबकि वर्ष 24-25 के लिए कुल रु94 हजार करोड़ से अधिक बजट का प्रावधान किया गया है। इसमें रु89230.07 आम बजट और रु5013.05 अनुपूरक बजट की धनराशि शामिल है।

# उत्तर प्रदेश हरियाणा बढ़ा रहे दिल्ली में वायु प्रदूषण : आप

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी(आप) ने बुधवार को कहा कि सर्दियों के मौसम में दिल्ली में बड़ने वाले वायु प्रदूषण के पीछे असली कारण पड़ोसी राज्य हरियाणा और उत्तर प्रदेश हैं।

'आप' के वरिष्ठ नेता जस्मीन शाह ने आज कहा, 'पूरे भारत में केवल श्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में काम रही आम आदमी पार्टी की दिल्ली और पंजाब की सरकारें ही जनता को प्रदूषण से राहत दिला रही हैं। पिछले तीन दिनों से दिल्ली का एक्यूआई 200 को पार कर गया है जोकि खराब श्रेणी है। इसका एक मुख्य कारण पराली है। पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में पराली जलाए जाने के कारण उसका प्रदूषण दिल्ली में आता है।'

श्री शाह ने कहा कि केंद्र सरकार के भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान(आईएआरआई) के एक से 14 अक्टूबर तक के आंकड़ों के अनुसार, 2023 में पंजाब में 1105 पराली जलाने की घटनाएं सामने आई लेकिन 2024 में ये घटनाएं घटकर 811 हो गई हैं। हरियाणा में 2023 में एक से 14 अक्टूबर के बीच पराली जलाए जाने की 341 घटनाएं हुई थीं, जो इस साल इसी समय सीमा में बड़कर 417 हो गई। उत्तर प्रदेश में पिछले साल एक अक्टूबर से 14 अक्टूबर के बीच पराली जलाए जाने की 244 घटनाएं हुई थीं, जो इस साल बड़कर 417 हो गई हैं। जब से पंजाब में 'आप' सरकार आई है, वहां पराली जलाए जाने की घटनाएं लगातार कम हो रही हैं।

उन्होंने कहा कि पराली केवल एकमात्र मुद्दा नहीं है जिससे दिल्ली में प्रदूषण आता है। केंद्र सरकार की एजेंसी इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रॉपिकल मेट्रोलॉजी के डेटा के मुताबिक, दिल्ली के अंदर जो प्रदूषण है, उसमें से केवल एक तिहाई दिल्ली के अंदर उत्पन्न होता है। दो तिहाई प्रदूषण दिल्ली के बाहरी राज्यों से आता है, जिसमें हरियाणा, उत्तर प्रदेश भी शामिल हैं। केवल दिल्ली में काम करने से दिल्ली में प्रदूषण कम नहीं होगा। इसके लिए केंद्र सरकार, हरियाणा सरकार और उत्तर प्रदेश की सरकार को भी काम करना होगा।

उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों में दिल्ली सरकार ने प्रदूषण कम करने के लिए कई काम किए हैं। सरकार ने दिल्ली में 2000 के करीब इलेक्ट्रिक बसें चलाई, जो पूरे देश में सर्वाधिक है। हरियाणा और उत्तर प्रदेश में इलेक्ट्रिक बसों की संख्या शून्य है। दूसरा है, थर्मल पावर प्लांट। केवल दिल्ली की सरकार है जिसने प्रदूषण के कारण अपने सारे थर्मल पावर प्लांट बंद कर दिए हैं जबकि हरियाणा और उत्तर प्रदेश ने ऐसा कोई कदम नहीं उठाया है।

# भाजपा ने उपचुनाव की तारीख 13 नवम्बर के स्थान पर 20 नवम्बर को किए जाने हेतु किया मुख्य चुनाव अधिकारी से संपर्क

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम

**लखनऊ ।** भारतीय जनता पार्टी प्रतिनिधि मंडल ने गुरुवार को चुनाव आयोग से भेंट की। प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला, संजय राय, रामप्रताप सिंह चौहान तथा चुनाव आयोग सम्पर्क विभाग के प्रदेश संयोजक अखिलेश कुमार अवस्थी ने कार्तिक पूर्णिमा पर्व के दृष्टिगत मतदान तिथि में परिवर्तन के लिए चुनाव आयोग को पत्र सौंपा।

भाजपा प्रतिनिधि मंडल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को संबोधित पत्र अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी को

सौंपते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में उपचुनाव की तिथि 13 नवम्बर घोषित की गई है। जबकि 15 नवम्बर को कार्तिक पूर्णिमा का स्नान पर्व है। सर्वविदित है कि उत्तर प्रदेश में कार्तिक पूर्णिमा के स्नान पर्व एवं पूजन का विशेष महत्व है। बड़ी संख्या में जनमानस कार्तिक पूर्णिमा के स्नान एवं पूजन करने के लिए जाते है।

गौरतलब है कि कुन्दरकी, मीरापुर, गाजियाबाद तथा प्रयागराज में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मेला में प्रतिभाग एवं पूजन के लिए तीन-चार दिन पूर्व ही लोग पहुंच जाते है। कार्तिक पूर्णिमा के कारण बहुसंख्यक मतदाता मतदान से वंचित रह सकते है।

प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि चुनाव आयोग शत् प्रतिशत मतदान के लिए संकल्पित है। ऐसी स्थिति में कार्तिक पूर्णिमा के कारण उपचुनाव में मतदान प्रतिशत कम हो सकता है। इसलिए उपचुनाव की तारीख 13 नवम्बर 2024 के स्थान पर 20 नवम्बर 2024 किया जाना समीचीन होगा।

# नीतीश से नहीं संभल रहा बिहार : तेजस्वी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पटना।** बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने आज कहा कि वह व्यक्तिगत रूप से मुख्यमंत्री एवं जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार का सम्मान करते हैं लेकिन अब उनसे प्रदेश चलने वाला नहीं है, थक चुके हैं, जो स्थिति बिहार में है अब उनसे नहीं संभल रहा है।

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के वरिष्ठ नेता श्री यादव ने बुधवार को बांका में अपनी पार्टी की ओर से आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए कहा कि बिहार में अफसरशाही चरम पर है। चुनाव होता है जनता अपना प्रतिनिधि चुनती है लेकिन बिहार में पूरी तरह से अफसरशाही है, जो भी ट्रांसफर पोस्टिंग होता है बिहार में कैसे होता है प्रदेश के सभी लोग जानते हैं।

प्रतिपक्ष के नेता ने केंद्र की मोदी सरकार पर हमला बोला और कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के पास कोई उपलब्धि नहीं है, जब कोई उपलब्धि ही नहीं है तो फिर ये लोग नफरत फैला रहे हैं। नफरत फैला कर वोट लेते हैं। चुनाव के पहले कहते हैं बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देंगे... चुनाव के बाद ठेंगा दिखा देते हैं। उन्होंने कहा कि बिहार की आरक्षण सीमा 75 प्रतिशत को नौवीं अनुसूचि में नहीं डाल पाए। केंद्र की सरकार आरक्षण विरोधी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री कुमार प्रधानमंत्री मोदी के साथ केंद्र सरकार में हैं। अभी श्री कुमार इतनी ताक़त रखते हैं कि सरकार को गिरा सकते हैं। राजद नेता ने स्मार्ट मीटर को लेकर कहा कि देश में सबसे महंगी बिजली बिहार में मिलती है। बिहार सरकार द्वारा लगाया जा रहा स्मार्ट मीटर नहीं बल्कि स्मार्ट चीटर मीटर है। इससे जनता त्रस्त हो चुकी है, अब लोग परेशान हैं लेकिन सरकार अड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि चुनाव के पहले राजद ने जो भी कहा था वो वादा पूरा किया। हमलोगों ने कहा था कि 200 यूनिट बिजली मुफ़्त देंगे, हमारी सरकार बनेगी तो हम 200 यूनिट मुफ़्त बिजली देंगे।

# रेलवे टिकट की एडवांस बुकिंग अब 2 महीने पहले होगी

## अभी यात्रा से 4 महीने पहले शुरू होती है, नए नियम 1 नवंबर से लागू

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने एडवांस टिकट बुकिंग के नियमों में बदलाव किया है। पहले टिकट बुकिंग यात्रा से 120 दिन पहले शुरू होती थी, अब इसे घटाकर 60 दिन कर दिया गया है। नया फैसला 1 नवंबर 2024 से लागू होगा। रेल मंत्रालय के मुताबिक, एडवांस ट्रेन टिकट बुकिंग के नए नियमों का पहले से बुक किए गए टिकटों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। साथ ही, विदेशी पर्यटकों के लिए 365 दिनों की डेडलाइन में भी कोई बदलाव नहीं किया गया है। अभी टिकट बुकिंग आईआरसीटीसी की वेबसाइट, एप और रेलवे के बुकिंग काउंटर्स से होती है। आईआरसीटीसी से हर दिन 12.38 लाख टिकट बुक होते हैं।

**2015 में रेलवे ने एडवांस रिजर्वेशन पीरियड बढ़ाया था :** 1 अप्रैल, 2015 तक एडवांस रिजर्वेशन पीरियड 60 दिन था। सरकार ने तब बुकिंग अवधि को 120 दिन करने पर तर्क दिया था कि अवधि आगे बढ़ाने से दलाल हताश होंगे, क्योंकि इसमें ज्यादा कैंसिलेशन चार्ज देना होगा। हालांकि तब कई लोगों ने तर्क दिया था कि रिजर्वेशन पीरियड को आगे बढ़ाने का रेलवे का उद्देश्य अतिरिक्त 60 दिनों के लिए ब्याज के साथ-साथ कैंसिलेशन की ज्यादा संख्या के माध्यम से एडिशनल रेवेन्यू कमाना है।

**आईआरसीटीसी की ब्याज और कैंसिलेशन से कमाई कम होगी**

एडवांस रिजर्वेशन पीरियड कम होने से आईआरसीटीसी की ब्याज और कैंसिलेशन से कमाई कम होगी। इसका असर उसके शेयर पर भी दिख रहा है।

# आरेडिका ने ऐहार गांव में किया ग्राम चौपाल का आयोजन

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**लखनऊ।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली के कर्मिक विभाग द्वारा स्वच्छता पखवाडे के तहत आरेडिका के आस-पास के गाँवों में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के लिए प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में आज दिनांक 17.10.2024 को तीसरे ग्राम चौपाल का आयोजन ऐहार गाँव में किया गया। जिसमें जल संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

आरेडिका के प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द्रा ने पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण के महत्व के बारे में ग्रामीणों को समझाया कि पौधे किस तरह वातारण में गैसीय संतुलन को बनाकर हमें स्वच्छ वायु प्रदान करते है और स्वच्छ वायु हमें दीर्घायु प्रदान करती है। आगे उन्होने किचिन गार्डन के लाभों तथा सौर ऊर्जा के लिए सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सरकारी स्कीमों के संबंध में जानकारी प्रदान की।

आरेडिका की विशेष खेल-कूद अधिकारी पदमश्री एवं अर्जुन आवाड़ी सुधा सिंह ने लोगों को खेल क्षेत्र में आरेडिका द्वारा कि जा रहे प्रयासों से अवगत कराया। आज दुनिया के प्रसिद्ध खेलों में गाँवों के बच्चे अपना परचम लहरा रहे हैं, आप भी ऐसा कर सकते है आरेडिका आपके सहयोग के लिए हमेशा साथ खड़ा है।

इस ग्राम चौपाल में बड़ी संख्या में महिलाओं, बच्चों, एवं किसानों ने भाग लिया। स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के लिए ग्राम वासियों का स्वस्थ्य परीक्षण भी आरेडिका के चिकित्सालय के डाक्टरों की टीम के द्वारा किया गया।

# उत्तराखंड के मदरसों में संस्कृत पढ़ाई जाएगी

## ऑप्शनल सब्जेक्ट रहेगा; मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष बोले- राज्य सरकार की अनुमति मिलते ही लागू करेंगे

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**देहरादून।** उत्तराखंड के मदरसों में जल्द ही संस्कृति पढ़ाई जा सकती है। इसे राज्य के 400 से ज्यादा मदरसों में ऑप्शनल सब्जेक्ट के तौर पर रखा जाएगा। मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष मुफ्ती शमून ने गुरुवार को कहा कि हम इस योजना पर लंबे समय से काम कर रहे हैं। राज्य सरकार की अनुमति मिलते ही इसे लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मदरसा जाने वाले बच्चों को मेनस्ट्रीम से जोड़ना चाहते हैं, इसी को ध्यान में रखते हुए हमने यह योजना बनाई है। मदरसों में हृष्टश्वत्रञ्ज सिलेबस लागू होने के अच्छे परिणाम मिले

बोर्ड अध्यक्ष मुफ्ती शमून ने कहा कि हृष्टश्वत्रञ्ज पाठ्यक्रम से मदरसों में लागू होने से इस साल बहुत अच्छे नतीजे सामने आए हैं। 96 प्रतिशत से ज्यादा बच्चे पास हुए। इससे पता चलता है कि मदरसों में पढ़ने वाले छात्रों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। मौका मिलने पर वे संस्कृति समेत सभी सब्जेक्ट में अच्छा प्रदर्शन कर सकते है।

### उत्तराखंड वक्फ बोर्ड अध्यक्ष बोले- स्टूडेंट्स को धार्मिक शिक्षा तक सीमित रखना गलत



उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष शादाब शम्स ने भी कहा कि मदरसों में संस्कृत की पढ़ाई शुरू करना अच्छा होगा। हालांकि उन्होंने हैरानी जताई कि मदरसा बोर्ड को इसे लागू करने से कौन रोक रहा है। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि उन्हें इस तरह के किसी काम के लिए राज्य सरकार से मंजूरी मिलने में कोई बाधा आएगी। स्टूडेंट्स के लिए धार्मिक शिक्षा जरूरी है, लेकिन बच्चों को सिर्फ धार्मिक शिक्षा तक सीमित रखना, उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ करना है। मदरसे हर दिन धार्मिक शिक्षा के लिए एक घंटा रख सकते हैं। पूरे दिन सिर्फ धार्मिक ग्रंथ पढ़ाने और उन्हें कुछ और नहीं सीखने देने से वे अपंग हो जाएंगे। सितंबर 2022 में वक्फ बोर्ड का चेयरमैन बनने के बाद शादाब शम्स मॉर्डर्न मदरसे का आइडिया लेकर आए थे। उनका कहना था कि छात्रों को सिर्फ धार्मिक पड़ाई न पड़ाकर कंप्यूटर और साइंस की शिक्षा भी दी जानी चाहिए।

# 50 हजार रुपए का ईनामी अपराधी मुठभेड़ में गिरफ्तार

**प्रतापगढ़ (अप्रस)।** उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में स्वाट टीम व थाना जेठवारा पुलिस टीम की संयुक्त कार्यवाही में प्रेमिका की हत्या के मामले में वांछित 50 हजार रुपये के ईनामी अपराधी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि अभियुक्त विनय कुमार पटेल के पास से तमंचा और कारतूस बरामद हुये हैं। उसे मेनहूँ तिराहा पर पुलिस मुठभेड़ में घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया है।

उन्होने बताया कि 14 अक्तूबर को जेठवारा के ग्राम पूरे सुखदेव में वादी की बहन की आरोपी द्वारा हत्या कर देने के आरोपों में वादी की तहरीर पर हत्या का अभियोग पंजीकृत किया गया था। विनय कुमार पटेल ने पूछताछ में बताया कि उसकी मृतका के साथ पूर्व से बातचीत था । मृतका की शादी दूसरे व्यक्ति से हो जाने के कारण वह बहुत परेशान रहता था और मिलने की कोशिश करता था । मृतका के ससुराल से वापस घर आने की जानकारी होने पर घटना के दिन वह उससे घर के पास खेत में मिला था और उसकी गला दबा कर हत्या कर दी।


**प्रेस सूचना**

**चंडीगढ़ प्रशासन इंजिनीयरिंग विभाग**

कार्यकारी अभियंता, इलेक्ट्रिकल डिवीजन नंबर 1, यू.टी. भारत के राष्ट्रपति की ओर से चंडीगढ़ ने अनुमोदित और पात्र फर्मों से तीन बोली प्रणाली में ऑनलाइन प्रतिशत दर निविदा आमंत्रित की है जो समान प्रकार के कार्यों/नौकरियों में विशेषज्ञ हैं और नीचे उल्लिखित पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं और निविदा वेबसाइट https//www.etenders.chd.nic.in से डाउनलोड की जाएगी।

| निविदा संदर्भ. क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित निविदा राशि | बयाना राशि | समय सीमा | बोली पूर्व पूर्व बैठक की तिथि | ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | निवदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ई1/ टीएन-255 | टाउन हॉल बिल्डिंग (एक्सटेंशन) सेक्टर-17, चंडीगढ़ में स्वचालित फायर अलार्म सिस्टम प्रदान करना। | रु. 28,61,629/- | रु. 57,250/- | 3 महीने | 21.10.2024 सुबह 11.00 बजे | 28.10.2024 दोपहर 12.00 बजे तक | 28.10.204 अपराह्न 3.30 बजे |

विस्तृत नियमों और शर्तों के साथ डीएनआईटी को बोलीदाताओं द्वारा वेबसाइट https://www.etenders.chd.nic.in से डाउनलोड/अपलोड किया जा सकता है।

अधिशाषी अभियंता, विद्युत प्रभाग क्रमांक 1,

**डीलक्स बिल्डिंग, चौथी मंजिल, सेक्टर-9, चंडीगढ़।**

**कार्यालय फ़ोन नंबर 0172-2740307 ईमेल- eeeldv@chd.nic.in**


# वाईएसआर पार्टी ने केंद्रीय कार्यालय में राज्य स्तरीय कार्यशाला आयोजित

अर्थ प्रकाश / बोम्मा रेड्डी




**ताडेपल्ली।** वाईएसआरसीपी अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने गुरुवार को यहां ताडेपल्ली में पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला की अध्यक्षता की, जिसमें जिला अध्यक्षों, संबद्ध शाखाओं के प्रमुखों और राज्य भर के अन्य प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए, वाईएस जगन मोहन ने पार्टी नेताओं को राज्य स्तर से लेकर गांव स्तर तक एक व्यवस्थित और संरचित ढांचा बनाकर पार्टी संगठन को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करने का निर्देश दिया। उन्होंने पार्टी को सशक्त बनाने के लिए समितियों के गठन और जमीनी स्तर पर संबद्ध इकाइयों को शामिल करने के महत्व पर जोर दिया, जिसमें पार्टी की गतिविधियों में महिलाओं की भागीदारी पर विशेष ध्यान दिया गया। उन्होंने पार्टी प्रतिनिधियों को जिलों से लेकर गांवों तक सभी स्तरों पर सक्रिय समितियां स्थापित करने का निर्देश दिया और जोर देकर कहा कि नेताओं को इन समूहों की सक्रिय रूप से निगरानी करनी चाहिए। उन्होंने युवाओं, महिलाओं, छात्रों और बूथ-स्तरीय इकाइयों से जुड़ी ग्राम-स्तरीय समितियों के गठन के लिए छह महीने की समय सीमा तय की।

वाईएस जगन ने विभिन्न क्षेत्रों में मौजूदा सरकार की कमियों पर गंभीर चिंता जताई। उन्होंने प्रमुख मुद्दों पर प्रकाश डाला, जैसे कि आरोग्यश्री स्वास्थ्य योजना के 2,400 करोड़ रुपये के बकाया बिल, जिससे स्वास्थ्य सेवा तक पहुँच में देरी हुई है और नागरिकों के स्वास्थ्य के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता पर संदेह पैदा हुआ है। उन्होंने बताया कि शिक्षा क्षेत्र पीड़ति है, विद्या दीवेना और वासथी दीवेना जैसे महत्वपूर्ण कल्याणकारी कार्यक्रम अभी भी पूरी तरह से क्रियान्वित नहीं हुए हैं। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा और सीबीएसई पाठ्यक्रम अपडेट की योजनाएँ रुकी हुई हैं, जिससे प्रगति में कमी आई है।

उन्होंने उल्लेख किया कि कृषि में, रायथु भरोसा और फसल बीमा जैसी अकुशल पहलों के साथ-साथ न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रदान करने में विफलता और वित्तीय सहायता में देरी ने किसानों को संघर्ष में डाल दिया है। उन्होंने देखा कि सामान्य रूप से स्वास्थ्य सेवाएँ शासन संबंधी मुद्दों से बाधित हैं। उन्होंने शराब नीति की भी आलोचना की, क्योंकि इससे भ्रष्टाचार और बिक्री पर माफिया जैसा नियंत्रण बढ़ गया है, जिससे अराजकता बढ़ गई है।

उन्होंने आज की दुनिया में सोशल मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया और सभी पार्टी नेताओं से - निर्वाचन क्षेत्र के प्रभारियों से लेकर ग्राम-स्तरीय प्रतिनिधियों तक - फेसबुक, यूट्यूब और इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफार्मों पर सक्रिय रूप से जुड़ने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि पार्टी सिर्फ़ चंद्रबाबू नायडू के खिलाफ़ ही नहीं है, बल्कि पक्षपाती मीडिया आउटलेट्स और विकृत सोशल मीडिया नैरेटिव्स द्वारा संचालित भ्रष्ट व्यवस्था से भी जूझ रही है। उन्होंने हर नेता से अपने सोशल मीडिया चैनलों के ज़रिए सच्चाई को साझा करने और गलत सूचनाओं का मुकाबला करने की ज़िम्मेदारी लेने का आह्वान किया।

उन्होंने जिला अध्यक्षों से लेकर संबद्ध विंग के नेताओं तक पूरे संगठन में जवाबदेही के महत्व पर ज़ोर दिया, उन्होंने बताया कि पदोन्नति प्रदर्शन के आधार पर होगी, पार्टी भविष्य के फ़ैसलों को निर्देशित करने के लिए विस्तृत रिपोर्ट के माध्यम से क्षेत्रीय महासचिवों और निर्वाचन क्षेत्र के प्रभारियों के काम का आकलन करेगी।


हरियाणा सरकार
"मुझे विश्वास है कि विकसित भारत के संकल्प में
हरियाणा की भूमिका और महत्वपूर्ण होने जा रही है।"
- नरेन्द्र मोदी
म्हारा हरियाणा
नॉन-स्टॉप हरियाणा
हरियाणा सरकार का नव-गठन
श्री नायब सिंह सैनी, मुख्यमंत्री
व मंत्रिमंडल ने ली जन सेवा की शपथ
सुशासन, पारदर्शिता और
विकास की विचारधारा पर
अटूट विश्वास रखने के लिए
हरियाणावासियों
का
हार्दिक आभार
फिर एक बार, डबल इंजन सरकार
सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in
Follow us on
@diprharyana

# आजादी के 75 साल गुजरे, नहीं मिटा सके ब्रिटिशों की यादें

# औपनिवेशिक यादों को आज भी संजोये पंजाब-हरियाणा राजभवन

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा




**चंडीगढ़, 17 अक्तूबर।** भारत को आजाद हुए 75 साल बीत गये लेकिन पंजाब-हरियाणा के राजभवनों में आज भी ब्रिटिश औपनिवेशिक राज के निशान मौजूद हैं। यहां का स्टाफ अभी भी ब्रिटिश शासनकाल की यादें संजोये है। इस बाबत कई सजग नागरिकों और एसोसिएशनों ने राजभवनों को सूचित भी किया लेकिन यहां के अफसर और स्टाफ इतने काबिल हैं कि इन्होंने अंग्रेजों की दी इन यादों को हटाने की कोशिश नहीं की।

भारत सरकार भले ही आत्मनिर्भर होने की दिशा में और इन औपनिवेशिक चिन्हों को अपनी संस्कृति के मुताबिक हटाने का प्रयास कर रही हो लेकि न ये कोशिशें अभी भी अधूरी हैं और पूरी तरह सफल नहीं हुई हैं। पंजाब-हरियाणा समेत विभिन्न राजभवनों की वेबसाइट खंगालने पर यह तथ्य सामने आया कि इनकी वेबसाइटें एकरूप नहीं। वेबसाइटों पर दी गई जानकारी भी पूरी तरह अपडेट नहीं है। पंजाब-हरियाणा के राज्यपालों की वेबसाइटें भी यूजर फ्रेंडली व आसानी से चीजें समझाने वाली नहीं हैं। इन्हें समझने में ही आम आदमी को कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। सैकेंड इनिंग एसोसिएशन के प्रधान आरके गर्ग ने राष्ट्रपति सचिवालय से मांग की है कि पंजाब-हरियाणा समेत भारत के सभी राजभवनों की वेबसाइटों को एकरूप करने का आदेश जारी करना चाहिए और इन्हें बदलते और नये भारत के अनुरूप अपडेट व तैयार करने का आदेश देना चाहिए। पंजाब व हरियाणा के राजभवनों की वेबसाइट खंगालने पर जानकारी सामने आई कि हरियाणा राजभवन ने तो कुछ खुलासे कर रखे हैं लेकिन पंजाब राजभवन ने किसी भी मामले में वेबसाइट पर खुद को अपडेट नहीं किया। इस बाबत पंजाब राजभवन को सूचित भी किया गया लेकिन किसी ने कोई सक्रियता नहीं दिखाई।

### अभी भी हाउसहोल्ड का स्टाफ औपनिवेशिक नामों से

पंजाब व हरियाणा के राजभवन की वेबसाइटों की तुलना की गई तो सामने आया कि पंजाब राजभवन सचिवालय में 60 जबकि हरियाणा के राजभवन सचिवालय में 55 स्टाफ मेंबर हैं। हाउसहोल्ड हैंडलिंग के लिये पंजाब राजभवन में 70 का स्टाफ तो हरियाणा राजभवन में 55 का स्टाफ है। हाउसहोल्ड स्टाफ की जानकारी में सामने आया कि राजभवन अभी भी औपनिवेशिक नामों से ही स्टाफ को रख रहे हैं। जैसे पंजाब राजभवन में 2 भिष्ती, पियन की बजाये एक जमादार, स्वीपर की बजाय एक जमादार, 8 खलासी, 6 मशालची,8 खिदमतगार काम कर रहे हैं। इसी तरह हरियाणा राजभवन में 9 खलासी, 3 मशालची, 4 खिदमतगार और 2 धोबी काम कर रहे हैं। स्वतंत्र भारत में ऐसे कर्मचारियों को रखना शुभ संकेत नहीं है, जिससे आधुनिक भारत में औपनिवेशिक शिष्टाचार का आभास होता है। यदि इतनी संया में कर्मचारियों की अनुमति है तो इन पदों के नाम आधुनिक समय के अनुसार बदल दिए जाने चाहिए क्योंकि हो सकता है कि ये नाम श्रम विभाग के रिकॉर्ड में न हों। वहीं ये भी जानकारी सामने आई कि यदि सभी को व्यक्तिगत आवास आवंटित किए गए हैं तो पंजाब राजभवन के पूल में विभिन्न श्रेणियों के 137 मकान हैं, जबकि इसमें कुल मिलाकर केवल 130 स्टाफ सदस्य हैं। इसी तरह हरियाणा राजभवन में 99 घर हैं जबकि इसमें 112 कर्मचारी हैं। ये सभी घर चंडीगढ़ के हैं जिनका रखरखाव यूटी प्रशासन द्वारा किया जाता है और यूटी को केवल सेवा शुल्क के रूप में बहुत कम राशि मिलती है। राजभवनों की वेबसाइटों के अनुसार पंजाब का बजट 2024-25 के लिए 1540.95 लाख रुपये और हरियाणा का 2023-24 के दौरान 2262.8 लाख रुपये था।

# विकास मंच ने सीएम को पत्र लिख डॉग बाइट समिति गठन की मांग की

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** शहर में आवारा कुत्तों के काटने के एक तरफ जहां मामले बढ़ रहे हैं वहीं डॉग बाइट कमेटी के गठन की लगातार उठ रही मांग को नगर निगम लगातार अनदेखा करता आया है। पंजाब हरियाणा हाई कोर्ट के निर्देश के अनुसार डॉग बाइट के निशान और घाव इत्यादि के लिए मुआवजा देने के लिए कमेटी बनाए जाने की जिम्मेदारी नगर निगम पंचकूला की है। पंचकूला विकासमंच ने कमेटी गठन को लेकर सवाल उठाए हैं कि नगर निगम द्वारा कमेटी का गठन हुआ है या नहीं। साथ ही हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सेनी को पत्र लिख कर जल्द कमेटी बनाने की मांग की है। पंचकूला विकास मंच के संयोजक राकेश अग्रवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री को पत्र लिख कर उनके संज्ञान में पंजाब एंड हरियाणा कोर्ट के एक निर्देश जोकि आमजन को स्ट्रे डॉग के द्वारा नुकसान पहुंचाने पर मुआवजा देने को ले कर दिया गया है, लाया गया है। उन्होंने कहा कि नगर निगम पंचकूला के द्वारा डॉग बाइट में मुआवजा देने के लिए जो एक कमेटी बनाई जानी थी बनाई गई है या नहीं। कोर्ट के निर्देश के बाद आजतक कितने डॉग बाइट्स के केस नगर निगम के संज्ञान में आए हैं। यह कोर्ट के ही निर्देश के अनुसार ही बनानी थी और आमजन को जो भी डॉग बाइट्स का शिकार होता है उसको मुआवजा देने का फैसला लेना था। इसकी जानकारी अभी तक जारी नहीं की गई। उन्होंने कहा कि कोर्ट के इस निर्देश के बाद एप्लीकेशन मुआवजा लेने के लिए आए और उनका नगर निगम ने क्या किया है।

उन्होंने कहा कि अगर यह कमेटी नहीं बनाई गई है तो ऐसे क्या कारण हैं कि कोर्ट के निर्देश का भी नगर निगम के द्वारा अनदेखा अनसुना कर दिया। उन्होंने बताया कि मंच द्वारा सीएम, प्रमुख सचिव, स्थानीय निकाय विभाग के एसीएस, कमिश्नर एम सी पंचकूला और डीसीपी पंचकूला को पत्र भेजा गया है।

| | |
|---|---|
| ▲ अधिकतम | 31 डिग्री से. |
| ▼ न्यूनतम | 18 डिग्री से. |
| सूर्योदय | 6.27 बजे |
| सूर्यास्त | 5.59 बजे |
| सोना 24 कैरेट | 79,260.00 |
| सेंसेक्स | 81,006.61 |
| अमेरिका | 84.05 |
| कैनेडियन | 61.00 |
| आस्ट्रेलिया | 56.30 |

## न्यूज ब्रीफ

### चंडीगढ़ में दुकानदार से डॉलर के बदले 2 लाख ठगे

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** चंडीगढ़ के सेक्टर-41 में तीन लाख डॉलर देने के बहाने एक्टिवा सवार तीन युवक एक दुकानदार से 2 लाख रुपए लेकर फरार हो गए। पीड़ित आलम अली ने जब बैग खोला, तो उसमें डॉलर की जगह कागज थे। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। आलम ने इस धोखाधड़ी की शिकायत पुलिस को दी है। सेक्टर-39 थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। पंचकूला के सेक्टर-9 निवासी आलम अली ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी दुकान पर एक व्यक्ति आया था, जिसने कहा कि उसके पास लाखों रुपए कीमत के डॉलर हैं, जो वह मामूली कीमत पर दे देगा। उसने आलम को 20 डॉलर दिए, जो चेक कराने पर असली पाए गए। इसके बाद से आरोपी लगातार आलम के संपर्क में रहा और उसे डॉलर बेचने का लालच देता रहा। आलम को लगा कि आरोपी को पैसों की जरूरत है, इसलिए वह डॉलर कम कीमत पर बेच रहा है। आलम ने अपने दोस्त गगन से 2 लाख रुपए उधार लिए और बुधवार को आरोपी की बताई गई जगह सेक्टर-41 पहुंच गया।आलम ने 2 लाख रुपए आरोपी को दे दिए, जिसके बाद आरोपी ने अपने साथी से बैग लेकर आलम को दे दिया। जैसे ही आलम ने बैग खोला, तो उसमें डॉलर की जगह कागज थे। जब तक आलम कुछ समझ पाता, आरोपी एक्टिवा पर सवार होकर फरार हो गए।

### निरंकारी सतगुरु माता जी का दिव्य आगमन 20 को चंडीगढ़ में

**चंडीगढ़ (रंजीत शम्मी)।** सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता जी के पावन छत्रछाया में सैक्टर 34 चंडीग? के मेला ग्राउंड शाम माल के सामने के विशाल मैदान में रविवार 20 अक्टूबर को सन्त समागम का आयोजन होने जा रहा है। जिसका समय बाद दोपहर 3 बजे से रात 8 बजे तक होगा ।

इस समागम में चडीगढ़, पंचकुला, मोहाली, जीरकपुर, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल एवं आसपास के सभी क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तगण सम्मिलित होकर इस दिव्य संत समागम का भरपूर आनंद प्राप्त कर सतगुरु के आशीषों से लाभान्वित होंगे। सन्त समागमों की महता को धर्म, ग्रंथों में भी विशेष रूप में वर्णित किया गया है। इसी पावन उद्देश्य को लेकर आज सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता जी के नेतृत्व में ब्रह्मज्ञान की दिव्य रोशनी द्वारा इसे जन मानस तक पहुंचाने हेतु प्रयासरत है।

# बेटे पर जानलेवा हमला कर दिया जख्मी, मामला दर्ज

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 17 अक्तूबर।** थाना आईटी पार्क पुलिस ने शिकायतकर्ता के बेटे पर जानलेवा हमला कर जख्मी करने के मामले में आरोपी के खिलाफ हत्या का प्रयास का मामला दर्ज किया है और पुलिस मामले कीजांच पड़ताल में जुट गई है। आरोपी की पहचान मनी माजरा के रहने वाले माडू के रूप में हुई है।

जानकारी के मुताबिक मनीमाजरा इंद्रा कालोनी झुग्गी में रहने वाले शिकायतकर्ता रमेश ने पुलिस को बताया कि वह उक्त पत्ते पर अपने परिवार सहित रहता है ।और प्राइवेट जॉब करता है। 15/16 अक्तूबर की देर रात करीब 11 बजकर 20 मिनट का समय होगा। शिकायतकर्ता और परिवार के कुछ लोग झुग्गी की मरम्मत कर रहे थे। तब मेरा बेटा राहुल पब्लिक टॉयलेट पर उसकी झुग्गी के पास गया था। उसके कुछ ही समय के बाद शिकायतकर्ता के बेटे की चीख पुकारे सुनाई दी। शिकायतकर्ता भाग कर पब्लिक टॉयलेट के पास गया। देखा कि एक युवक शिकायतकर्ता के बेटे के सिर पर तेजधार हथियार से हमला कर रहा था।

जब शिकायतकर्ता बेटी के बचाव के लिए आ गया है तो आरोपी युवक तेजधार हथियार समेत मौके से फरार हो गया। यहां बेटे का इलाज के लिए तुरंत मनी माजरा स्थित स्थानीय अस्पताल में ले। जाया गया। यहां डॉक्टर ने उसे सेक्टर 32 के सरकारी अस्पताल में भेज दिया। जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई थी मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल करते हुए आरोपी के खिलाफ हत्या का प्रयास का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पीएनबी एससी/एसटी वेलफेयर एसोसिएशन ने वाल्मीकि जयंती पर छुट्टी न दिए जाने पर जताया रोष

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 17 अक्तूबर।** पंजाब नेशनल बैंक एस सी एस टी वेलफेयर एसोसिएशन चंडीगढ़ के पदाधिकारियों ने भगवान बाल्मीकि के प्रकट दिवस पर शहर में सरकारी अवकाश न किये जाने पर रोष प्रकट किया। संस्था के सर्कल सकेटरी जीतेन्द्र कुमार ने जानकारी देते हुए कहा की चंडीगढ़ में इस पावन दिवस पर छुट्टी न होने के कारण बाल्मीकि समाज के लोगों में रोष है क्योंकि हरियाणा व पंजाब के राज्यों में इस अवसर पर सरकारी अवकाश दिया गया जबकि चंडीगढ़ में बैंक के सभी शाखाओं में बाल्मीकि समुदाय से जुड़े बहुत से कर्मचारी है जो अपने परिवार सहिंत अपने गुरु के प्रकट दिवस को धूमधाम से मनाना चाहते थे परन्तु छुट्टी न मिलने की वजह से उनमे मायूसी छायी रही। पंजाब नेशनल बैंक एस सी एस टी वेलफेयर एसोसिएशन चंडीगढ़ के सर्कल सेक्टरी जितेंदर कुमार व अन्य पदाधिकारीयों ने राज्य सरकार से विनर्म निवेदन किया है की इस वर्ष सरकारी छुटटी न होने के कारण बाल्मीकि समाज के लोगों में काफी रोष देखने को मिला भविष्य में ऐसा न हो इसलिए भगवान बाल्मीकि जी के पावन प्रकट दिवस पर सरकारी छुटटी घोषित की जाये ताकि समाज के अन्य श्रद्धालूयों के साथ साथ बाल्मीकि समाज के सरकारी कर्मचारी भी अपने परिवार सहिंत अपने गुरु के प्रकट दिवस को धूमधाम से मनाकर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त कर सकें।

# डेराबस्सी हलके में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष हुए चुनाव: मनजिंदर सिंह

### भगवानपुर इंडस्ट्रियल पार्क एसोसिएशन ने नवनियुक्त सरपंच से मुलाकात कर दी बधाई



**कहा-प्राथमिकता के आधार पर गांव में विकास कार्य करवाए जाएंगे**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**डेराबस्सी।** भगवानपुर इंडस्ट्रियल पार्क एसोसिएशन ने गांव भगवानपुर के नवनियुक्त सरपंच मनजिंदर सिंह से मुलाकात कर बधाई दी। पंचायत चुनाव के नतीजे आने के बाद विजेता सरपंच के घर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। उनके समर्थक जहां जश्न मना रहे हैं, वहीं लोगों के मोबाइल पर बधाई संदेश भी आ रहे हैं। नवनियुक्त सरपंच मनजिंदर सिंह ने हलका विधायक कुलजीत सिंह रंधावा का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में डेराबस्सी हलके में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव हुए। सरपंच मनिंदर सिंह ने कहा कि हलका विधायक कुलजीत सिंह रंधावा के निर्देशों से प्राथमिकता के आधार पर गांव में विकास कार्य करवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि गांव का बड़ा हिस्सा औद्योगिक पार्क से सटा हुआ है, जहां जल निकासी की समस्या बनी रहती है। सरपंच ने आश्वासन दिया कि गांव व आसपास की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

एसोसिएशन के सदस्यों ने सरपंच से मुलाकात की और आश्वासन दिया कि वे गांव की भलाई के लिए ग्राम पंचायत के साथ मिलकर काम करेंगे।

इस मौके पर एसोसिएशन के अध्यक्ष डिंपल बंसल, महासचिव गौरव कालरा, सलाहकार उपेन्द्र सिंह, चेयरमैन केएम सभरवाल और प्रेस सचिव प्रिंस मल्होत्रा मौजूद रहे।

# लौंगोवाल ग्रुप ऑफ कॉलेज में फ्रेशर पार्टी



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**डेराबस्सी।** लौंगोवाल ग्रुप ऑफ कॉलेज ने छात्रों के लिए अपने पॉलिटेक्निक विंग में एक फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया। इस अवसर पर स्टूडेंट्स द्वारा संगीत, गीत, फ्लैशलाइट, डांस आदि प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों के डांस और गायन प्रस्तुतियों ने मंच को जीवंत बनाए रखा। ऑडिटोरियम रैंप पर स्टूडेंट्स द्वारा रैंप वाक भी किया। बीएससी रेडियोलोजी के स्टूडेंट्स खुशनसीब व मनिंदर सिंह को मिस फ्रेशर व मिस्टर फ्रेशर का खिताब दिया गया। उपाध्यक्ष डॉ. कपिल कत्याल ने छात्रों को कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया और उनके उज्ज्वल और सफल भविष्य की कामना की। डॉ. रोज़ी कात्याल (प्रिंसिपल) ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजनों में सीनियर और जूनियर छात्र एक साथ आ सकते हैं और लंबे समय तक चलने वाली यादें बना सकते हैं। डॉ. विनोद कत्याल (निदेशक) ने भी युवा छात्रों से जीवन में अपने लक्ष्य और उद्देश्य निर्धारित करने और दृढ़ संकल्प, दृढ़ता और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने का आग्रह किया।

# पीजीआई हड़ताल के दौरान सहायता के लिए रोटरेक्ट डिस्ट्रिक्ट 3080 ने संभाला मोर्चा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 17 अक्तूबर।** डिस्ट्रिक्ट 3080 के 100 से अधिक रोटरैक्टर्स पीजीआई में स्वयंसेवा करने में जुटे हुए हैं और आगे भी स्ट्राइक के अंत तक सेवा करने का जिम्मा लिया है। वे हड़ताल के दौरान हर संभव सहायता प्रदान कर रहें हैं। डीआरआर, रोटरेक्ट डिस्ट्रिक्ट 3080 आरटीआर शशांक कौशिक के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने मरीजों को अस्पताल में मार्गदर्शन दिया, डॉक्टरों को प्रबंधन में सहायता की और व्यवधान के बीच देखभाल की निरंतरता सुनिश्चित की। उनके प्रयासों ने ज़रूरत के समय में आवश्यक सेवाओं को बनाए रखने में मदद की, जिससे रोटरैक्ट की सेवा की भावना को और मजबूत किया गया। उन्होंने बताया कि हड़ताल के दौरान काफी चुनौतीपूर्ण माहौल है और रोटरैक्टर्स तुरंत अपनी सेवाएं प्रस्तुत करने में सलंग्न हैं। उन्होंने मरीजों एवं उनके परिवारजनों को मार्गदर्शन प्रदान किया। उनके योगदान ने यह दर्शाया कि कठिन परिस्थितियों में भी सामुदायिक सेवा सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

शशांक कौशिक ने कहा कि स्वयं को खोजने का सबसे अच्छा तरीका है कि दूसरों की सेवा में खुद को खो देना। इस अनुभव ने सामुदायिक सेवा और निस्वार्थ सेवा की शक्ति को पुनः स्थापित किया। अनिश्चितता के बावजूद, मानवता और सहानुभूति विजयी रही। इस स्वयंसेवी पहल को डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन राजपाल सिंह व डिस्ट्रिक्ट रोटरैक्ट कमेटी चेयर रोटेरियन मोहित सिंगला, का मजबूत समर्थन मिला, जिन्होंने रोटरैक्टर्स की त्वरित प्रतिक्रिया और समर्पण के लिए आभार व्यक्त किया।

# वाल्मीकि शक्ति पीठ द्वारा धूमधाम से मनाया गया भगवान वाल्मीकि प्रकट दिवस

**केक का प्रसाद भी वितरित किया गया मेले में खूब उमड़ी भीड़**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़।** वाल्मीकि शक्ति पीठ द्वारा सेक्टर 24 स्थित वाल्मीकि मंदिर में भगवान वाल्मीकि जी का प्रगट दिवस धूमधाम पीठ के पीठाधीश्वर नवीन सरहदी जी महाराज के सानिध्य में मनाया गया। इस अवसर पर भगवान वाल्मीकि का श्रृंगार कर मंदिर परिसर में हवन-यज्ञ किया व अखंड रामायण पाठ का भोग डाल कर भगवान वाल्मीकि की पूजा अर्चना के साथ भजन-कीर्तन का कार्यक्रम भी रख गया था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व केन्द्रीय मंत्री पवन बंसल द्वारा ध्वजारोहण किया गया। सुभाष चावला, पूर्व मेयर, दीपा दुबे, पूर्व प्रधान, महिला कांग्रेस, अनवर उल हक, वाईस प्रेजिडेंट, कांग्रेस, हाकम सरहदी प्रधान, वाल्मीकि मंदिर, प्रेम शमी, प्रधान रामलीला कमेटी सहित समस्त कार्यकारिणी उपस्थित रही इस अवसर पर सुभाष चावला ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि किसी भी समाज की बुराइयां तभी दूर हो सकती हैं, जब सब लोग जाति से ऊपर उठकर समाज व राष्ट्र की बात करें। पवन बंसल ने कहा कि महापुरुषों के जन्मदिन पर सभी लोगों का कर्तव्य है कि वह समाज से बुराइयों को समाप्त करने को लेकर संकल्प ले व उन्होंने वाल्मीकि प्रकट दिवस के अवसर पर नशे से बचने व बच्चों को शिक्षित बनाने और भगवान वाल्मीकि जी की शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर संत नवीन सरहदी महाराज ने प्रवचन दिए व भजन कीर्तन भी किया। शाम को आरती उपरांत केक का प्रसाद भी वितरित किया गया। इस अवसर पर विशाल मेला भी लगा था जिसमें दुकानदारों ने विभिन्न प्रकार की मिठाइयां, बर्तन, परदे, खिलौने, गारमेंट्स, करवा चौथ और दीपावली के सामान और खाने-पीने के स्टाल लगाए हुए थे जिनमें हजारों लोगों ने खरीदारी कर विशाल मेले का आनंद लिया।

### बाबा बंदा सिंह बहादुर जी की जयंती को समर्पित धार्मिक समारोह का आयोजन

**बनूड़ (अप्रस)।** सिख राज्य के महान योद्धा बाबा बंदा सिंह बहादुर की 354वीं जयंती बनूड़ के ऐतिहासिक गुरुद्वारा अकालगढ़ साहिब मेमोरियल बाबा बंदा सिंह बहादुर में बड़ी श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर श्री अखंड पाठ साहिब जी के भोग के बाद कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें गुरुद्वारे के मुख्य सेवादार संत बाबा गुरदेव सिंह जी कार सेवा वाले एवं भाई सरबजीत सिंह खालसा लुधियाना वाले, भाई सोहन सिंह सलाणे एवं अन्य कथावाचकों ने संगत को कथा कीर्तन एवं गुरमति विचारों से जोड़ा। इस अवसर पर संत बाबा गुरदेव सिंह जी ने किसानों को उनकी जमीन का मालिकाना हक दिलाने वाले बाबा बंदा सिंह बहादुर जी के जीवन के बारे में विस्तार से जानकारी दी और युवाओं को उनके जीवन से मार्गदर्शन लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जो कौमें अपने शहीदों को भूल जाती हैं, वे एक दिन ख़त्म हो जाती है। उन्होंने कहा कि बाबा बंदा सिंह बहादुर जी ने अल्पसंख्यक ताकतों की मदद से जहां सरहिंद की ईंट से ईंट बजा दी।

# रूस का वीजा लगवाने के नाम पर मोहाली में 3 युवक से 9 लाख ठगे, दुबई पहुंचने पर पता चली सच्चाई

अर्थ प्रकाश/जिनेंद्र जैन

**मोहाली, 17 अक्तूबर।** मोहाली में विदेश भेजने के नाम पर हरियाणा के 3 युवकों से लाखों की ठगी का मामला सामने आया है। खरड़ के पास स्थित नबीपुर गांव की निवासी महिला बलबीर कौर और सोहाना, मोहाली के सन्नी एजेंट के खिलाफ सदर पुलिस ने एसएसपी मोहाली के आदेश पर बुधवार को धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। आरोपियों ने रूस का वीजा दिलाने का झांसा देकर युवकों को दुबई भेज दिया और लाखों की ठगी कर ली।

पीड़ित वरिंदर सिंह, जो सफीदों के गांव बुड्ढा खेड़ा का रहने वाला है, ने शिकायत दर्ज करवाई कि उसने और उसके साथी विकास और उज्ज्वल ने विदेश जाने की इच्छा जताई थी। इस पर महिला बलबीर कौर ने उन्हें भरोसे में लेकर कहा कि वह उनका रूस का वीजा लगवा सकती है। इसके बदले उसने प्रत्येक व्यक्ति से छह लाख रुपए की मांग की।

### दुबई पहुंचने पर सच आया सामने

वरिंदर के अनुसार, आरोपी सन्नी ने 1 सितंबर 2020 को उनके पासपोर्ट और दस्तावेज लेकर 3,96,000 रुपए अपने खाते में ट्रांसफर करवा लिए। कुछ दिनों बाद सन्नी ने उन्हें बताया कि उनका वीजा लग चुका है और वे दिल्ली पहुंच जाएं। तीनों युवक जब दिल्ली पहुंचे, तो उन्हें दुबई का वीजा सौंप दिया गया। जब उन्होंने इस पर आपत्ति जताई, तो आरोपियों ने कहा कि पहले दुबई पहुंचे, वहां से उन्हें रूस भेजा जाएगा। दुबई पहुंचने के बाद, जब कोई व्यक्ति उन्हें लेने नहीं आया, तो 17 दिन बाद वे वापस भारत लौट आए। यहां आकर जब उन्होंने आरोपियों से संपर्क किया, तो कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। आरोपियों ने उनकी कॉल उठाना बंद कर दिया।

### जांच में हुआ खुलासा

डीएसपी स्पेशल ब्रांच और आर्थिक अपराध शाखा की गई जांच में यह पता चला कि महिला बलबीर कौर और सन्नी ने साजिश के तहत युवकों से ठगी की थी। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि बलबीर कौर गिल इंटरप्राइजिज नामक कार्यालय में काम करती थी, जहां उसने सन्नी के साथ मिलकर विदेश भेजने की फर्जी डील की थी। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर सदर पुलिस ने महिला बलबीर कौर और सन्नी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है, लेकिन वे फिलहाल दुबई में शिफ्ट हो चुके हैं।

सम्पादकीय

## बिहार में जहरीली शराब से फिर मौतों का मंजर, कुछ सुधरेगा?

त्योहार की खुशियां जारी हैं, लेकिन बिहार से ऐसी दुखद रपट सामने आ रही है, जोकि इन खुशियों को मातम में बदल रही है। प्रदेश में अब तक 20 लोगों की जहरीली शराब पीने से मौतें हो चुकी हैं। राज्य के सिवान और सारण जिलों में यह घटनाएं सामने आई हैं। 40 के करीब लोगों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। इनमें से अनेक की आंखों की रोशनी प्रभावित हुई है। निश्चित रूप से इस दुखद घटना के लिए शराबबंदी जिम्मेदार है, जिसके तहत राज्य में शराब की बिक्री पर रोक है और अवैध शराब बनाकर बेची जा रही है, जिसके सेवन से लोगों की जान जा रही है। बिहार पहले ही बाढ़ के भयंकर हालात से गुजर रहा है, लेकिन अब यहां जहरीली शराब के सेवन से मौतों के मामलों ने इस प्रदेश की समस्याओं को और बढ़ा दिया है।

**सवाल यह भी है कि अगर राज्य में पूर्ण शराबबंदी है तो फिर इसके धंधेबाजों को वह राजनीतिक संरक्षण कौन प्रदान कर रहा है, जिसके आधार पर वे न पुलिस के हाथ आते हैं और न ही अदालत उनका कुछ बिगाड़ पाती है। यह अनवरत चलने वाली कवायद होनी चाहिए कि पुलिस ऐसे लोगों पर अंकुश लगाए और उनकी धरपकड़ कर अवैध शराब की तस्करी और उसके बनने की जगहों पर छापेमारी करे। बेशक, मौतों के बाद सरकार ऐसी कवायद करती है लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। बिहार में विपक्ष और सरकार के बीच जहरीली शराब से मौतों के मामले में अगर तलवारें खींच गई हैं तो यह हाल फिलहाल का मुद्दा नहीं है।**

देशभर में जहरीली शराब को बनाने का धंधा चलता रहता है, लेकिन समय रहते न सरकार ध्यान देती है और न ही उसकी पुलिस। लेकिन जब हादसा घट जाता है और मौतें सुर्खियां बन जाती हैं, तब सभी का ध्यान इस तरफ जाता है। बिहार में इन मौतों के बाद पक्ष और विपक्ष के बीच बयानों के तीर चलने लगते हैं। बिहार में साल 2022 में भी ऐसा हो चुका है, उस समय भी नीतीश कुमार ही मुख्यमंत्री थे और उन्होंने तब बयान दिया था कि जो जहरीली शराब पियेगा, वह मरेगा ही। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इस बयान की आलोचना तब भी हुई थी, हालांकि आज के संदर्भ में विचार करें तो यह जानकर दुख होता है कि कमोबेश वही स्थिति आज भी कायम हैं।

आखिर प्रदेश में जहरीली शराब का धंधा हो क्यों रहा है। इसे रोकने के लिए पुलिस, प्रशासन कहां है। क्या राज्य में सरकार है या नहीं। अगर है तो फिर उसकी प्रशासन पर पकड़ क्यों नहीं है। फिल्मों और वेब सीरीज में बिहार के बारे में जो दिखाया जाता है, वह सब इस तरह के हादसों के बाद सामने आ जाता है। बिहार में पुलिस के ईमानदार अधिकारी भी मोहरा होते हैं, वे अपने आप कुछ नहीं कर सकते। उन्हें पटना से आदेश आते हैं, कि किस पर कार्रवाई करनी है और किस पर नहीं। हालात ऐसे हैं कि राज्य में अपराधी खुद तय करते हैं कि उन्हें खुद पर कार्रवाई करवानी है या नहीं। ऐसा राजनीतिक फायदा उठाने के लिए किया जाता है। ऐसे में अवैध शराब माफिया के साथ वह सभी अपराध भी पनपेगा ही जोकि प्रदेश की सुख-शांति के लिए खतरा है।

सवाल यह भी है कि अगर राज्य में पूर्ण शराबबंदी है तो फिर इसके धंधेबाजों को वह राजनीतिक संरक्षण कौन प्रदान कर रहा है, जिसके आधार पर वे न पुलिस के हाथ आते हैं और न ही अदालत उनका कुछ बिगाड़ पाती है। यह अनवरत चलने वाली कवायद होनी चाहिए कि पुलिस ऐसे लोगों पर अंकुश लगाए और उनकी धरपकड़ कर अवैध शराब की तस्करी और उसके बनने की जगहों पर छापेमारी करे। बेशक, मौतों के बाद सरकार ऐसी कवायद करती है लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। बिहार में विपक्ष और सरकार के बीच जहरीली शराब से मौतों के मामले में अगर तलवारें खींच गई हैं तो यह हाल फिलहाल का मुद्दा नहीं है। विपक्ष के समय भी ऐसा हो चुका है, हालांकि अब मंत्रियों पर आरोप लग रहा है कि उनकी नाक के नीचे बिहार में शराब बिक रही है।

राज्य में बीते विधानसभा चुनाव के दौरान अवैध शराब तस्करी का मुद्दा प्रमुखता से उठा था, लेकिन नई सरकार के गठन के बाद भी शराब तस्करी चलती रही। आखिर वह कौन सा राजनीतिक दल और सरकार होगी जोकि अवैध शराब बनाने और तस्करी करने को रोक पाएगी। इन हालात में तो यह संभव नहीं लगता। क्या तब सर्वोच्च न्यायालय की ओर से पंजाब और अन्य राज्यों के संदर्भ में जो बात कही जा रही है, वह ऐसे ही जारी रहेगी। जब दबाव आए तो सरकार हाथ-पैर मारने लगती है लेकिन जैसे ही मामला रफा-दफा होता है तो फिर सब कुछ सामान्य हो जाता है।

सरकार को यह सोचना चाहिए कि इस तरह के हादसों में आम आदमी ही मरता है, क्योंकि जो रसूखदार है, जिसके पास पैसा है वह महंगी और असली वाली शराब का सेवन करेगा लेकिन जो जरूरतमंद है वह अपनी आदत से मजबूर होकर ऐसी सस्ती और जहरीली शराब की तरफ ही जाएगा। बेशक, शराब पीने को प्रोत्साहित नहीं किया जा सकता, लेकिन राज्य सरकार को सोचना चाहिए कि क्या अब शराबबंदी की जरूरत रह गई है। सरकार को शराबबंदी को खत्म करने पर विचार करना चाहिए।

# मुख्यमंत्री सैनी की सफलता का सफर

व्यक्ति की सफलता में संयम, संकल्प, समर्पण, सरलता और स्वभाव का महत्वपूर्ण योगदान होता है। जिस व्यक्ति में ये सद्गुण हैं ,जीवन में उस व्यक्ति की सफलता निश्चित है। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी इन सारे गुणों से परिपूर्ण हैं।



सैनी की सफलता का सफर बेहद रोचक, रोमांचकारी और प्रेरणादायक है।

नायब सिंह सैनी का जन्म 25 जनवरी 1970 को अंबाला जिला के मिर्जापुर माजरा गांव में एक साधारण परिवार में हुआ। उन्होंने अपनी स्नातक की पढ़ाई बिहार के डा. बीआर अंबेडकर विश्वविद्यालय से पूरी करने के बाद कानून की डिग्री चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ से प्राप्त की। नायब सिंह सैनी धार्मिक प्रवृति के स्वभाव के चलते 1990 के दशक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े ।उन दिनों राष्ट्रीय सेवक संघ शहरों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं को जोड़ने की कवायद में लगा था, तब युवा अवस्था में ही नायब सिंह सैनी को संघ की गतिविधियों का पता चला और वह आर एस एस से जुड़कर संघ के कार्यालय पंचकूला पहुंचे, जहां उनकी मुलाकात संघ प्रचारक मनोहर लाल खट्टर से हुई। इसके बाद संघर्ष और समर्पण के साथ लगातार आरएसएस की गतिविधियों में भाग लेने लगे। मनोहर लाल खट्टर के साथ बाहर फील्ड में जा जाकर काम सीखा। जब मनोहर लाल को उनके समर्पण और कार्यक्षमता का आभास हुआ तो उन्होंने नायब सिंह सैनी को कंप्यूटर सीखने के लिए भी कहा। श्री सैनी ने भी अपने गुरु के आदेशों का पालन किया और कंप्यूटर में पारंगत हुए। कंप्यूटर पर काम करते हुए संघ में फील्ड का काम भी देखने लगे। पीआर ,पत्राचार, प्रेस और पब्लिक डीलिंग के कार्य में एक्सपर्ट हो गए। यहां तक आते-आते सैनी ने मनोहर लाल खट्टर और अन्य संघ प्रचारकों का दिल जीत लिया था। उनके इसी समर्पण को देखते हुए मनोहर लाल खट्टर ने संघ के



कार्यालय में ही उनके रहने का इंतजाम कर दिया। श्री सैनी अब तक इस सारे काम के साथ-साथ मनोहर लाल खट्टर की कार भी चलाते रहे। इस प्रकार से राजनीति और फील्ड के काम में उन्होंने अपने आप को ऑलराउंडर बना लिया।

उधर से मनोहर लाल खट्टर ने आरएसएस संचालक से भारतीय जनता पार्टी की राजनीति में पदार्पण किया और साथ ही अपने शिष्य श्री नायब सिंह सैनी को भी पार्टी में शामिल करवाया।

भारतीय जनता पार्टी में शामिल करवाने के बाद नायब सिंह सैनी को 2009 में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार के रूप में नारायणगढ़ से चुनाव में उतारा। हालांकि 2009 में हुए चुनाव वे हारे ही नहीं बल्कि पांचवें स्थान पर रहे थे। पांचवें स्थान की स्थिति के बावजूद भी उनके मन में हार का मलाल नहीं हुआ ,बल्कि वे और ज्यादा जोश,जुनून और उत्साह के साथ लगातार आगे बढ़ते रहे। उनकी इस प्रबल भावना और दृढ़ इच्छा शक्ति के चलते सन 2012 में भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें अंबाला जिला का अध्यक्ष बनाया। सैनी ने युवा मोर्चा में रहते हुए न केवल अंबाला जिले में बल्कि जीटी रोड बेल्ट में पार्टी के लिए जबरदस्त काम किया । 2014 आते-आते जीटी रोड क्षेत्र में पार्टी का जनाधार खूब बढ़ चुका था, तब पार्टी ने उनको 2014 में नारायणगढ़ से फिर उम्मीदवार बनाया और वह भारी मतों से चुनाव जीत कर विधानसभा में पहुंचे। मनोहर लाल के नेतृत्व में बनी सरकार में वह मंत्री बने। इसके बाद फिर 2019 में उन्होंने कुरुक्षेत्र से लोकसभा का चुनाव लड़ा और सांसद बने। भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें 2023 में ओमप्रकाश धनखड़ के स्थान पर प्रदेश में पार्टी का अध्यक्ष बनाया । अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने पार्टी संगठन के लिए बेहतरीन काम किया , जिसके चलते उन्होंने देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री श्री अमित शाह सहित अन्य नेताओं के दिल में भी जगह बनाई। इन दोनों आला नेताओं के मन में श्री नायब सिंह सैनी के प्रति प्यार केवल मात्र एक-दो दिन मैं नहीं पनपा था , बल्कि उनकी उनकी 25 वर्ष की त्याग तपस्या और सेवा भावना थी। इसी कारण 12 मार्च 2024 को श्री नायब सिंह सैनी को प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में राज्य की बागडोर सौंपी गई। उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। चुनाव आचार संहिता के चलते केवल मात्र तीन महीने काम करने का मौका मिला। मात्र अपने 3 महीने के कार्यकाल में प्रदेश में जो तीव्र गति से कार्य किया और हर वर्ग के लिए विशेष कर जरूरतमंद वर्गो के लिए धड़ाधड़ फैसले लिए। अपनी इस कार्यशैली के चलते श्री सैनी हरियाणा के लोगों के दिल में छा गए। उन्होंने 2024 में मुख्यमंत्री के रूप मेंकरनाल से उपचुनाव जीता और विधायक बने। चुनाव के दौरान लोग यहां तक कहने लगे कि श्री नायब सिंह सैनी को एक वर्ष पहले हरियाणा की बागडोर मिल जाती तो, भारतीय जनता पार्टी को प्रदेश में वोट मांगने तक की जरूरत नहीं पड़ती। सैनी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की लोकप्रियता का ग्राफ बढ़ता ही चला गया। फिर से भारतीय जनता पार्टी द्वारा उनका विधानसभा क्षेत्र बदल दिया गया और वे लाडवा से चुनाव लड़े तथा भारी मतों से चुनाव जीते ।परिणाम स्वरूप 2024 के हरियाणा विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने सैनी की अगुवाई में 48 सीट जीतकर एक कीर्तिमान स्थापित किया। भारतीय जनता पार्टी के नेता और देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने भी हरियाणा की जीत का श्रेय श्री नायब सिंह सैनी को देते हुए उनकी पीठ थपथपाई। आज श्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में श्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा के मुख्यमंत्री के रूप में दूसरी बार शपथ ग्रहण की। यह शपथ ग्रहण समारोह ऐतिहासिक रहा, क्योंकि मौका हिंदू संस्कृति के दो त्योहार दीपावली और दशहरा के बीच महर्षि वाल्मीकि जयंती का था। हरियाणा प्रदेश के लोगों को पूरी आशा विश्वास और भरोसा है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में नायब सिंह सैनी इसी तीव्र गति से काम कर प्रदेश को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाएंगे। नायब सिंह सैनी को प्रदेश के मुख्यमंत्री का पदभार संभालने पर हार्दिक बधाई और ढेरों शुभकामनाएं।

**-सतीश मेहरा**

अर्थ प्रकाश में **34 साल पहले** आज का दिन

## पोस्ट कार्ड के जरिये जनता से जुड़ेंगे अब भजन लाल

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने पोस्ट कार्ड के जरिये जनता के साथ जुड़ने की एक बड़ी योजना बनाई है। ऐसा करने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य है। पता चला है कि इस योजना के लिए मुख्यमंत्री सचिवालय में अलग से एक प्रकोष्ठ बनाया जा रहा है। पूरे राज्य से शिकायत पोस्ट कार्ड सीधे इस प्रकोष्ठ में आएंगे तथा आईएएस स्तर का एक अधिकारी इस प्रकोष्ठ का प्रभारी होगा। इन चिट्ठीयों का रिकार्ड जिले वार रखा जाएगा। शिकायत जिस भी विभाग से होगी, उसी विभाग को हिदायत सहित चिट्ठी चली जाएगी। इस शिकायतों और उन पर हुई कार्रवाई का रिकार्ड कम्प्यूटर में दर्ज होगा।

### पंचकूला व आसपास क्षेत्रों में चौकसी बढ़ी

पंचकूला। पंचकूला व आसपास के क्षेत्र में पुलिस ने चौकसी बढ़ा दी है पुलिस सूत्रों के मुताबिक ऐसा खाड़कुओं के एक गिरोह के रोपड़ जिले के आसपास सक्रिय होने को ध्यान में रखते हुए एतिहात तौर पर किया गया है। सूत्रों के मुताबिक पंजाब में सुरक्षा बलों को घेरा तंग होने के कारण गुरजीत सिंह तोची गिरोह के कभी भी अपने बचाव के लिए पंचकूला, चंडीगढ़ की तरफ भाग निकलने की संभावना व्यक्त की जा रही है। सूत्रों का कहना है कि तोची गिरोह ही कुछ महीने पहले पिंजौर के निकट बंसोला गांव के स्थित नागरिक एरोड्रम पर गत दिनों पुलिस कर्मचारियों की हत्या में शामिल होने की प्रबल संभावना व्यक्त की जा रही है।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1386: जर्मनी में हैडलबर्ग विश्वविद्यालय की स्थापना हुई।

1564: इंग्लैंड के नौसैनिक कमांडर जॉन हॉकिन्स ने दूसरी बार अमेरिका यात्रा शुरू की।

1572: स्पेन की सेना ने मास्ट्रिच पर हमला कर दिया।

1648: उत्तर अमेरिकी उपनिवेशों में 'बोस्टन शूमेकर्स' पहला श्रम संगठन बना।

1867: रूस के अलास्का क्षेत्र को खरीदने के लिए अमेरिका के विदेश मंत्री विलियम सिवार्ड द्वारा किए गए करार को मंजूरी दी गई और राजधानी सितका में अमेरिकी ध्वज फहराया गया।

1892: अमेरिका में शिकागो से न्यूयॉर्क के बीच पहली लंबी दूरी की वाणिज्यिक फोन लाइन को शुरू किया गया।

1898: अमेरिका ने स्पेन से प्यूर्टो रिको का अपने कब्जे में लिया।

1900: काउंट बर्नार्ड वॉन बुलो जर्मनी के चांसलर बने।

1922: ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कंपनी लिमिटेड की स्थापना, जिसने 1927 में ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (बीबीसी) का स्थान लिया।

1922: ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कंपनी की स्थापना हुई, जिसका नाम बाद में बदलकर ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन किया गया।

1925: प्रसिद्ध रंगमंच निदेशक और नेशनल स्कूल फ ड्रामा के पूर्व निदेशक इब्राहिम अल्काज़ी का जन्म।

1931: अमेरिकी खोजकर्ता थामस अल्वा एडिसन का वेस्ट आरेंज, न्यूजर्सी में निधन।

1944: द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान नाजी जर्मनी से चेकोस्लोवाकिया की स्वतंत्रता के लिये सोवियत संघ ने लड़ाई शुरू की।

1954: टेक्सास इंस्ट्रूमेंट्स कंपनी ने पहले ट्रांजिस्टर रेडियो का निर्माण किया।

1956: महिला टेनिस में विश्व की जानी मानी खिलाड़ी मार्टिना नवरातिलोवा का प्राग में जन्म।

1967: शुक्र ग्रह पर सफलतापूर्वक पहुंचे सोवियत संघ के पहले अंतरिक्ष यान के मिशन का समापन। वेनेरा4 नाम के इस यान का मिशन 127 दिन चला। इसने ग्रह के वातावरण के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी पृथ्वी पर भेजी।

## बोल ब्यूटीफुल



**सिद्धांत सिब्बल:** एक साल पहले भी ट्रूडो कह रहे थे कि निज्जर की हत्या के पीछे भारत का हाथ हो सकता है और साल भर बाद भी उनकी सुई संभव है पर अटकी हुई है। एक साल में भी उनका तंत्र भारत के खिलाफ ठोस साक्ष्य नहीं जुटा पाया।


**अरविंद:** जस्टिन ट्रूडो को पता है कि उनका राजनीतिक करियर ढलान पर है। अपनी राजनीतिक बलि से पहले वह अपने अमेरिकी आकाओं के हितों की पूर्ति के फेर में मोदी सरकार को बदनाम करने पर तुले है। उन्हें इसकी भी परवाह नहीं कि इसका खामियाजा खुद उनके ही देश को भुगतना पड़ेगा।

**अशोक श्रीवास्तव:** अनुच्छेद-370 की वापसी तक कोई चुनाव नहीं लड़ने और पूर्ण राज्य का दर्जे से कम भी स्वीकार नहीं करने जैसी बातें करने वाले उमर अब्दुल्ला ने केंद्रशासित जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। बधाई।

सतरंगी पर्दा

# साइबर ठगी के खिलाफ लोगों के लिए अभियान चलाएंगे आयुष्मान खुराना

### कमाल नहीं कर पाए राव



हरियाणवी छोरे राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी अभिनीत फिल्म 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है, जिसे दर्शकों और समीक्षकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली है। दशहरे के त्योहार के अवसर पर इस फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज हुए छह दिन पूरे हो गए हैं।

फिल्म 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' की भिड़ंत आलिया भट्ट और वेदांग रैना की फिल्म 'जिगरा' से है। यह एक कॉमेडी-ड्रामा है, जो 1990 के दशक में रेट्रो थीम के साथ सेट की गई है और हमें पुराने दिनों की याद दिलाती है। 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' ने बॉक्स ऑफिस पर 5.5 करोड़ रुपये की ओपनिंग ली थी। इसका बजट तकरीबन 30 करोड़ रुपये है।

राज शांडिल्य द्वारा निर्देशित और लिखित फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो 1990 के दशक की कहानी पर आधारित है। फिल्म में संगीत सचिन और जिगर ने दिया है। यह कॉमेडी-ड्रामा टी-सीरीज फिल्म्स, बालाजी मोशन पिक्चर्स, वकाउ फिल्म्स और कथावाचक फिल्म्स द्वारा निर्मित है।

### लॉरेंस की तारीफ क्यों?

गुजरात जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई को लेकर फिल्म निर्माता राम गोपाल वर्मा ने चौंकाने वाला दावा किया है। उन्होंने कहा कि उन्हें लॉरेंस बिश्नोई फिल्मी सितारों से भी




ज्यादा अच्छे लगते हैं। लॉरेंस गैंग ने एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या की जिम्मेदारी ली है। बाबा सिद्दीकी का बॉलीवुड हस्तियों के साथ गहरा नाता था। वह सुपरस्टार सलमान खान के बेहद करीबी थे। यही कारण है कि सिद्दीकी की हत्या के बाद सलमान खान की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

वर्मा ने दावा किया कि लॉरेंस बिश्नोई उनके जानने वाले किसी भी फिल्म स्टार से ज्यादा अच्छे दिखने वाले हैं। उन्होंने एक्स पर अपने विचार साझा किए और प्रशंसकों ने इस पर प्रतिक्रियाओं की लड़ी लगा दी। तमाम सोशल मीडिया यूजर्स ने निर्देशक से गैंगस्टर की बायोपिक में सलमान खान को खलनायक के रूप में लेने के लिए कहा गया।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपनी राय साझा करने से वर्मा कभी नहीं कतराते। इस बार उन्होंने कहा कि अगर कभी गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई पर बायोपिक बनाई गई तो उन्हें बिश्नोई से ज्यादा अच्छा दिखने वाला बॉलीवुड स्टार नहीं मिलेगा। निर्देशक ने एक्स पर अपने विचार साझा किए। वर्मा ने गैंगस्टर की एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें वह गंभीर दिख रहा था।

### अक्षय का विज्ञापन बंद

पंजाबी मुंडे अक्षय कुमार का धूम्रपान विरोधी लोकप्रिय 'नंदू विज्ञापन' अब सिनेमाघरों में नहीं दिखाया जाएगा। सीबीएफसी ने अक्षय कुमार के विज्ञापन को दिखाने से मना कर दिया है और उसकी जगह एक नया विज्ञापन दिखाया है। अक्षय के लोकप्रिय विज्ञापन की जगह नए विज्ञापन में बताया




गया है कि कैसे तंबाकू छोड़ने से सिर्फ 20 मिनट के भीतर शरीर में सकारात्मक बदलाव आ सकते हैं। हालांकि, अक्षय कुमार के विज्ञापन को हटाने के सही कारण अभी सामने नहीं आए हैं।

पिछले छह वर्षों से यह विज्ञापन सिनेमाघरों में फिल्म शुरू होने से पहले जागरूकता के लिए दिखाया जाता था। अब नए अभियान का प्रीमियर हाल ही में रिलीज हुई फिल्मों के साथ-साथ सिनेमाघरों में हुआ, जिसमें आलिया भट्ट की 'जिगरा' और राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी अभिनीत 'विक्की और विद्या का वो वाला वीडियो' शामिल हैं।

अक्षय कुमार वाला यह विज्ञापन उनकी वर्ष 2018 में रिलीज हुई फिल्म 'गोल्ड' के आसपास लॉन्च किया गया था। इस विज्ञापन ने उनकी फिल्म 'पैडमैन' को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विज्ञापन में, अभिनेता अजय सिंह पाल ने नंदू का किरदार निभाया है, जो एक अस्पताल के पास सिगरेट पीते हुए दिखाई देते हैं। जब अक्षय कुमार उनके पास जाते हैं, तो वह अपनी पत्नी की समस्याओं पर चर्चा करता है। अक्षय बताते हैं कि दो सिगरेट पर खर्च किए गए पैसे का इस्तेमाल सैनिटरी पैड खरीदने में किया जा सकता है।

### आयुष्मान का अभियान

चंडीगढ़ की शान आयुष्मान खुराना से मेटा ने साझेदारी की है। तकनीक में उन्नति के साथ-साथ कई तरह के ठगी की घटनाओं में भी बढ़ोतरी हुई है। इसे देखते हुए मेटा ने 'ठगी



से बचाओ' अभियान शुरु किया है। इसके तहत लोगों को ऑनलाइन ठगी से बचने और सुरक्षित डिजिटल उपयोग को बढ़ावा देने को लेकर लोगों को शिक्षित किया जाएगा।

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सहयोग से मेटा का ये अभियान शुरु किया गया है, जो देश में ऑनलाइन ठगी और साइबर अपराधों से निपटने के सरकार के लक्ष्य का समर्थन करता है।

इस अभियान की शुरुआत पर टिप्पणी करते हुए आयुष्मान खुराना ने कहा कि लोगों को अब काफी सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, 'आज के डिजिटल दौर में, ऑनलाइन ठगी और धोखाधड़ी की बढ़ती संख्या के साथ, जो कभी-कभी बहुत ही विश्वसनीय लगती है, वहां महत्वपूर्ण है कि हम सतर्क रहें और खुद को सुरक्षित रहने के तरीके के बारे में शिक्षित करें। मैं मेटा की सुरक्षा पहल का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं, जिसका उद्देश्य लोगों को संभावित साइबर घोटालों से खुद को सुरक्षित रखने के प्रति जागरुक करना है। अभिनेता ने आगे कहा, ये महत्वपूर्ण है कि आप कोई भी कार्य करने से पहले दो बार सोचें और मेटा के सुरक्षा उपकरणों का इस्तेमाल करें, जिससे आप अपनी ऑनलाइन सुरक्षा को नियंत्रित कर सकते हैं।'

### परिणीति चोपड़ा

परिणीति चोपड़ा और सानिया मिर्जा सिनेमा और खेल की दुनिया से परे एक खास रिश्ता साझा करती हैं। वह एक



दूसरे से मिलने घर पर भी जाते हैं। वह हमेशा एक दूसरे का साथ देती हैं। अब परिणीति ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर सानिया मिर्जा के साथ फोटो साझा की है।

इस फोटो में सानिया और परिणीति एक दूसरे के साथ बैठी नजर आ रही हैं। इस फोटो पर परिणीति ने कहा, इस हफ्ते बीते कुछ खास पल। इन तस्वीरों को सानिया मिर्जा ने भी साझा किया है। सानिया ने अपने बेटे इजहान मलिक, बहन अनम मिर्जा के साथ तस्वीरें साझा की हैं। इन्ही तस्वीरों में परिणीति चोपड़ा भी सानिया के साथ नजर आ रही हैं। सानिया ने इन तस्वीरों को साझा कर कहा, सोल फुल। प्यार भरी तस्वीरों के साथ सानिया ने खाने की भी फोटो साझा की है। वह इस दौरान घूमती हुई नजर आ रही हैं।

परिणीति चोपड़ा इन दिनों पति के साथ दुबई में एक शादी समारोह में शामिल हुई थीं। इस दौरान वह सानिया मिर्जा से भी मिलने पहुंची थीं। इस दौरान ली गई तस्वीरों में परिणीति के साथ सानिया मिर्जा भी नजर आ रही हैं। परिणीति ने तुर्की में शादी के दौरान ली गई कई अन्य तस्वीरें भी साझा की हैं। परिणीति को इन तस्वीरों में लहंगा पहने हुए इंजॉय करते हुए देखा जा सकता है। लाइट पिंक कलर के लहंगे में वह बेहद खूबसूरत लग रही हैं। अपने इस लुक में परिणीति ने चोकर और काले चश्मे को शामिल किया है।

**प्रस्तुतिः सुमित्रा**

# भगवान वाल्मीकि के दिखाये रास्ते पर चलकर ही राष्ट्र का कल्याण हो सकता है: दीपेन्द्र हुड्डा

अर्थ प्रकाश /सुकरमपाल




**रोहतक।** सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने आज रोहतक प्राचीन भगवान् वाल्मीकि मंदिर द्वारा आयोजित भगवान् वाल्मीकि प्रकटोत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस दौरान उन्होंने भगवान् वाल्मीकि की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। दीपेन्द्र हुड्डा ने सभी को %रामायण% महाकाव्य के रचयिता आदि कवि भगवान् वाल्मीकि जी की जयंती पर बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान् वाल्मीकि जी का आशीर्वाद पूरे प्रदेश पर बरसे और आने वाला समय खुशियां लेकर आए। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी ने समाज में व्याप्त बुराइयों को खत्म करने का काम किया और समाज को एकता संदेश दिया। उनके उपदेशों को जीवन में आत्मसात करना ही भगवान् बाल्मिकी जी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने आयोजकों को सफल कार्यक्रम के आयोजन की बधाई भी दी। दीपेंद्र हुड्डा आज रोहतक में कई कार्यक्रमों में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि भगवान् वाल्मिकी के दिखाये रास्ते पर चलकर ही राष्ट्र का कल्याण हो सकता है। उनके आदर्शों को अपनाकर समतामूलक समाज की स्थापना हो सकती है।समतामूलक समाज से आशय ऐसे समाज से है जिसमें प्रत्येक व्यक्ति के प्रति समभाव हो, हर एक व्यक्ति को समाज में यथोचित सम्मान पाने के सभी अवसर समान रूप से उपलब्ध हों। जब सभी व्यक्तियों को जीवन के विभिन्न् क्षेत्रों में श्रेष्ठता सिद्ध करने के पर्याप्त अवसर उपलब्ध रहेंगे तो स्वस्थ प्रतिस्पर्द्धा के साथ समाज में सकारात्मकता बनी रहेगी और समाज प्रगतिशील बनेगा।उन्होंने कहा कि जो गरीब का नहीं वो किसी का नहीं हो सकता। बीजेपी सरकार गरीब, कमजोर और वंचित वर्गों के संवैधानिक अधिकारों पर लगातार चोट पहुंचा रही है। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि 2014 में बीजेपी के सत्ता में आने के बाद से हरियाणा में दलितों के खिलाफ अपराधों में 96.2त्न की वृद्धि हुई है। दलित समाज के खिलाफ अपराध 2014 में 16.2त्न था जो अब बड़कर 38.8त्न पर पहुंच गया है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से विधायक शकुंतला खटक, विधायक बीबी बतरा मौजूद रहे।

## सत्ता पर काबिज हुकमरानों को जनता के हितों से नहीं कोई सरोकार: आदित्य सुरजेवाला

**कैथल (अप्रस)।** कैथल से विधायक आदित्य सुरजेवाला ने बयान जारी करते हुए भाजपा सरकार व मुख्यमंत्री नायब सैनी पर करारा हमला बोला है। मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण में जबरदस्ती सरकारी बसों का इस्तेमाल से जनता को हो रही भारी परेशानी को लेकर भाजपा व नायब सैनी पर विधायक आदित्य सुरजेवाला ने जनविरोधी होने का आरोप लगाया। आदित्य सुरजेवाला ने कहा कि आज तानाशाह शहंशाह के लिए सिंहासन पर बैठने का शुभ अवसर है तो दूसरी तरफ लोकतंत्र के जनक धूप में सफर करने को मजबूर हैं। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी के शपथ ग्रहण समारोह की रौनक में चार चांद लगाने के लिए भाजपा ने हरियाणा रोडवेज की 2105 बसें उनकी सेवा में लगा दी गई हैं। इनमें कैथल से 120 बसों का इस्तेमाल किया गया है। नतीजा यह है कि आज भाजपा की तानाशाही के चलते मजबूरन पूरा हरियाणा पैदल सफर कर रहा है। आदित्य सुरजेवाला ने कहा कि भाजपा असलियत जान चुकी है कि लोग समारोह में जाना नहीं चाहते और जबरन बसें भरने की दिखावटी कोशिश भाजपा सरकार द्वारा की जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी की सत्ता के पहले दिन का आगाज ही जनता से तानाशाही व परेशान करना है तो फिर पांच साल बाद अंजाम क्या होगा, उसका अंदाजा जनता आज खुद लगा चुकी है।

# सीएम नायब सैनी के नेतृत्व में विकास के नए आयाम छुएगा हरियाणा प्रदेश: रामकुमार कश्यप

अर्थ प्रकाश /सीमा देवी



**नायब सैनी जी के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर विधायक ने हलकावासियों को दी बधाई**

**इन्द्री ।** विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि नायब सिंह सैनी द्वारा दूसरी बार मुख्यमंत्री बननने पर पूरे प्रदेश की जनता में खुशी की लहर है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा प्रदेश विकास के नए आयाम छुएगा। सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के साथ काम करने में भाजपा विश्वास रखती है। जनता का विश्वास भाजपा में बढ़ा है और जनता के आशीर्वाद से प्रदेश में तीसरी बार भाजपा सरकार बनी है। सीएम नायब सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में विकास की बयार बहेगी। उन्होंने कहा कि नायब सैनी ने अपने 56 दिन के कार्यकाल में ही जनता की भलाई के लिए अनेक फैसले लिए थे जिनका पूरा लाभ जनता को मिला है। बता दें कि आज गुरुवार को पंचकूला स्थित सेक्टर-5 के दशहरा ग्राउंड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गरिमामयी उपस्थिति में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। इसके साथ ही मंत्रीमंडल ने भी शपथ ग्रहण की। जिसे लेकर प्रदेश जनता में भारी उत्साह देखने को मिला।

पचंकूला में आयोजित भव्य समारोह के दौरान कलाकारों ने हरियाणा की लोक संस्कृति की छटा बिखेरी। इस दौरान देश के विभिन्न राज्यों से मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री, वरिष्ठ मंत्री व राजनेताओं की उपस्थिति रही। प्रदेश के सभी अंचलों से गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

शपथ ग्रहण के अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने संदेश देते हुए कहा कि नॉनस्टॉप हरियाणा के विकास और नवनिर्माण को गतिमान रखने वाले जनादेश के लिए सर्वप्रथम 2.80 करोड़ अपने परिवारजनों का हार्दिक आभार। मेरे जैसे एक सामान्य परिवार से आने वाले कार्यकर्ता को हरियाणा का मुख्य सेवक बनने का अवसर प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री श्री प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार। प्रधानमंत्री जी हरियाणा से आपका विशेष स्नेह हमें निरंतर परिश्रम करने के लिए असीमित ऊर्जा प्रदान करता है।आपके प्रेरणादायी नेतृत्व में हरियाणा विकास की नित नई ऊंचाइयों को स्पर्श कर रहा है।विकास की ये नॉनस्टॉप यात्रा प्रदेश में सतत जारी रहेगी। पूर्ण बहुमत की तीसरी बार भाजपा सरकार पूरी ऊर्जा और उत्साह के साथ सुशासन,समानता और गरीब कल्याण के लिए काम करेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### भगवान वाल्मीकि प्रकट उत्सव पर रसीन गांव में भव्य कार्यक्रम



**घरौंडा (रविन्द्र गिरि)।** गांव रसीन में भगवान वाल्मीकि मंदिर में भगवान वाल्मीकि प्रकट उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर में पंडित पवन कुमार जी द्वारा विधिवत हवन-यज्ञ संपन्न कराया गया। उनके द्वारा सत्संग और रामायण कथा का आयोजन भी किया गया, जिसमें भक्तों ने श्रद्धापूर्वक भाग लिया। गांव की कन्याओं ने भजन और कीर्तन कार्यक्रम प्रस्तुत कर पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस उत्सव में कमेटी की ओर से अटूट लंगर का आयोजन भी किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया, जिससे इसकी भव्यता देखते ही बन रही थी। गांव के सरपंच किताब सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शिरकत की और अपनी ओर से ग्रामीणों की हर समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। कमेटी के सभी सदस्यों ने सरपंच किताब सिंह का गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें बधाई दी। सरपंच ने इस अवसर पर भगवान वाल्मीकि की शिक्षाओं पर चलने का संदेश दिया। इस कार्यक्रम में कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे, जिनमें समाजसेवी ईश्वर, सरपंच किताब सिंह, पवन, चंद्रपाल, राजदीप नंबरदार, रामजवारी, पाली देवी, कमलेश देवी, बरसो देवी, सुशीला रानी और बाला देवी शामिल रहे।

### बरगट जट्ठान मे आदि कवि महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाई




**कुरुक्षेत्र (अरविंद मोहन शर्मा)।** आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल बरगट जट्ठान मे आदि कवि महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाई गई। इस अवसर पर स्कूल के प्रबंधक महोदय श्रीमान सोहन लाल सैनी जी व प्रधानाचार्य जी द्वारा महर्षि वाल्मीकि जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की गई इस अवसर पर वक्ता के द्वारा बताया गया कि महर्षि वाल्मीकि का नाम रत्नाकर था। उन्होंने सर्वप्रथम संस्कृत श्लोक की रचना की थी। इसलिए उन्हें संस्कृत के आदि कवि के रूप में पहचाना जाता है। स्कूल के प्रधानाचार्य श्रीमान रोबिन कुमार जी ने बताया कि वाल्मीकि जी ने रामायण की रचना की थी। इसमें 24 हजार श्लोक और सात कांड लिखे थे। वही स्कूल के प्रबंधक महोदय जी ने कहां कि वाल्मीकि जयंती न केवल साहित्यिक योगदान को नमन करने का दिन है बल्कि उनके द्वारा सिखाए गए आदर्श को जीवन में प्रेरणा का स्त्रोत भी है। उन्होंने अपने जीवन से यह संदेश दिया कि मनुष्य अपनी कर्म निष्ठा व सच्चाई से जीवन को महान बन सकता है।

# क्षेत्र में बढ़ी चोरियों की वारदातें लोगों में भय का माहौल

अर्थ प्रकाश /जयबीर राणा थंबड

**बराड़ा।** क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी और अपराधिक वारदातों से क्षेत्रवासियों में भय का माहौल है। आगामी सर्दी के मौसम में धुंध होने के कारण लोगों को ऐसी घटनाओं से डर सता रहा है। गत सप्ताह एमएम अस्पताल मुलाना और बराड़ा से दिनदहाड़े लूट की वारदातों से क्षेत्र के लोग सहमे हुए हैं। आगे त्यौहारों का भी सीजन है, ऐसे में लोगों को अपने साथ किसी अनहोनी का भय सता रहा है। रोजमर्रा के काम करने वाले देर रात भी अपने काम से लौटते हैं, ऐसे में उन्हें सुरक्षित माहौल जरूरी है। इसके अलावा क्षेत्र में सबसे ज्यादा बाइक चोरी की वारदातें हो रही हैं। बाइक चोर खुलेआम वारदातों को अंजाम दे रहे हैं और गरीब व्यक्ति उनका शिकार बन रहा है। लोगों का कहना कि त्यौहारों चलते क्षेत्र में गश्त बढ़ाई जाए और अपराधियों पर शिकंजा कसा जाए।

**इस माह हुई वारदातें :** 12 अक्टूबर को धीन निवासी साहिल की बाइक दशहरा ग्राउंड बराड़ा से चोरी हो गई। वहीं दादुपुर निवासी शेर सिंह की बाइक अनूप डेयरी के पास से 13 अक्टूबर को चोरी हो गई। इसके अलावा बराड़ा निवासी जरनैल सिंह ने अपनी बाइक चोरी होना का मामला बराड़ा चौकी में दर्ज कराया। बराड़ा निवासी सुरजीत सिंह की बाइक भी बराड़ा अनाज मंडी से चोरी हो गई थी। 10 अक्टूबर को एमएम अस्पताल परिसर में दुकान करने वाले बराड़ा निवासी भजन सिंह से करीब 40 हजार रुपए युवक छीन ले गया। इसी दिन बराड़ा में राजौली रोड पर भी एक दुकान पर बैठे व्यक्ति पर चाकू से हमला कर उससे नकदी छीन ली। 3 अक्टूबर को धनौरा के गुरु रविदास मंदिर का ताला तोड़कर उसमें चोरी की गई। 7 अक्टूबर को खेड़की खानपुर के रफी की बाइक एमएम अस्पताल के बाहर से चोरी हो गई।

# नायब सरकार से हलके में होगा चहुंमुखी विकास : डा. अरविंद शर्मा

**नायब सैनी जी के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर विधायक ने हलकावासियों को दी बधाई**

अर्थ प्रकाश /आदेश त्यागी



**गोहाना।** कैबिनेट मंत्री डा. अरविंद शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में विकास को गति मिलेगी। जनता ने जो विश्वास जताया है भाजपा सरकार उसपर खरा उतरने का काम करेगी। पिछले दस सालों में भाजपा सरकार ने जनता की भलाई के लिए अनेक हितकारी निर्णय लिए हैं और जनता के आशीर्वाद से ही एक बार फिर भाजपा सरकार बनी है। जनता के विश्वास के साथ हलके में समान रूप से विकास कार्य होंगे। उन्होंने हलके की जनता का धन्यवाद करते हुए कहा कि हलके में विकास की कमीं नहीं रहने दी जाएगी। विकास और भाजपा एक दूसरे के संपूरक हैं। भाजपा के तीसरे कार्यकाल में सभी अधूरे कामों को तेज गति से पूरा करवाया जाएगा। बता दें कि आज गुरुवार को पंचकूला स्थित सेक्टर-5 के दशहरा ग्राउंड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गरिमामयी उपस्थिति में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। इस अवसर पर डा. अरविंद शर्मा ने भी अन्य मंत्रियों के साथ कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। जिसे लेकर प्रदेश जनता में भारी उत्साह देखने को मिला। पचंकूला में आयोजित भव्य समारोह के दौरान कलाकारों ने हरियाणा की लोक संस्कृति की छटा बिखेरी। इस दौरान देश के विभिन्न राज्यों से मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री, वरिष्ठ मंत्री व राजनेताओं की उपस्थिति रही। प्रदेश के सभी अंचलों से गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

शपथ ग्रहण के अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने संदेश देते हुए कहा कि नॉनस्टॉप हरियाणा के विकास और नवनिर्माण को गतिमान रखने वाले जनादेश के लिए सर्वप्रथम 2.80 करोड़ अपने परिवारजनों का हार्दिक आभार। मेरे जैसे एक सामान्य परिवार से आने वाले कार्यकर्ता को हरियाणा का मुख्य सेवक बनने का अवसर प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री श्री प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार। प्रधानमंत्री जी हरियाणा से आपका विशेष स्नेह हमें निरंतर परिश्रम करने के लिए असीमित ऊर्जा प्रदान करता है।आपके प्रेरणादायी नेतृत्व में हरियाणा विकास की नित नई ऊंचाइयों को स्पर्श कर रहा है।विकास की ये नॉनस्टॉप यात्रा प्रदेश में सतत जारी रहेगी। पूर्ण बहुमत की तीसरी बार भाजपा सरकार पूरी ऊर्जा और उत्साह के साथ सुशासन,समानता और गरीब कल्याण के लिए काम करेगी।

## हरियाणा में युवक की गोली मारकर हत्या

**हिसार (अप्रस)।** हरियाणा के हिसार में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हमलावर बाइक पर सवार होकर आए थे और युवक अपनी दुकान पर बैठा था। हमलावर कोल्ड ड्रिंक लेने के बहाने दुकान में आए और जब दुकानदार युवक कोल्ड ड्रिंक निकाल कर देने लगा तो ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। जिससे युवक की मौत हो गई।

**दुकान पर बैठा था, कोल्ड ड्रिंक लेने के बहाने आए हमलावरों ने की**

मृतक युवक का नाम सोनू बताया गया है जो बुगाना गांव का रहने वाला था। घटना गुरुवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे की बताई जा रही है।

आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ग्रामीणों और परिजनों ने हिसार-चंडीगढ़ हाईवे जाम कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# सीएम नायब सैनी के नेतृत्व में होगा तेज गति से विकास : कृष्णा गहलावत

**नायब सैनी जी के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर विधायक ने हलकावासियों को दी बधाई**

अर्थ प्रकाश /आदेश त्यागी



**राई।** राई विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों और जनहितैषी योजनाओं और प्रदेश में हुआ समान रूप से विकास के चलते एक बार फिर प्रदेश में कोने-कोने में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में विकास तेजी से होगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में विकास को गति मिलेगी। तेजी से पूरे प्रदेश व हलके में समान रूप से विकास कार्य होंगे। भाजपा ने हमेशा सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के साथ जनता की भलाई के लिए काम किया है। यही वजह है कि जनता ने एक बार भाजपा पर अपना विश्वास जताया। भाजपा लगातार तीसरी बार प्रदेश की जनता की भलाई के लिए काम करेगी और डबल इंजन की सरकार में प्रदेश का चहुमुखी विकास होगा। उन्होंने हलका व प्रदेशवासियों को नायब सैनी द्वारा मुख्यमंत्री की शपथ लिए जाने पर बधाई व शुभकामनाएं दी। बता दें कि आज गुरुवार को पंचकूला स्थित सेक्टर-5 के दशहरा ग्राउंड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गरिमामयी उपस्थिति में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। इसके साथ ही मंत्रीमंडल ने भी शपथ ग्रहण की। जिसे लेकर प्रदेश जनता में भारी उत्साह देखने को मिला। पचंकूला में आयोजित भव्य समारोह के दौरान कलाकारों ने हरियाणा की लोक संस्कृति की छटा बिखेरी। इस दौरान देश के विभिन्न राज्यों से मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री, वरिष्ठ मंत्री व राजनेताओं की उपस्थिति रही। प्रदेश के सभी अंचलों से गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। शपथ ग्रहण के अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने संदेश देते हुए कहा कि नॉनस्टॉप हरियाणा के विकास और नवनिर्माण को गतिमान रखने वाले जनादेश के लिए सर्वप्रथम 2.80 करोड़ अपने परिवारजनों का हार्दिक आभार। मेरे जैसे एक सामान्य परिवार से आने वाले कार्यकर्ता को हरियाणा का मुख्य सेवक बनने का अवसर प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री श्री प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार। प्रधानमंत्री जी हरियाणा से आपका विशेष स्नेह हमें निरंतर परिश्रम करने के लिए असीमित ऊर्जा प्रदान करता है।आपके प्रेरणादायी नेतृत्व में हरियाणा विकास की नित नई ऊंचाइयों को स्पर्श कर रहा है।विकास की ये नॉनस्टॉप यात्रा प्रदेश में सतत जारी रहेगी।

# घरौंडा में खेत जा रहे किसान पर जानलेवा हमला

अर्थ प्रकाश /रविन्द्र गिरि



**घरौंडा।** गांव गढ़ी भरल में एक किसान पर खेत जाते समय हमला हुआ। बाइक से खेत जा रहे किसान का रास्ता रोककर हथियारबंद हमलावरों ने उस पर लाठी-डंडों और चाकुओं से हमला किया। किसान अपनी जान बचाकर पास के एक घर में छिपने की कोशिश कर रहा था, लेकिन हमलावरों ने उसका पीछा किया और घर के अंदर घुसकर भी उसे पीटा। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने किसान की जान बचाई और उसे गंभीर अवस्था में अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव गढीभरल के निवासी सोयब के परिवार पर पिछले छह महीनों में कई बार हमले हो चुके हैं। यह हमला भी पुरानी रंजिश से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है। सोयब ने शिकायत में बताया कि यह चौथा मौका है जब आरोपियों ने उसे और उसके परिवार को निशाना बनाया है। पहले के तीन हमले भी इसी तरह से हुए थे, जिनकी शिकायतें पुलिस में पहले से दर्ज हैं।

किसान और उसका परिवार पुलिस में शिकायत दर्ज कराने के लिए निकल रहे थे, तभी आरोपियों ने रास्ते में रोककर उन्हें धमकी दी कि अगर उन्होंने शिकायत की तो परिणाम बुरे होंगे। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह की घटनाओं से इलाके में डर का माहौल है, और पुलिस को जल्दी कार्रवाई करनी चाहिए। जांच अधिकारी प्रवीण कुमार ने बताया कि शोएब की शिकायत के आधार पर हमलावरों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। जो भी तथ्य सामने आएंगे,उनके अनुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# नायब सैनी को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर हरविंद्र कल्याण ने दी बधाई

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**घरौंडा।** हरियाणा के नए मुख्यमंत्री के रूप में नायब सिंह सैनी ने पंचकूला के सेक्टर-5 दशहरा ग्राउंड में आयोजित भव्य समारोह में शपथ ग्रहण की। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। शपथ ग्रहण के अवसर पर कलाकारों ने हरियाणा की लोक संस्कृति की झलक प्रस्तुत की, जिससे समारोह में चार चांद लग गए। घरौंडा के विधायक हरविंद्र कल्याण ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को बधाई देते हुए कहा कि सैनी के नेतृत्व में भाजपा सरकार जनता के विश्वास पर खरी उतरेगी। उन्होंने कहा, ÷पिछले दस वर्षों में भाजपा सरकार ने जनता के कल्याण के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं, और जनता के आशीर्वाद से एक बार फिर सरकार बनी है।÷

विधायक कल्याण ने हलके की जनता का आभार प्रकट करते हुए आश्वासन दिया कि क्षेत्र में विकास कार्यो में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने कहा, 'भाजपा और विकास एक-दूसरे के पूरक हैं, और तीसरे कार्यकाल में अधूरे कामों को तेजी से पूरा किया जाएगा।'

# कैंसर अब लाइलाज नहीं, 1000 से ज्यादा कैंसर मरीजों का सफल इलाज

अर्थ प्रकाश /सुकरमपाल




**जींद।** पोजीट्रोन अस्पताल में आज कैंसर के ऊपर प्रेस वार्ता रखी गई जिसमें पी जी आई से सेवानिवृत्त डॉ जलि सिंह कुण्डू ने बढ़ते हुए कैंसर के बारे में चर्चा की और उससे कैसे बचा जा सकता है वो सब बताया । उन्होंने बताया कि प्रदेश में कैंसर मरिजो की बढ़ोतरी हुई है इसी को ध्यान में रखते हुए पोजीट्रोन अस्पताल में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया । इस मोके पर डॉ संजय बड़ेसरा स्त्री कैंसर रोग विशेषज्ञ , डॉ मनीष शर्मा कैंसर रोग विशेषज्ञ , डॉ संदीप भूकर कान, नाक व गला कैंसर रोग विशेषज्ञ और डॉ मनोज तायल कैंसर रोग विशेषज्ञ मोजूद रहे । अस्पताल के सीईओ अनिल यादव जी ने बताया कि अस्पताल में उच्च सत्र की मशीनों द्वारा कैंसर की स्क्रीनिंग की जाती है ताकि मरीज की बीमारी का अच्छे से पता लगाया जा सके, जैसे ही मरीज की बीमारी का पता चलता है तो ट्यूमर बोर्ड की टीम ही सुनिश्चित करती है की मरीज का इलाज किस प्रकार होगा 7 ट्यूमर बोर्ड की टीम में सर्जिकल ऑनकोलॉजीस्ट, मेडिकल ऑनकोलॉजिस्ट, रेडिएशन ऑनकोलॉजिस्ट, पैथोलॉजिस्टि, डायग्नॉस्टिक रेडियोलॉजिस्टि और अमेरिका से भी डॉक्टर जुड़े हुए है जो वहा की नवीनतम तकनीक यहां सांझा करते है और फिर उसी के आधार पर मरीज का इलाज शुरू होता है। कैंसर को पहचानने मे पैथोलॉजी और डायग्नॉस्टिक रेडियोलॉजी विभाग के अनुभवी डॉक्टर अहम भूमिका निभाते है जिससे कैंसर की पहचान करने के बाद सही समय पर सही इलाज शुरू कर दिया जाता है , अस्पताल इन विभाग को सफलता का श्रेय देता है। अस्पताल में सभी प्रकार के कैंसर के ऑपरेशन, इम्युनोथेरेपी, टार्गेटेड थेरेपी, कीमोथेरेपी, रेडिएशन थेरेपी, कैंसर लैब, पैथोलॉजी लैब, डायग्नोस्टिक रेडियोलॉजी जैसे सभी सुविधाए एक ही छत के नीचे उपलब्ध है। आज हमे खुशी होती है ये बताते हुए की अभी तक हम 1000 से ज्यादा कैंसर के ऑपरेशन व 500 से ज्यादा मरीजों की कीमोथेरेपी कर चुके है। मरीज इलाज करवाने के बाद आते है और हमे बताते है कि अब वो शकुशाल अपना जीवन बिता रहे है। अमेरिका में 26 सेंटर चलाने के बाद पोजीट्रोन अस्पताल को भी उन्ही तकनीकों के साथ बनाया गया है ताकी मरीज को बेहतर इलाज रोहतक में मिल सके और उसे दिल्ली या गुड़गांव जैसे बड़े शहरो में ना जाना पड़े।

# मुलाना में भाजपा कार्यकर्ताओं ने नायब सैनी के दूसरी बार मुख्यमंत्री बनने पर बांटे लड्डू



अर्थ प्रकाश /सचिन मलिक

**मुलाना।** मुलाना में भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने हरियाणा में तीसरी बार भाजपा सरकार और दूसरी बार नायब सैनी के हरियाणा मुख्यमंत्री बनने की खुशी में मुलाना बाजार में लड्डू वितरित कर लोगों का मुंह मीठा कराया गया। इस दौरान आतिशबाजी भी की गई। भाजपा कार्यकर्ताओं ने माता बाला सुंदरी मंदिर से लेकर मुलाना बाजार में लड्डू वितरित किए। भाजपा पदाधिकारियों ने कहा कि जनता ने बिना पर्ची व बिना खर्ची वाली डबल इंजन सरकार को चुना है। इसके लिए वो जनता का आभार व्यक्त करते है।

मौके पर भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा कार्यकारणी सदस्य मोनिका कालड़ा ,पूर्व सरपंच नरेश चौहान, सुरेश गुलाटी,श्रीपाल जैन, रॉकी बंसल, विनोद वाल्मिकी, संजय चानना, वरूण गुप्ता, बंटी शर्मा, अश्वनी मंगल, राजू सहित अन्य मौजूद रहे।

# म्हारा नायब है न्यारा : बरवाला, नारायणगढ़, लाडवा, कुरुक्षेत्र और करनाल के ग्रामीण गदगद

## बोले-बरसों से विकास से अछूता हरियाणा अब विकास को मिलेगी रफ्तार

अर्थ प्रकाश आदित्य शर्मा



पंचकूला। हरियाणा प्रदेश के नवनियुक्त मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के शपथ लेते ही जिला के बरवाला खंड समेत नारायणगढ़, लाडवा, कुरूक्षेत्र और करनाल के ग्रामीण गदगद हो उठे हैं। इसका साक्षी वीरवार को पंचकूला बना। जहां हजारों की संख्या में पहुंचे प्रदेश के विभिन्न जिलों के लोगों में वे चेहरे भी थे, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ साथ नवनियुक्त सीएम नायब सिंह सैनी की झलक पाना चाहते थे। मूलरूप रूप से नारायणगढ़ के रहने वाले नायब सिंह सैनी के दोबारा सीएम पद की शपथ लेने पर ग्रामीणों ने खुशी का इजहार अपने अपने अंदाज में किया। कोई बोला म्हारा नायब है ही न्यारा तो कोई बोला नायब का जादू तो अब चलेगा। किसी ने गाना गाकर तो किसी ने कविता में नायब सिंह सैनी की तारीफ की। बरवाला, नारायणगढ़ और लाडवा के ग्रामीणों ने कहा कि हमारे भाग खुल गए हैं क्योंकि किसी भी मुख्यमंत्री ने अब तक उनके इलाके में विकास नहीं करवाया। हरियाणा का आधा हिस्सा विकास से अछूता ही रह



जाता था। अब पंचकूला जैसा हमारा इलाका भी चम चम करेगा। उनकी मूलभूत सुविधाओं का टोटा दूर होगा।

**पब्लिक ज्यादा हैं मोदी जी को सुन कर जाएंगे :** बरवाला, अंबाला, नारायणगढ़ से आए ग्रामीणों को जब भीड़ के चलते एंट्री मिलना संभव नहीं हो पाया तो वे वहीं बैठ गए। उनकी चाहत थी कि वे नरेंद्र मोदी के साथ साथ सीएम नायब सिंह सैनी को भी सुन जाएंगे। ग्रामीणों ने कहा कि वे अब पंचकूला आ गए हैं और वापस जाने का नाम नहीं उठता वे उनके दर्शन न कर पाएं लेकिन उन्हें सुने बगैर नहीं जाएंगे। बता दें कि समारोह स्थल पर प्रशासन द्वारा 10 एंट्री गेट बनाए गए थे, लेकिन समर्थकों की भीड़ से अटे पड़े रहे।

### नायब सैनी हैं खास




अंबाला के मुलाना हलके से आए वृद्ध राजकुमार ने कहा कि नायब सैनी खास हैं। वह लोगों के बीच से आए हैं और मुख्यमंत्री बने हैं। इसलिए उन्हें मिलना चाहता हूं। देखना चाहता हूं कि हमारे क्षेत्र का युवा मुख्यमंत्री बन कर कैसा लगता है। उनसे पूछा जाएगा।

### स्क्रीन पर देख जताई खुशी



अंबाला से आए मेहरचंद ने बताया कि अंबाला से 50 लोग उनके साथ बस में आए हैं। उनके लिए बस का प्रबंध किया गया है हम अंदर जाकर आए हैं और स्क्रीन पर नायब सैनी और नरेंद्र मोदी को देखकर मन गदगद हो गया है।

### भाजपा ने तीसरी बार हैट्रिक लगाई







करनाल से भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील गुप्ता ने कहा कि भाजपा ने प्रदेश में तीसरी बार हैट्रिक लगाई है। करनाल के जगदीश खटक ने कहा कि वह बड़े उत्साह के साथ हैं। यहां मेले जैसा माहौल है। सब लोग घूम फिर रहे हैं। अंदर एक राउंड लगा आए हैं। शमशेर कल्याण ने कहा कि वे खासा उत्साहित हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### दर्शन अकादमी ने किया पिकनिक का आयोजन



**कालका (अप्रस)।** विगत बुधवार को दर्शन अकादमी कालका द्वारा अपने बच्चों के लिए पिकनिक का आयोजन किया गया पिकनिक आयोजन के तहत बच्चों को तीन अलग-अलग ग्रुप में बांटा गया ।प्री प्राइमरी विंग के लिए यादविंद्रा गार्डन (पिंजौर) कक्षा 1 से 4 तक चोखी ढाणी (अमरावती)और कक्षा 5 से 8 तक के बच्चों को अमृतसर ले जाया गया। सभी बच्चे इस आयोजन से बहुत खुश हुए उत्साहित नजर आए। पिंजौर गार्डन व चोखी ढाणी में बच्चों ने अनेक गतिविधियों (मिकी माउस जंपिंग बैलून, टॉय ट्रेन, कठपुतली डांस ,जादू का खेल, राजस्थानी नृत्य, नाट का खेल, भूल- भुलैया आदि का आनंद उठाया। चोखी ढाणी में बच्चों के लिए भोजन का प्रबंध भी किया गया। कक्षा 5 से 8 तक के बच्चों के लिए पिकनिक के तहत अमृतसर ले जाया गया जहां बच्चों ने स्वर्ण मंदिर, गुरुद्वारा बाबा दीप सिंह जी शाहिद, जलियांवाला बाग दुर्ग्याना टेंपल आदि निर्धारित स्थल थे। सर्वप्रथम बच्चों ने स्वर्ण मंदिर जाकर गुरुद्वारे में दर्शन किए तथा माथा टेका ।उसके पश्चात बच्चे प्रसिद्ध ऐतिहासिक स्थल जलियांवाला बाग गए जहां बच्चों ने 13 अप्रैल 1919 के नृशंस हत्याकांड की जानकारी प्राप्त की। बच्चों को दुर्ग्याना टेंपल व गुरुद्वारा साहिब बाबा दीप सिंह जी शाहिद भी ले जाया गया ।पिकनिक के दौरान सभी बच्चों ने खूब मस्ती की पिकनिक का सारा आयोजन शिक्षकों की देखरेख में संपन्न हुआ ।विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री निखिल खुराना जी ने बताया कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ मनोरंजन की भी आवश्यकता होती है। इस प्रकार का आयोजन बच्चों में ऐतिहासिक जानकारी के साथ-साथ ताजगी स्फूर्ति व ऊर्जा भर देता है ।एक ताजगी स्फूर्ति व ऊर्जा भर देता है।

### एसडी कॉलेज में आयोजित हुआ 6वां राष्ट्रीय सम्मेलन

**चंडीगढ़ (साजन शर्मा)।** सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज के फिजिक्स क्लब- बोसोन्स की ओर से इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) के सहयोग से 'मेडिकल साइंस में हालिया प्रगति' पर 6 वें राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। यह सम्मेलन चंडीगढ़ प्रशासन के साइंस एंड टेक्नोलॉजी एवं रिन्यूएबल एनर्जी विभाग द्वारा प्रायोजित था तथा इसमें डीबीटी बिल्डर योजना का सहयोग भी था। इस सम्मेलन में प्रमुख विशेषज्ञों, शोधकर्ताओं और छात्रों को मैटीरियल साइंस में सफलताओं की खोज करने और सहयोगात्मक चर्चाओं को बढ़ावा देने के लिए एक साथ लाया गया। सम्मेलन का उद्घाटन पंजाब स्टेट काउंसिल फॉर साइंस एंड टेक्नोलॉजी की पूर्व कार्यकारी निदेशक तथा पंजाब बायोडायवर्सिटी बोर्ड की सदस्य सचिव डॉ. जतिंदर कौर अरोड़ा के मुख्य भाषण से हुआ। डॉ. अरोड़ा ने राष्ट्रीय लक्ष्यों के अनुरूप अनुसंधान के महत्व पर बल दिया, विशेष रूप से सामाजिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सस्टेनेबल टेक्नोलॉजिस और मैटिरियल्स के विकास में। इस सम्मेलन में कई प्रतिष्ठित वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। सीएसआईआर-नेशनल फिजिकल लैबोरेटरी, नई दिल्ली के सीनियर प्रिंसिपल साइंटिस्ट एवं प्रोफेसर (एसीएसआईआर) डॉ. बिपिन कुमार गुप्ता ने भारत को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण प्रकाशमान मैटीरियल्स के स्वदेशी विकास पर चर्चा की। आईआईटी रोपड़ में फिजिक्स विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मुकेश कुमार ने सेंसर अनुप्रयोगों के लिए द्वि-आयामी सामग्रियों और हेटरोस्ट्रक्चर की क्षमता पर प्रस्तुति दी। एनआईटी कुरुक्षेत्र के प्रोफेसर यशचंद्र द्विवेदी ने लैंथेनाइड-डोप्ड सामग्रियों के ऑप्टिकल मॉड्यूलेशन और फॉस्फोरसेंट मूल्यांकन पर अंतर्दृष्टि साझा की। सम्मेलन ने थ्योरिस्ट्स और एक्सपेरिमेंटलिस्ट्स को विचारों के आदान-प्रदान तथा उभरते अनुसंधान क्षेत्रों का पता लगाने के लिए एक मूल्यवान मंच प्रदान किया। प्रतिभागियों ने मैटीरियल साइंस में नवीनतम रुझानों पर परस्पर संवादात्मक चर्चा की तथा वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए नई सामग्रियों के विकास हेतु रणनीतियों की पहचान की। जीजीडीएसडी कॉलेज सोसायटी की प्रेसिडेंट वैशाली शर्मा ने सम्मेलन के मुख्य पैटर्न की भूमिका निभाई, जबकि प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा ने पैटर्न की भूमिका निभाते हुए सभी उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया और कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. अजय शर्मा ने वैज्ञानिक आदान-प्रदान और नवाचार के लिए जीवंत वातावरण बनाने के लिए आयोजकों की प्रशंसा की तथा इस बात पर बल दिया कि इस तरह के सम्मेलन अनुसंधान को आगे बढ़ाने और भावी वैज्ञानिकों को प्रेरित करने के लिए आवश्यक हैं।

# पीजीआई में आउटसोर्स कर्मचारियों की हड़ताल हुई खत्म

## शुक्रवार से ओपीडी नियमित रुप से चलेगी और इलैक्टिव सर्जरी भी होंगी

हाई कोर्ट के फैसले के बाद अपनी ड्यूटियों पर लौटे कर्मी

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 17 अक्तूबर।** पीजीआई में अस्पताल परिचारकों, सफाई परिचारकों और वाहकों सहित आउटसोर्स कर्मचारी अपने एरियर की मांग को लेकर सात दिनों से हड़ताल पर थे लेकिन कोर्ट के आदेश के बाद गुरुवार को सभी हड़ताल खत्म कर सुबह अपने अपने विभागों में डयूटियों पर लौट आए। हड़ताल के खत्म होने पर संस्थान प्रबंधन ने आज राहत की सांस ली।

हड़ताल के चलते ओपीडी में नये मरीजों का पंजीकरण प्रबंधन ने बंद कर दिया था। वहीं, मात्र सुबह दो घंटे पुराने मरीजों का पंजीकरण किया जा रहा था। इसके साथ पहले से किए गए सारे आनलाइन पंजीकरण रद्द कर दिए गए थे। ऐसे में हड़ताल के चलते इमरजेंसी मे बोझ देखने को मिला। पीजीआइ में हर दिन इलाज के लिए करीब 12 हजार नए मरीजों का आते हैं। ऐसे में सात दिनों तक हड़ताल व नए पंजीकरण न होने के चलते करीब हजारों मरीजों को बिना इलाज मजबूरी में घर लौटना पड़ा।

गुरुवार को वाल्मीकि जयंती की छुट्टी होने के चलते मात्र दो घंटे ओपीडी चालू रही, जिसमें पुराने 2788 मरीजों को इलाज मिला। शुक्रवार से पीजीआई में पहले की तरह मरीजों को बिना परेशानी के इलाज मिलेगा।

पंजाब - हरियाणा हाईकोर्ट ने पीजीआइ में चल रही अनुबंध कर्मियों हड़ताल को खत्म करने को लेकर आदेश दिए थे। आर्डर होने के बावजूद कर्मचारी हड़ताल जारी रखने की बात करते रहे। वहीं, वीरवार की सुबह कुछ कर्मचारी अपने काम पर लौट गए।

पीजीआइ में अटेंडेंट व सफाई कर्मियों की हड़ताल से अस्पताल में स्वच्छता और सफाई व्यवस्था खतरे में पडने् पर पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने कड़ा रुख अपनाते हुए हड़ताल पर बुधवार को रोक लगाते हुए कर्मियों को तुरंत काम पर लौटने का आदेश दिया थे। इसके साथ काम पर वापस न लौटने पर चंडीगढ़ प्रशासन व पीजीआई प्रबंधन को कार्रवाई करने के आदेश दिए थे। हाईकोर्ट ने कहा अस्पताल अनिवार्य क्षेत्र है और इसके कर्मचारी सेवा विवाद के चलते काम से गैर मौजूद नहीं रह सकते।

पीजीआई में रेंजीडेंट चिकित्सकों ने एक दिन हड़ताल के बाद दूसरे दिन अपनी हड़ताल को खत्म कर दिया था और वार्डो एवं इमरजेंसी में अपनी सेवाएं शुरू कर मानवता की सेवा को जारी की।

### कई कर्मचारी काम पर लौटे



पीजीआई में आउटसोर्स कर्मचारियों की हड़ताल खत्म होने के बाद गुरुवार को कुल 240 सफाई परिचारक, 156 अस्पताल परिचारक और 53 वाहक आज अपनी निर्धारित शिफ्ट में ड्यूटी पर आए। उक्त जानकारी पीजीआई के प्रवक्ता ने दी। सात दिवसीय हड़ताल के दौरान, पीजीआई प्रबंधन ने यह सुनिश्चित किया कि नियमित कर्मचारियों और विश्व मानव रूहानी केंद्र, सुख फाउंडेशन, रोटारैक्ट और राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों जैसे स्वैच्छिक संगठनों की सहायता से महत्वपूर्ण सेवाएं जारी रहें। पीजीआई के निदेशक प्रो. विवेक लाल ने अनिश्चितता के इस दौर में आगे आने वाले सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। हम हड़ताल के दौरान उनके अटूट समर्थन और बिना शर्त सेवा के लिए स्वैच्छिक संगठनों और एनएसएस स्वयंसेवकों के बहुत आभारी हैं। यह सुनिश्चित करने में उनका योगदान अमूल्य रहा है कि हमारी महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं चालू रहें। सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए उनका समर्पण वास्तव में सराहनीय है, और हम उनके प्रयासों की गहराई से सराहना करते हैं।

### 32 हजार से ज्यादा रोगियों की जांच की: प्रो. विपिन कौशल

प्रो. विपिन कौशल, चिकित्सा अधीक्षक ने हड़ताल अवधि के दौरान प्रदान की गई सेवाओं के बारे में विस्तार से बताया कि हड़ताल से उत्पन्न चुनौतियों के बावजूद, हम बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) में कुल 32,555 रोगियों की जांच करने में सफल रहे, जबकि आपातकालीन और ट्रॉमा ओपीडी में 2,023 मामले देखे गए। इस दौरान 1,485 रोगियों को इनडोर देखभाल के लिए भर्ती कराया गया, जिनमें से 1,892 को सफलतापूर्वक छुट्टी दे दी गई। इसके अतिरिक्त, 409 सर्जरी और 157 कैथ प्रक्रियाएं की गईं, जो संस्थान की व्यापक नैदानिक सेवाओं को दर्शाती हैं। इसके अलावा, 78 प्रसव और 699 डे केयर कीमोथेरेपी सत्र पूरे किए गए, जो विभिन्न विषयों में रोगी देखभाल और उपचार में पीजीआई की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है। प्रो. कौशल ने उन कर्मचारियों की भी सराहना की जिन्होंने काम करना जारी रखा और महत्वपूर्ण सेवाओं को चालू रखने में मदद की। अब हड़ताल खत्म होने के बाद पीजीआई 18 अक्तूबर से नए और अनुवर्ती मामलों, वैकल्पिक सेवाओं और प्रवेश दोनों के लिए सुबह 8 बजे से 11 बजे तक ओपीडी पंजीकरण सहित पूर्ण सेवाएं फिर से शुरू करने के लिए तैयार है। आपातकालीन, ट्रॉमा और आईसीयू सेवाएं हमेशा की तरह काम करेंगी। संस्थान यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि हड़ताल के दौरान बना बैकलॉग तेजी से साफ हो जाए और सभी मरीजों को वह उच्च गुणवत्ता वाली देखभाल मिले जिसकी वे पीजीआई से उम्मीद करते हैं।

### स्ट्रीट लाइटें बार-बार खराब होने से पसरा अंधेरा

**पंचकूला (अप्रस)।** सिटीजंस वेलफेयर एसोसिएशन ने नगर आयुक्त सचिन गुप्ता, विधायक चंद्र मोहन, कुलभूषण गोयल, मेयर, एमसी और विजय गोयल, एसई, एमसी, पंचकूला से आग्रह किया है कि डिवाइडिंग रोड सेक्टर 9/10 पर अंधेरे से छुटकारा पाने के लिए सड़क के सेक्टर 9-किनारे पर तुरंत नई एलईडी लगाने और बदलने के लिए कहा जाए। स्ट्रीट लाइटें बार-बार खराब होने के कारण अंधेरा बना रहता है। इसलिए सड़कों पर स्ट्रीट लाइटें ठीक से चल रही हो, यह भी सुनिश्चित करें। लगभग हर 2-3 दिन में कुछ न कुछ खराबी के कारण स्ट्रीट लाइटें बंद हो जाती हैं, जिससे यात्रियों को दुर्घटना का खतरा बना रहता है। सीडब्ल्यूए के सदस्यों ने त्योहारों के इन दिनों में 'दिपावाली' से पहले स्ट्रीट लाइटें बदलने का भी आग्रह किया।

एसोसिएशन के प्रधान एस के नैयर ने बताया कि नगर निगम (एमसी) अधिक रोशनी के लिए, किफायती आधार पर और मौजूदा एलईडी की तुलना में अधिक रोशनी के लिए, पूरे पंचकूला में सभी पुराने-सोडियम-लाइट-प्वाइंट आदि को नई एलईडी-लाइट के साथ बदलने का दावा कर रहा है। इसमें कोई संदेह नहीं कि आर्थिक दृष्टि से, लंबे समय तक भविष्य के लिए बिजली की खपत की बचत होगी। यह एमसी द्वारा अपनाया गया बेहतर प्रस्ताव है।

# सड़कों के कर्मचारी 24 को उतरेंगे सड़कों पर बनी रणनीति

सीएमसी रोड वर्करज यूनियन ने रोड बूथों में की गेट मीटिंग

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा



**चंडीगढ़, 17 अक्तूबर।** सीएमसी रोड वर्करज यूनियन द्वारा फेडरेशन ऑफ यूटी इंप्लाइज एंड वर्करज चंडीगढ़ के आह्वान पर 24 अक्टूबर को धरने में शामिल होने के फैसले के बाद धरने की तैयारी शुरू कर दी है। बुधवार को रोड बूथ सेक्टर 34 तथा सेक्टर 16, सेक्टर 29, सेक्टर 9 में गेट मीटिंग के बाद रोड बूथ सेक्टर 25 में संयुक्त बैठक कर रणनीति बनाई गई। बैठक में यूनियन के प्रधान तोपलान, अध्यक्ष पी राजेंद्रन महासचिव प्रेमपाल, सुरिन्द्र तथा फेडरेशन के महासचिव गोपाल दत्त जोशी ने मांगों के प्रति चंडीगढ़ प्रशासन तथा नगर निगम के अधिकारियों के नकारात्मक रवैये की तीखी निंदा की। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारियों के नकारात्मक रवैये के कारण कर्मचारियों की मांगें काफी लंबे समय से लटकी पड़ी हैं। उनकी इन मांगों पर कोई सकारात्मक कदम न उठाने के कारण कर्मचारियों में काफी रोष है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को दिवाली से पहले बोनस व एरियर देने की मांग उठाई गई है। वहीं विभाग में 20-25 सालों से काम कर रहे डेलीवेज कर्मचारियों को पक्का नहीं किया गया उन्हें बिना शर्त पक्का किया जाना चाहिए। वक्ताओं ने सभी कर्मचारियों को दिये जा रहे धरने में भारी संख्या में शामिल होने की अपील की। कर्मचारियों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तथा दोनों हाथों को उठाकर 24 अक्टूबर के धरने में शामिल होने का विश्वास दिलाया। इसी प्रकार डेली वेज, आउटसोर्सिंग व कॉन्ट्रैक्ट कर्मियों का प्रोविडेंट फण्ड व इ एस आई की कटौती भी नहीं की जा रही है। वे विभाग से मांग कर थक चुके हैं। इस कटौती को सुनिश्चित की जानी चाहिए। विभाग से रिटायर हुए कर्मचारियों की तर्ज पर पहले से लागू फैसले के अनुसार 1 जनवरी 2016 से संशोधित वेतन का भुगतान व एरियर दिया जाये।

उन्होंने मांगें दोहराते हुए कहा कि पक्के हुए कर्मचारियों को भी संशोधित वेतन व महंगाई भत्ता दिया जाये। विभाग द्वारा बनाई सिक्योरिटी में कर्मचारियों के नाम, पिता का नाम तथा जन्म तारीख की जगह खाली छोड़े गये कॉलम को भरा का संशोधन कर कर्मचारियों को शीघ्र पक्का किया जाये। उन्होंने बताया कि फील्ड कर्मचारियों को सर्दी व गर्मी की वर्दियां, सिलाई, गम बूट व बरसाती दी जाये तथा डेली वेज, कॉन्ट्रैक्ट व आउटसोर्सिंग कर्मियों को प्रशासन की हिदायतों के अनुसार हर माह 7 तारीख से पहले वेतन का भुगतान किया जाये। 250 के करीब आउटसोर्स कर्मचारियों को जुलाई 2019 का वेतन का भुगतान किया जायो तथा मेटों को जनवरी 2021 का वेतन तथा 18 के करीब कर्मचारियों को पिछला बकाया डीसी रेट का एरियर जल्दी दिया जाये। कॉन्ट्रैक्ट कर्मियों को आई कार्ड दिया जाये। छोड़े गये कर्मचारियों को तुरन्त संशोधित डी सी रेट दिया जाये। डेली वेज कर्मियों को आउटसोर्स के बराबर छुट्टियां दी जाये।

### मोहाली का पहला आजीविका सरस मेला 18 से 27 अक्टूबर तक सेक्टर 88 में : आशिका जैन

**मोहाली (जनेन्द्र जैन)।** सरस मेले के दौरान रंजीत बावा, लखविंदर वडाली, गिप्पी ग्रेवाल, कुलविंदर बिल्ला और अन्य प्रसिद्ध गायक प्रस्तुति देंगे उपायुक्त। देशभर से 600 से अधिक दस्तगीर और कारीगर 300 से अधिक स्टॉल लगाएंगे, असम का पीहू, राजस्थान का कालबेलिया, यूपी के बरसाना का होली और मयूर नृत्य, हरियाणा और पंजाब के विभिन्न लोक नृत्य आकर्षण का केंद्र होंगे। कलाकृतियाँ, लोक कलाएँ, क्षेत्रीय व्यंजन और अन्य वस्तुएँ आकर्षण का केंद्र होंगी। उपायुक्त ने ट्राइसिटी और जिलावासियों को उत्साह के साथ मेले का आनंद लेने के लिए आमंत्रित किया है ।



### एक दिवसीय दिवाली मेला में महिलाओं ने दिखाए हुनर

**पंचकूला (अप्रस)।** फेस्टिवल सीजन में जहां आंख दौड़ाएं चकाचौंध दिखाई दे रही है। बाजारों में रौनक है और शहर में भी लोग जमकर खरीदारी और विभिन्न समारोहों का आयोजनों में हिस्सा ले रहे हैं। ऐसा ही रंगारंग कार्यक्रम वीरवार को सेक्टर 4 में आयोजित किया गया, जिसमें महिलाओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया और अपने हुनर से सबका मन मोह लिया। एक दिवसीय दिवाली मेला के आयोजन पर सेक्टरवासियों की भीड़ उमड़ी रही। महिला समिति की सदस्य शीनू खन्ना और डिंपल मलिक ने बताया कि समारोह में 20 अधिक महिलाओं ने अपने अपने घरों में तैयार किए गए व्यंजनों के स्टॉल लगाए थे। लोग व्यंजनों की तारीफ करते नहीं थके। मेले में करीब 200 से अधिक निवासियों ने मेले का आनंद उठाया।

# ट्रैफिक पुलिस ने वीवीआईपी के आगमन के चलते की एडवाइजरी जारी



अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 17 अक्तूबर।** चंडीगढ़ ट्रैफिक पुलिस ने वीवीआईपी के आगमन के चलते वीरवार को एडवाइजरी जारी कर शहर के लोगो से अपील की है कि वह शुक्रवार को वीवीआईपी की आवाजाही के दौरान काली बाड़ी लाइट पॉइंट से फैदा बैरियर की ओर पूर्व मार्ग पर यातायात को डायवर्ट/प्रतिबंधित किया जाएगा। आम जनता से अनुरोध है कि वे दोपहर 2:15 बजे से शाम 4:00 बजे तक उपरोक्त खंड/सड़क से बचें।

इसके अलावा, वीवीआईपी यात्रा के मद्देनजर कुछ सड़क खंडों पर यातायात की आवाजाही प्रतिबंधित/डायवर्ट की जा सकती है। उपरोक्त के मद्देनजर, आम जनता से अनुरोध है कि वे किसी भी भीड़/असुविधा से बचने के लिए वैकल्पिक मार्ग अपनाएं। इसके अलावा, आम जनता से अनुरोध है कि वे यातायात पर वास्तविक समय के अपडेट के लिए चंडीगढ़ ट्रैफिक पुलिस के सोशल मीडिया अकाउंट को फॉलो करें। आम जनता को सलाह दी जाती है कि वे साइकिल ट्रैक/पैदल यात्री मार्ग और नो पार्किंग एरिया पर अपने वाहन पार्क न करें/न चलाएं, अन्यथा कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी और वाहनों को टो करके ले जाया जाएगा। चंडीगढ़ ट्रैफिक पुलिस आम जनता से पुलिस के साथ सहयोग करने की अपील करती है।

# जयराम न रुकवाएं तो प्रदेश को भूभू जोत टनल मिलना तय : मुख्यमंत्री

शानन परियोजना वापस पाने को मजबूती के साथ कानूनी लड़ाई लड़ रही सरकार

सब्सिडी का युक्तिकरण किया, आम आदमी पर नहीं डाला बोझ

मुख्यमंत्री ने जोगिन्द्रनगर को दी 76.31 करोड़ रुपये की सौगातें, कई घोषणाएँ की

सीएम ने देई 2.0 कार्यक्रम की शुरूआत की, बच्चियों को किया सम्मानित

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज जिला मंडी के जोगिन्द्रनगर विधानसभा क्षेत्र में 76.31 करोड़ रुपये लागत की आठ परियोजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास किए। मुख्यमंत्री ने 23.90 करोड़ रुपये की लागत से मिनी सचिवालय जोगिन्द्रनगर में नवनिर्मित भवन बी और डी ब्लॉक का लोकार्पण किया। उन्होंने 10.50 करोड़ रुपये की लागत से राजकीय महाविद्यालय जोगिन्द्रनगर में नवनिर्मित सभागार, 8 करोड़ रुपये की लागत से जोगिन्द्रनगर-सरकाघाट-घुमारवीं सड़क पर रणा खड्ड पर बने पुल और ग्राम पंचायत पसल व सगनेहड़ में 3.70 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित पेयजल योजना का उद्घाटन किया।

श्री सुक्खू ने जोगिन्द्रनगर में 13.66 करोड़ रुपये की लागत से ग्राम पंचायत ढेलू, निचला गरोडु, दारट बगला इत्यादि क्षेत्रों के लिए पुरानी पेयजल आपूर्ति योजना के सुधारीकरण व विस्तारीकरण के कार्य का शिलान्यास किया। उन्होंने 7.10 करोड़ रुपये से गांव डोल में तथा 7.21 करोड़ रुपए की लागत से डोल नाला, छो नाला और गदयाड़ा नाला में तटीयकरण परियोजना की आधारशिला रखी। उन्होंने 2.24 करोड़ रुपये की लागत से सरोहली-सुक्कड खड्डु पर बनने वाले पुल का भूमि पूजन भी किया।

उन्होंने मंडी जिला की बेटियों के सशक्तिकरण के लिए देई 2.0 कार्यक्रम का शुभारम्भ किया और सात बच्चियों को सम्मानित किया। उन्हें 10-10 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की।



जोगिन्द्रनगर के मेला ग्राउंड में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि जोगिन्द्रनगर विधानसभा क्षेत्र में 32 सड़कों के निर्माण के लिए राज्य सरकार पूरी धनराशि प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि जोगिन्द्रनगर अस्पताल में सेवाएं सुदृढ़ करने के लिए चिकित्सकों की नियुक्ति की जाएगी। साथ ही चिकित्सकों और नर्सों के लिए आवास निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मकरेड़ी स्कूल का नया भवन बनाया जाएगा और जोगिन्द्रनगर आईटीआई में नए ट्रेड शुरू किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने भरमेरा-बनोग में पुल के निर्माण और छम्ब कुठेहड़ा बड्डू सड़क के साथ-साथ बेली ब्रिज बनाने की घोषणा भी की। उन्होंने महिला मंडलों को 20-20 हजार रुपये प्रदान करने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने कहा वर्तमान राज्य सरकार की नीतियों से हिमाचल प्रदेश अपने पांव पर खड़ा होने लगा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कड़े फैसले ले रही है, जिसका लाभ प्रदेशवासियों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहित करने के लिए प्राकृतिक खेती से उगाई गई गेहूं और मक्की की फसल क्रमशः 40 रुपये और 30 रुपये प्रति किलो की दर से खरीद रही है। गाय के दूध का न्यूनतम समर्थन मूल्य 32 से बड़ाकर 45 और भैंस के दूध का न्यूनतम समर्थन मूल्य 47 से बड़ाकर 55 रुपये किया गया है।

श्री सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार आम आदमी को घर-द्वार पर सभी सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में काम कर रही है। राज्य सरकार ने लंबित राजस्व मामलों का निपटारा करने के लिए राजस्व लोक अदालतों का आयोजन किया, जिससे लोगों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने से छुटकारा मिला। उन्होंने कहा कि आपदा के दौरान जोगिन्द्रनगर विधानसभा क्षेत्र के लिए 2.26 करोड़ रुपये की मदद प्रदान की गई है।

उन्होंने कहा कि भूभू जोत टनल का मामला प्रधानमंत्री के साथ उठाया गया है और अगर जयराम ठाकुर इस परियोजना को रुकवाने दिल्ली न जाएं तो यह टनल हिमाचल प्रदेश को मिलना तय है। उन्होंने कहा कि मंडी-पठानकोट राजमार्ग बीच-बीच में टू लेन था लेकिन हम पूरी सड़क फोर लेन करवाने के लिए प्रयास कर रहे हैं, जिससे पर्यटन बड़ेगा। उन्होंने कहा कि शानन परियोजना को वापस हासिल करने के लिए राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट में मजबूती के साथ कानूनी लड़ाई लड़ रही है।

### हिमाचल प्रदेश में ऑपरेशन लोट्स के माध्यम से एक चुनी हुई सरकार को गिराने का प्रयास

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा ने हिमाचल प्रदेश में ऑपरेशन लोट्स के माध्यम से एक चुनी हुई सरकार को गिराने का प्रयास किया। उन्होंने कांग्रेस सरकार को फिर से 40 सीटें प्रदान करने के लिए हिमाचल प्रदेश की जनता का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा ''भोले का भगवान होता है। इस उप-चुनाव के दौरान छः नए लोगों को फिर से विधायक बनने का मौका मिला है। यह चुनाव सरकार बचाने का चुनाव नहीं था, बल्कि लोकतंत्र की मजबूती और प्रदेश की जनता के सम्मान का चुनाव था। प्रदेश की जनता ने कांग्रेस सरकार को एक बार फिर जनादेश दिया।'' उन्होंने कहा कि चुनाव में हार के बावजूद भाजपा हिमाचल प्रदेश को बदनाम करने के लिए नए-नए हथकंडे अपना रही है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश से केंद्र को मिलने वाले टैक्स का हिस्सा राज्य को मिलता है, जो राज्य का हक है। श्री सुक्खू ने कहा कि ''जब तक मैं मुख्यमंत्री हूं, प्रदेश की संपदा को लुटने नहीं दूंगा। मैं फिर कहना चाहता हूं कि अगर एसजेवीएनएल ने राज्य सरकार की शर्तें नहीं मानी तो प्रदेश सरकार 210 मेगावाट क्षमता की लूहरी जल विद्युत परियोजना चरण-1, 66 मेगावाट धौलासिद्ध विद्युत परियोजना और 382 मेगावाट सुन्नी विद्युत परियोजनाओं का अधिग्रहण करेगी।'' उन्होंने कहा कि जयराम ठाकुर वर्तमान सरकार पर आरोप लगाते हैं लेकिन उन्होंने मंडी जिला के लिए कुछ नहीं किया।

## न्यूज ब्रीफ

### कसौली पुलिस ने पकड़ा भगोड़ा अपराधी

**सोलन (अप्रस)।** कसौली पुलिस ने अदालत से जमानत पर छूटे एक ऐसे अपराधी को गिरफ्तार किया है जो अदालत के कई समन भेजे जाने के बावजूद कोर्ट में पेश नहीं हो रहा था। बाद में अदालत ने उसे भगोड़ा घोषित कर दिया। पुलिस से बचने के लिए वह बार बार अपने ठिकाने बदल रहा था। सोलन के एसपी गौरव सिंह ने बताया कि इन दिनों जिला पुलिस भगोड़े अपराधियों को पकडऩे के लिये एक विशेष अभियान चला रही है। इसी कड़ी में16 अक्टूबर को थाना कसौली की पुलिस टीम ने एक भगोड़े अपराधी कसौली के रामपुर क्षेत्र के डीब गांव निवासी 48 वर्षीय राजेश कुमार उर्फ बबली को गिरफ्तार किया है। उसे कसौली में चल रहे एक मामले में अदालत में पेश न होने के कारण भगोड़ा घोषित किया गया था। जांच के दौरान पाया गया कि यह आरोपी दो मामलों में अदालत में पेश नहीं हो रहा था। गिरफ्तार आरोपी अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिये बार-बार अपने ठिकाने बदल रहा था। उक्त मामलों के अतिरिक्त गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध पुलिस थाना बालूगंज शिमला में एक चोरी का व पुलिस थाना कसौली में एक मामला दर्ज है। उसे आज अदालत के सामने पेश किया जाएगा।

### सेब से भरा ट्रक आधे रास्ते से गायब

**सोलन (अप्रस)।** परवाणू से सेब की पेटियां लादकर राउरकेला के लिए रवाना हुआ ट्रक आधे रास्ते से गायब हो गया। जब मामला पुलिस तक पहुंचा तो पुलिस ने गायब ट्रक के चालक को यूपी के मेरठ से गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। सोलन के एसपी गौरव सिंह के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार चंडीगढ़ के जयहिंद रोड लाइन ट्रांसपोर्ट कंपनी के स्वामी जीरकपुर निवासी जसपाल सिंह ने 9 अक्टूबर को परवाणू पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी कंपनी में लगा रिंकू कुमार का ट्रक संख्या यूपी-81एफटी 3742 एक अक्टूबर को परवाणू से सेब की 476 पेटियां लेकर राउरकेला के लिए रवाना हुआ था। ट्रक को राजू नामक ट्रक चालक चला रहा था। यह गाडी पांच अक्टूबर से पहले अपने गंतव्य पर पहुंच जानी थी, परन्तु उपरोक्त गाड़ी 9 अक्टूबर तक भी वहां पर न पहुंची। इस बारे में जब उन्होंने चालक व ट्रक मालिक से संपर्क करने का प्रयास किया तो दोनों के फोन भी स्विच ऑफ आने लगे। उसने अमानत में खयानत के संदेह के चलते पुलिस के रिपोर्ट दी। उन्होंने बताया कंपनी के मालिक की शिकायत पर परवाणू पुलिस थाने में धोखाधड़ी की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने सर्विलांस के आधार पर कार्रवाई करते हुये ट्रक चालक राजीव कुमार उर्फ राजु चौधरी को मेरठ से गिरफ्तार कर लिया। वह 55वर्षीय राजू गाधवपुरम दिल्ली रोड, मेरठ का रहने वाला है। उसे 15 अक्टूबर को मेरठ से गिरफ्तार किया गया। उसके अपराधिक रिकार्ड की पड़ताल की जा रही है।

### 2.23 ग्राम चिट्टे सहित एक काबू

**ऊना (अप्रस)।** गगरेट पुलिस ने 2.23 ग्राम चिट्टे सहित एक युवक को काबू किया है और आगामी जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती शाम के समय पुलिस थाना गगरेट के पुलिस मुलाजिम गश्त करते हुए शिवबाड़ी अम्बोटा लिंक रोड़ में मौजूद थे तो गुप्त सूचना के आधार पर एक युवक की तलाशी लेने पर 2.23 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। आरोपित युवक को तुरंत प्रभाव से काबू कर लिया गया।

# हिमाचल प्रदेश को केंद्र से मिले 21 करोड़

## विक्रमादित्य सिंह के जन्मदिन पर नितिन गडकरी का तोहफा, दो नेशनल हाईवे के लिए मिली रकम

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले की दो सड़कों के लिए गुरुवार को राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से 21 करोड़ रुपए को जारी हुए। प्रदेश सरकार के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने इसके लिए खुशी जाहिर करते हुए इसे केंद्रीय सड़क राजमार्ग प्राधिकरण मंत्री नितिन गडकरी का उन्हें (विक्रमादित्य सिंह) जन्मदिन का तोहफा करार दिया है।



**विक्रमादित्य सिंह ने सोशल मीडिया पर की पोस्ट :** हिमाचल प्रदेश सरकार के लोक निर्माण विभाग मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने अपनी सोशल मीडिया अकाउंट केंद्रीय मंत्रालय से मिले बजट की कॉपी पोस्ट करते हुए इसकी जानकारी दी है। मंत्री ने अपनी सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा कि आज हमारे जन्मदिन के अवसर पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने उन्हें बड़ा तोहफा दिया है। उन्होंने लिखा कि मंडी के जो मसले उन्होंने पिछले मुलाकात में केंद्रीय मंत्री के समक्ष उठाए थे उसके लिए आज उन्होंने 21 करोड़ रुपए जारी कर दिया है।

### दलगत राजनीति से ऊपर उठकर करेंगे काम

विक्रमादित्य सिंह ने लिखा कि हिमाचल प्रदेश के विकास में कोई कमी नहीं आने देंगे । प्रदेश के विकास के लिए वह दलगत राजनीति से ऊपर उठकर काम करेंगे।उन्होंने कहा कि केंद्र से मंडी जिले की दो महत्वपूर्ण सड़कों के लिए 21 करोड़ जारी किए हैं। जिसमें मंडी के चैल चौक से पंडोह के लिए 9.10 करोड़ व मंडी कमांद से कटौला के लिए 11.89 करोड़ जारी किए है इसके लिए वह केंद्र सरकार का आभार जताया है।

# हिमाचल की पर्यटन निगम की वित्तीय हालत खराब

अर्थ प्रकाश संवाददाता

एचपीटीडीसी की समीक्षा के लिए गठित की गई कमेटी, सेवानिवृत्त आईएएस तरूण श्रीधर होंगे अध्यक्ष

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी तरुण श्रीधर की अध्यक्षता में हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम (एचटीडीसी) की वित्तीय स्थिति की जांच व समीक्षा करने के लिए एक सदस्यीय कमेटी गठित की है। यह कमेटी एचपीटीडीसी की वर्तमान वित्तीय स्थिति की जांच/समीक्षा करेगी और छह महीने के भीतर अपने सुझाव सरकार को देगी।



समिति वित्तीय स्थिति की जांच व समीक्षा के साथ सीडब्ल्यूपी संख्या 9681/2023-जय कृष्ण मेहता बनाम राज्य एवं अन्य में उठाए गए मुद्दों के आलोक में निगम को लाभ में लाने के लिए कार्यप्रणाली को सुव्यवस्थित करने के लिए आवश्यक सुधारात्मक उपाय सुझाएगी। समिति हिमाचल सरकार के प्रधान सचिव (पर्यटन) को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

**6 महीने के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी समिति :** सरकार द्वारा जारी नोटिफिकेशन के अनुसार हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के प्रबंध निदेशक समिति के सचिव के रूप में कार्य करेंगे। एचपीटीडीसी आवश्यकतानुसार समिति को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराएगा।

# शूलिनी विश्वविद्यालय में विश्व खाद्य दिवस मनाया

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**सोलन।** स्कूल ऑफ बायोइंजीनियरिंग एंड फूड टेक्नोलॉजी, एप्लाइड साइंसेज और बायोटेक्नोलॉजी संकाय, शूलिनी विश्वविद्यालय, ने विश्व खाद्य दिवस को जीवंत, शैक्षिक और इंटरैक्टिव कार्यक्रमों की एक श्रृंखला के साथ मनाया, जिसका उद्देश्य खाद्य सुरक्षा, पोषण और वैश्विक भूख के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना था ।
दिन की शुरुआत एक आकर्षक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता से हुई, जहां टीम ए, जिसमें बी.एससी. और एम.एससी. खाद्य प्रौद्योगिकी और पोषण और आहार विज्ञान के छात्र शामिल थे, ने शीर्ष स्थान हासिल किया।

पोस्टर-मेकिंग प्रतियोगिता ने छात्रों को भूख, भोजन की बर्बादी और पोषण जैसे विषयों पर अपनी रचनात्मकता व्यक्त करने का मौका दिया गया । अमीषा, बी.एस.सी. खाद्य प्रौद्योगिकी (द्वितीय वर्ष) ने अपने उत्कृष्ट पोस्टर के लिए प्रथम पुरस्कार जीता, जबकि बी.एससी. तृतीय वर्ष की छात्रा ओशीन न्यूट्रिशन एंड डायटेटिक्स ने अपनी प्रभावशाली कलाकृति के लिए प्रथम रनर-अप स्थान हासिल किया।

इसकेअलावा फूड चराडेस गतिविधि थी, जहां एम.एससी. खाद्य प्रौद्योगिकी (प्रथम वर्ष) की मुस्कान और मनोगना ने दर्शकों का मनोरंजन किया। उनके प्रदर्शन ने सभी को खुश कर दिया क्योंकि प्रतिभागियों ने विभिन्न खाद्य पदार्थों और खाना पकाने की प्रक्रियाओं का अनुमान लगाने की कोशिश की।

अंतिम प्रतियोगिता, ब्लाइंडफोल्ड इंग्रीडिएंट आइडेंटिफिकेशन, ने प्रतिभागियों के बीच प्रतिस्पर्धी भावना को सामने लाया। प्रतियोगियों ने आंखों पर पट्टी बांधकर सामग्री की पहचान करने के लिए स्वाद, स्पर्श और गंध की अपनी इंद्रियों पर भरोसा किया।

# शिमला में स्कॉर्पियो दुर्घटनाग्रस्त, 2 की मौत

**शिमला (अप्रस)।** हिमाचल प्रदेश के शिमला जिला के नेरवा में बीती रात एक स्कॉर्पियो गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल 2 लोगों को नेरवा में प्राथमिक उपचार के बाद ढ्लस्ष्ट रेफर किया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, यह हादसा नेरवा के शामटा-टिकरी सड़क मार्ग पर पीपलाह के पास पेश आया। स्कॉर्पियो गाड़ी में चार लोग सवार थे और रात करीब एक बजे इनकी गाड़ी गहरी खाई में जा गिरी। इनमें एक व्यक्ति स्थानीय और तीन बिहार के रहने वाले हैं। बिहार के तीनों युवक नेरवा में स्थानीय व्यक्ति के पास काम कर रहे थे और देर रात काम से घर लौटते वक्त हादसा हो गया। मृतकों की पहचान प्रताप हंसटा उम्र 38 साल पुत्र रतिराम गांव बासरा नेरवा के तौर पर हुई है, जबकि एक अन्य मृतक व्यक्ति बिहार का रहने वाला बताया जा रहा

# हॉर्टिकल्चर कॉलेज ने जीता ओवरऑल चैंपियन का खिताब

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**सोलन।** डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी में आयोजित पहले विश्वविद्यालय कर्मचारी खेल और सांस्कृतिक मीट में बागवानी महाविद्यालय को समग्र विजेता घोषित किया गया। इस आयोजन में विभिन्न अनुसंधान स्टेशनों, कृषि विज्ञान केंद्रों और कॉलेजों में कार्यरत विश्वविद्यालय कर्मचारियों की पांच टीमें ने भाग लिया। टीमों में मुख्य परिसर से बागवानी कॉलेज और वानिकी कॉलेज के साथ-साथ नेरी, थुनाग के कॉलेजों और प्रशासनिक ब्लॉक की टीमें शामिल रहीं।
दो रोमांचक दिनों में प्रतिभागियों ने बैडमिंटन, टेबल टेनिस, शतरंज, कबड्डी, वॉलीबॉल और क्रिकेट के साथ-साथ 100, 200 और 400 मीटर दौड़, लंबी कूद, जेवलीन और रस्साकशी जैसी स्पर्धाओं में प्रतिस्पर्धा की। डॉ. एलएस नेगी सभागार में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए, जिसमें एकल और समूह नृत्य और गीत प्रस्तुत किए गए। समग्र विजेता का निर्धारण सभी प्रतियोगिताओं में अर्जित अंकों के आधार पर किया गया। समापन समारोह में अनुसंधान निदेशक डॉ. संजीव चौहान मुख्य अतिथि रहे।



**परिणामः** एकल गीत श्रेणी में डॉ. किरण की हिमाचली लोक गीत की प्रस्तुति ने प्रथम स्थान अर्जित किया। उन्होंने प्रशासनिक ब्लॉक का प्रतिनिधित्व किया। बागवानी से डॉ. नीलम और थुनाग से डॉ. शिवानी ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। समूह गीत श्रेणी में वानिकी महाविद्यालय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बागवानी और प्रशासनिक ब्लॉक ने दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया। लोक समूह नृत्य में प्रशासनिक ब्लॉक ने जीत हासिल की, जिसमें नेरी और थुनाग दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। महिला कबड्डी में हॉर्टिकल्चर ने थुनाग को हराकर जीत हासिल की। पुरुषों की वॉलीबॉल में, फॉरेस्ट्री की टीम नेरी पर विजयी रही, जबकि हॉर्टिकल्चर ने नेरी के खिलाफ महिलाओं का फाइनल जीता।

# अध्यापक विद्यार्थियों की प्रतिभा को पहचान कर उन्हें निखारने का प्रयास करें: राजेश धर्माणी

विद्यार्थी सफलता प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयास करते रहें। युवा उत्सव में 70 कॉलेजों के विद्यार्थियों ने 10 विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में दिखाया अपने हुनर एवं जौहर का प्रदर्शन

अर्थ प्रकाश /अजय मल्होत्रा

**शाहतलाई।** राजकीय कॉलेज बिलासपुर में हिमाचल प्रदेश महाविद्यालयों के युवा उत्सव ग्रुप-1 2024 का आयोजन 14 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक किया गया। जिसमें हिमाचल प्रदेश के 70 महाविद्यालय के युवा छात्रों ने थीम पर आधारित 10 विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

युवा उत्सव समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए नगर निगम योजना ,आवास और तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा की युवा महोत्सवों जैसे आयोजनो से ही छात्र-छात्राओं में आत्मविश्वास आता है और उनमें कुछ कर गुजरने का जज्बा पैदा होता है । उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों में शामिल होकर प्रत्येक कॉलेज का हर विद्यार्थी प्रतिभावान बन सकता है और खुद में निखार ला सकता है । उन्होंने कहा कि प्रतिभागी जिन विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करके विजेता रहे हैं वे उसे और अधिक बुलंदियों तक लेकर जाएं।

उन्होंने कहा कि कॉलेज में ऐसे बहुत से छात्र और छात्राएं है जो की बहुत ही प्रतिभाशाली है। लेकिन उचित मार्गदर्शन वह उचित मंच न मिलने के कारण वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन नहीं कर पाते। उन्होंने अध्यापकों से आह्वान किया कि वे विद्यार्थियों की प्रतिभा को पहचान कर उन्हें निखारने का प्रयास करें, ताकि उन विद्यार्थियों को भी अपनी प्रतिभा को दिखाने का अवसर मिल सके। इसके साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को कॉलेज की हर गतिविधि में भाग लेने का आह्वान किया।



उन्होंने विद्यार्थियों से निरंतर मेहनत करने का आह्वान करते हुए कहा की असफलता मिलने पर निराश ना हो अपितु निरंतर प्रयास करते रहें। उन्होंने कहा की नई तकनीक नए अवसर प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी देश में कंप्यूटर की क्रांति लेकर आए, अब एक आई के माध्यम से और नई तकनीक के साथ जुड़ेंगे। उन्होंने कहा कि देश के आजाद होने से पूर्व शिक्षा, सड़के, बिजली की सुविधा नाम मात्र थी, लेकिन देश के प्रथम प्रधानमंत्री स्वर्गीय पंडित जवाहरलाल नेहरू ने देश में विकास की नींव रखी और देश विकास की ओर अग्रसर होने लगा। उन्होंने कहा कि बिलासपुर जिले में भाखड़ा बांध बनाने के लिए पंडित जवाहरलाल नेहरू ने कदम उठाया था, जिससे हरित क्रांति की नींव रखी गई थी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में देश विकास के क्षेत्र में आगे बड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में विकसित भारत बनाने के लिए युवाओं को अपनी भूमिका तय करनी होगी। युवाओं को तय करना होगा कि समाज के लिए बेहतर से बेहतर कार्य करें।

उन्होंने कहा कि जिला बिलासपुर में विकास के पथ पर अग्रसर हो रहा है जिला पर्यटन के क्षेत्र में आगे बड़ रहा है उन्होंने कई प्लेटफार्म को आकर्षित करने के लिए वॉटर गतिविधियों को बड़ावा दिया जा रहा है, बताया कि जिले में टूरिज्म सेंटर बनाया जाएगा। पूर्व विधायक बम्बर ठाकुर ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि बिलासपुर शीघ्र ही देश पर्यटक मानचित्र पर अपना नाम अकिंत करेगा। कॉलेज प्रधानाचार्य पीएस कटवाल ने अतिथियों का आभार प्रकट करते हुए तीनदिवसीय यूथ फेस्टीवल की जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर पूर्व विधायक बाबू राम गौतम, अध्यक्ष जिला यूवा कांग्रेस अशिष ठाकुर, निदेशक हिमाचल प्रदेश स्टेट कॉपरेटिव बैंक सुनील कुमार शर्मा, जिला परिषद सदस्य गौरव शर्मा के अतिरिक्त अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

### युवा उत्सव में ये प्रतियोगिताएं हुई आयोजित

रंगोली, कोलॉज, फोटोग्राफी, डिबेट, क्ले मॉडलिंग, कार्टूनिंग, पेंटिंग, क्विज, पोस्टर मेकिंग तथा एलोक्यूशन

**ये रहे विजेता :** कार्टूनिंग में डिग्री कॉलेज कांगड़ा के शुभम तृतीय स्थान पर, आरकेएमबी शिमला के नवंग दूसरे स्थान पर तथा गवर्नमेंट कॉलेज नगरोटा सूरियां के अनिकेत गुलरिया प्रथम स्थान पर रहे। क्ले मॉडलिंग में बल्ब कॉलेज मंडी की कशिश तृतीया स्थान पर, गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज धर्मशाला की सुहानी दूसरे स्थान पर, तथा गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज सराहन की खुशी प्रथम स्थान पर रही। कोलॉज मेकिंग में गवर्नमेंट कॉलेज कंडाघाट के जपजी सिंह तृतीया स्थान पर, जवाहरलाल नेहरू फाइन आर्ट्स कॉलेज शिमला की वैशाली भंडारी दूसरे स्थान पर, गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज हमीरपुर के आशीष कुमार प्रथम स्थान पर रहे। रंगोली मेकिंग में एचपी यूनिवर्सिटी की प्रियंका, व गवर्नमेंट कॉलेज सीमा की प्रिया संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर, गवर्नमेंट कॉलेज कल्लू की सुनीता सोनी दूसरे स्थान पर तथा धर्मशाला कॉलेज की पलक चौधरी प्रथम स्थान पर रहे फोटोग्राफी में गवर्नमेंट कॉलेज सोलन के सरगम प्रकाश तीसरी स्थान पर, शिवा कॉलेज बिलासपुर के शिवम भारद्वाज दूसरे स्थान पर तथा गवर्नमेंट कॉलेज नाहन के विशाल प्रथम रहे । पोस्टर मेकिंग में गवर्नमेंट कॉलेज से सुबाथु की भूमिका तीसरी स्थान पर, गवर्नमेंट कॉलेज घुमारवीं की हर्षिता दूसरे स्थान पर तथा जवाहरलाल नेहरू फाइन आर्ट्स कॉलेज शिमला की रितिका कालरा प्रथम स्थान पर रही। पेंटिंग में गवर्नमेंट कॉलेज अर्की के संजय कुमार तीसरे स्थान पर, जवाहरलाल नेहरू फाइन आर्ट्स कॉलेज शिमला के आकाश त्यागी दूसरे स्थान पर तथा गवर्नमेंट कॉलेज धर्मशाला के निशांत प्रथान स्थान पर रहे। एलोक्यूशन में गवर्नमेंट कॉलेज राम शहर तथा गवर्नमेंट कॉलेज सीमा की मनीषा तथा रेहा संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रही तथा गवर्नमेंट कॉलेज धर्मशाला की जानवी पठानिया दूसरे स्थान पर जबकि आरकेएमबी शिमला की पारुल जरागंटा प्रथम स्थान पर रहे। डिबेट मे राजकीय कॉलेज रामपूर की कशिश व अकिंता प्रथम, राजकीय कॉलेज संजोली की स्वनील सूर्या व दिव्याशं सूर्या तथा राजकीय कॉलेज सोलन की साहिल रनैक व पारूल कुमारी दुसरे स्थान पर जबकि राजकीय कॉलेज मण्डी के रूप सिंह व नेहा देवी तीसरे स्थान पर रहे।

# ऑनर किलिंग मामले में विशेष अदालत ने स्टेट क्राइम ब्रांच के डीएसपी के खिलाफ दिए जांच के आदेश

जांच अधिकारी डीएसपी पर लगे हैं आरोपियों की मदद करने के आरोप

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश




**कैथल, 17 अक्तूबर।** कैथल जिले में दो महीने पहले हुए ऑनर किलिंग के मामले में विशेष अदालत ने स्टेट क्राइम ब्रांच के जांच अधिकारी डीएसपी सुनील कुमार के खिलाफ डीजीपी हरियाणा को प्रशासनिक जांच के आदेश दिए हैं।

पीड़ित पक्ष के अधिवक्ता रजत कल्सन ने बताया कि डीएसपी सुनील कुमार के खिलाफ जांच में जानबूझ कर विशेष समाज की महापंचायत व राजनीतिक दबाव में युवती की मां को बेकसूर साबित करने के लिए अदालत में याचिका देने व जानबूझकर आरोपियों को मुकदमे में फायदा पहुंचाने के लिए एफआईआर दर्ज होने के चार महीने बाद भी चालान पेश नहीं करने के आरोप हैं। वकील ने बताया कि अनुसूचित जाति व जनजाति अत्याचार अधिनियम की धारा 4 के अनुसार यदि जांच अधिकारी एससीएसटी एक्ट से संबंधित केस में 60 दिन के अंदर अंतिम रिपोर्ट अदालत में पेश नहीं करता है तो इसे जांच अधिकारी की लापरवाही माना जाता है जिसमें सजा का प्रावधान भी है। इसके अतिरिक्त जांच अधिकारी द्वारा दायर हत्या की साजिश में शामिल युवक की आरोपी मां को क्लीन चिट देने के लिए धारा 169 सीआरपीसी के तहत दी गई याचिका को भी विशेष अदालत पीड़ित पक्ष की बहस के बाद खारिज कर चुकी है।

वकील ने बताया कि आरोपी पुलिस अधिकारी के खिलाफ अदालत में एससी एसटी एक्ट की धारा 4 के तहत याचिका दायर कर सख्त कार्रवाई की मांग की गई थी। इस पर अदालत में उक्त पुलिस अधिकारी के खिलाफ पीड़ित पक्ष की याचिका को मंजूर करते हुए हरियाणा के डीजीपी को डीएसपी के खिलाफ जांच करने के आदेश दिए हैं। अदालत ने इन दोनों अधिकारियों को निर्देश दिया है कि एक माह के अंदर अपनी रिपोर्ट अदालत में पेश करें।

### बहन के प्रेम विवाह से नाराज भाई ने कर दी थी बहन की हत्या

कैथल के एक दलित समुदाय के युवक ने एक जाति विशेष की लडक़ी से प्रेम विवाह किया था तथा उक्त जाति विशेष की लडक़ी के भाई ने अपनी बहन के ससुराल में घुसकर गोली मार कर उसकी हत्या कर दी थी। उसने उसकी सास, पति व ननद पर गोलियां चलाई थी। इस फायरिंग में युवती की सास की रीढ़ की हड्डी में दो गोलियां फस गईं थी जिसके चलते वह पूर्णतया पैरालाइज्ड हो गई तथा ननद के हाथ में गोली लगी और पति बाल-बाल बच गया था। इस मामले में कैथल पुलिस के जांच अधिकारी ने हत्यारोपी भाई तथा साजिश में शामिल उसकी मां को गिरफ्तार किया था परंतु इस हत्याकांड के उपरांत मृतक युवती के भाई व मां की गिरफ्तारी के बाद गुर्जर समाज ने कैथल में एक महापंचायत की थी तथा मृतक युवती की मां को जेल से रिहा न करने की सूरत में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी को धमकी दी थी कि इलेक्शन में उनका बायकाट किया जाएगा। इसके बाद आनन फानन में तत्कालीन राज्य सरकार द्वारा जांच स्टेट क्राइम ब्रांच के डीएसपी सुनील कुमार को सौंप दी गई थी जिसके खिलाफ पीड़ित पक्ष ने खुलेआम आरोपियों की मदद करने के आरोप लगाए हैं।

## एमएसपी पर धान की खरीद न होने से किसानों में गुस्सा

**कैथल (अप्रस)।** निर्धारित मूल्य पर धान की खरीद न किए जाने से नाराज किसानों ने किसान व प्रशासन के प्रति रोष प्रकट किया। गुस्साए किसानों ने अपनी मांगों का एक ज्ञापन भी उपायुक्त को सौंपा। ज्ञापन में किसान सुरेश कसान, मनीराम सरेंगल, सूरजमल, राकेश कुकरकंडा, पवन कुकरकंडा, जगत राम खेड़ीशेरू, मुल्तान सिंह करोड़ा आदि ने कहा कि किसानों द्वारा जो धान मंडियों में लाई जा रही है उसे नियम के अनुसार नहीं खरीदा जा रहा है बल्कि आढ़ती मनमाने ढंग से किसानों की धान औने पौने दाम में खरीद रहे हैं। आढ़ती धान खराब होने का हवाला देकर निर्धारित रेट 2320 रुपए में ना खरीद कर 1900 से लेकर 2170 रुपए तक खरीद रहे हैं। इससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसानों ने आरोप लगाते हुए कहा कि किसान केवल दिखावे के लिए एमएसपी का ढोल पीट कर रही है लेकिन हकीकत इसके बिल्कुल विपरित है। एमएसपी सिर्फ अखबारों की खबरों तक ही है। धरातल की सच्चाई यह है कि किसानों को दोनों हाथों से लूटा जा रहा है।

## पत्नी से झगड़े के बाद युवक हुआ लापता, नहर के पास मिली बाइक

अर्थ प्रकाश/रविन्द्र गिरि

**घरौंडा, 17 अक्तूबर।** घरौंडा की बाला जी कॉलोनी का एक युवक संदिग्ध हालातों में लापता हो गया। युवक की पहचान 32 वर्षीय लोकेश शर्मा के रूप में हुई है। परिजनो के मुताबिक, 15 अक्तूबर की रात को लोकेश का अपनी पत्नी के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। झगड़े के बाद वह घर से बिना किसी को कुछ बताए चला गया। परिजनों ने उसे आसपास के इलाकों में ढूंढने की पूरी कोशिश की, लेकिन उसका कोई भी सुराग नहीं मिल सका। परिजनों ने बताया कि लोकेश का घर से जाने के बाद कोई संपर्क नहीं हुआ। जिससे परिजनों की चिंता बढ़ गई। उन्होंने मामले की शिकायत पुलिस को की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

घटना की रात करीब 11 बजे लोकेश के परिवार के सदस्यों को एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया। इस कॉल में बताया गया कि लोकेश नहर के किनारे देखा गया है और उसकी बाइक वहीं खड़ी है। इस सूचना से परिजनों की चिंता और भी बढ़ गई। परिजन तुरंत नहर की तरफ पहुंचे और वहां हर जगह लोकेश को ढूंढने की कोशिश की, लेकिन न तो उन्हें युवक मिला और न ही उसकी बाइक दिखाई दी। लगातार कोशिशों के बावजूद अब तक युवक का कोई अता-पता नहीं चल सका है। पिता महावीर शर्मा ने बताया कि परिजनों ने बताया कि जब से लोकेश घर से गया है, उसका फोन भी बंद आ रहा है। कई बार उसे फोन करने की कोशिश की गई, लेकिन फोन बंद होने के कारण किसी से संपर्क नहीं हो पाया। इस वजह से परिवार की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है। परिवार के अनुसार, लोकेश के दो छोटे बच्चे भी हैं, जो अपने पिता के लापता होने से बेहद परेशान हैं।

जांच अधिकारी राजकुमार ने बताया कि फिलहाल पुलिस युवक की हर संभावित जगह पर तलाश कर रही है। आसपास के इलाकों में सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जा रही है, ताकि युवक के बारे में कोई सुराग मिल सके। शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### टोहाना खनौरी रोड बना समस्याओं का अड्डा

**टोहाना (अप्रस/संजीव सिंगला)।** टोहाना से खनौरी का रास्ता केवल 25 किलोमीटर का है। इस 25 किलोमीटर के रोड पर समस्याओं का भंडार लगा हुआ है। इस समय धान की आवक होने के कारण पंजाब की धान हरियाणा की मंडियोंमें खनोरी के रास्ते बहुत ज्यादा आती है। त्योहारों का सीजन भी होने के कारण पंजाब के लोग टोहाना के अंदर वह ज्यादा खरीदारी करने के लिए आते हैं पर रोड टूटा होने के कारण उन्हें बहुत समस्याओं का सामना करना पड़ता है। जब संवाददाता ने रागिरो से बात की तो सभी यात्रियों ने पंजाब रोडवेज व हरियाणा रोडवेज की बस की यात्रा की सुविधा ने होने का भी एकबड़ीसमस्या बतायाहै।राज्यसरकार को ग्रामीणोंकेबारेमें सोचनाचाहिए।खनोरी के रास्ते बहुत लोग दिन-रात टोहाना आते जाते रहते हैं पर रोड ठीक ना होने के कारण उन्हें भी बहुत समस्याओं का सामना करना पड़ता है टोहाना से खनोरी जाने के लिए भाखड़ा के किनारे किनारे मार्ग सुनसान व बंदरों से गिरा हुआ है आने जाने वाले राहगीर कई बार ल खुशबू का भी शिकार हुए हैं पर प्रशासन आंखें बंद कर कर गहरी नींद में सोया हुआ है। लोगों का प्रशासन से अनुरोध है कि शाम होते ही पुलिस पेट्रोलिंग का प्रबंध किया जाए ताकि कोई भी लूटपाट की घटना ने हो सके और राहगीर एक सुखद यात्रा कर सके।

### भगवान् वाल्मीकि के ब्रह्मज्ञान के उपदेश को जानना होगा: संत निर्मल दास

**बिलासपुर (अप्रस/संजीव)।** वीरवार को जिलेभर में भगवान् वाल्मीकि जी का प्रकाशोउत्सव बड़ी धूम-धाम से मनाया गया। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने भजन कीर्तन कर भगवान् वाल्मीकि जी का गुणगान किया और जगह-जगह भंडारे का भी आयोजन किया। इसी कड़ी में बिलासपुर में स्थित मंदिर सभा द्वारा भगवान् वाल्मीकि जी का प्रकाशोउत्सव बड़ी धूम-धाम से मनाया गया जिसमे डेरा बाबा लालदास कपालमोचन के गद्दीनसीन संत निर्मल दास जी महाराज ने विशेष रूप से शिरकत की। इस मोके पर ज्ञान चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि आज समाज को महर्षि वाल्मीकि द्वारा दिए गए ब्रह्मज्ञान के उपदेश को जानना होगा तभी हम महर्षि वाल्मीकि के सच्चे अनुयाई होंगे। हम महर्षि वाल्मीकि जी को पढ़ते तो जरूर परंतु उन द्वारा दिए गए ज्ञान का अनुसरण नहीं करते। उन्होंने अपनी वाणी में किसी व्यक्ति विशेष राम नाम के व्यक्ति आदि का जिक्र नहीं किया है बल्कि संसार में हर वस्तु में रमे हुए राम का जिक्र किया है। जिससे सर्व ब्रह्मांड की उत्पत्ति हुई भगवान रामचंद्र, भगवान कृष्ण, ब्रह्मा, विष्णु, महेश और जितने भी अवतार संसार में हुए हैं सभी उस रमे हुए राम से पैदा हुए हैं। इस मौके पर सुभम बहोत, हन्नी कुमार, आर्यन, आकाश गागट, बाबू बहोत, कंवर पाल, दर्शन लाल, रिंकू, रैंचों, विपिन, राकेश गागट व डिंम्पल समेत कस्बा वासियों ने मिलकर भगवान् वाल्मीकि जी का प्रकाशोउत्सव बड़ी धूम-धाम से मनाया।

### भाजपाईयो ने जलेबियां बांट मनाई खुशी



**पिहोवा (अप्रस/मोहित पौलत्स्य)।** प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने व नायब सैनी के मुख्यमंत्री बनने की खुशी में भाजपाइयों ने मिठाई बाट कर खुशी मनाई ।मुख्यमंत्री नायब सैनी के करीबी रिश्तेदार सतीश सैनी के प्रतिष्ठान पर जलेबियां बांटकर खुशी बनाई गई। ढोल धमाका के साथ उन्होंने जलेबियां बांटी ।इस मौके पर भाजपा नेता युधिष्ठिर बहल सचिन मित्तल सचिन नंबरदार थाना शिवसेना हिंदुस्तान के प्रदेश अध्यक्ष जागीर मोर शहरी प्रधान रोशन लाल शर्मा सहित भारी संख्या में भाजपा वर्कर मौजूद थे ।वही भाजपाई भगवान परशुराम चौक पर एकत्रित हुए तथा लड्डू बांट कर खुशी बनाई। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष राकेश पुरोहित जिला प्रभारी राजेंद्र बाखली महेश तलवार सहित अनेक कार्य करता मौजूद थे। वही सरस्वती मंदिर पर ब्राह्मण नेता दिनेश तिवारी ने साथियों सहित मां सरस्वती पर पूजा अर्चना करके मिठाई बांटी। इस मौके पर जय भारत शर्मा चंद्रभान अनुज सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

### शिविर में 62 दानियों ने किया रक्तदान

**घरौंड़ा (अप्रस/रविन्द्र गिरी)।** ब्रह्माकुमारी घरौंड़ा की तरफ से देवी मंदिर घरौं?ा में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में समाजसेवी विनोद गर्ग मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे। शिविर की अध्यक्षता ब्रह्माकुमारी रेणु बहन ने की और स्वयं रक्तदान भी किया। 169 बार रक्तदान के साथ 82 बार प्लेटलेट्स दान कर चुके राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित राष्ट्रीय पदक विजेता शतकवीर डायमंड रक्तदाता एवं पर्यावरण प्रहरी हरियाणा पुलिस के उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा शिविर संयोजक रहे। मुख्यातिथि विनोद गर्ग ने कहा कि रक्तदान महादान है और सभी को नियमित अंतराल में रक्तदान करना चाहिए। ब्रह्माकुमारी बहन रेणु ने स्वयं भी रक्तदान किया। ब्रह्माकुमारी रेणु बहन ने सभी अतिथियों को बैज लगा और अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया और रक्तदाताओं को प्रशंसा पत्र से अलंकृत करते हुए कहा कि रक्त का कोई अन्य विकल्प नहीं है। शिविर संयोजक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने रक्तदाताओं को प्रोत्साहित किया और कहा कि प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए। डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने ऐसे युवाओं के लिए कहा कि जो नशे का शिकार हैं और नशे की सुई का प्रयोग करते हैं। नशे की सुई न लगाकर रक्तदान की सुई लगवाए और जो आनंद रक्तदान से मिलेगा, वह अलग ही होगा। नागरिक अस्पताल करनाल के क्षेत्रीय रक्त संचरण अधिकारी डॉ. संजय वर्मा के नेतृत्व में 62 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। नीलोखेड़ी से ब्रह्माकुमारी संगीता बहन शिविर में विशेष रूप से पहुंची हुई थी। मुख्यातिथि विनोद गर्ग और अन्य अतिथियों ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर रक्तदाताओं को प्रोत्साहित किया। सेवानिवृत्त सहायक कुलसचिव दविन्द्र सचदेवा अति विशेष अतिथि रहे।

## मांगें पूरी न होने पर सेवानिवृत्त बैंक कर्मचारियों ने किया रोष प्रकट

अर्थ प्रकाश/डा. आरके जैन

**यमुनानगर, 17 अक्तूबर।** शास्त्री कालोनी कम्युनिटी सैन्टर के सभागार में सैन्ट्रल बैंक रिटायर्ड एसो. की त्रैमासिक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसो. के प्रधान ने की तथा संचालन सचिव सुरेश गर्ग ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में सी. के. गर्ग ने भाग लिया। सभा में सभी पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा लम्बे समय से लम्बित पड़ी मांगों को लेकर रोष प्रकट किया। मुख्य अतिथि ने संबोधित करते हुये कहा कि सरकारी बैंकों से सेवानिवृत कर्मचारी व अधिकारी बेहद बदतर हालात से गुजर रहे है, लेकिन सरकार इन लाखों पेंशनरों की समस्या पर कोई ध्यान नहीं दे रही है। इसी बात को लेकर बार-बार धरने-प्रदर्शन किये जा रहे है, किन्तु सरकार है कि बात सुनने को तैयार ही नहीं हो रही है। उन्होंने आगे कहा कि बैंक रिटायर्ड कर्मचारी केवल बैंक से मिलने वाली पेंशन पर ही निर्भर है वह अपना जीवन यापन सही प्रकार से कर सके इसके लिये सरकार को जल्द से जल्द मांग पूरी कर देनी चाहिए, क्योंकि तेजी से बढ़ती महंगाई के कारण जीवन यापन मुश्किल होता जा रहा है। उन्होंने एसो. की गतिविधियों की जानकारी देते हुये कहा कि बैंक कर्मचारियों के पेंशन फंड का गठन 1995 में किया गया था, लेकिन उसके पश्चात से पेंशन अभी तक कोई संशोधन नहीं किया गया, एक्स ग्रेसिया देकर सांत्वना दी गई है। इस विषय में एसो. पदाधिकारियों व मैनेजमेंट के अधिकारियों की कई बार मीटिंग हो चुकी है, जिसमें सभी मांगे माने जाने का आश्वाशन तो दिया जाता है, किन्तु मांगों को पूरा नहीं किया जाता है और सुप्रीम कोर्ट में चल रहे केस में भी बार-बार तारीखे लग रही है।

## भारतीय योग संस्थान नारायणगढ़ ने धूमधाम से मनाई महर्षि वाल्मीकि जयंती

**नारायणगढ़ (अप्रस/सुशील)।** भारतीय योग संस्थान नारायणगढ़ के द्वारा महर्षि वाल्मीकि जयंती पर कार्यक्रम अहलूवालिया धर्मशाला में आयोजित किया गया जिसमें वाल्मीकि समाज से आए विपिन कुमार ने व शुभम कुमार ने महर्षि वाल्मीकि जी की मुक्ति माला पाठ का उच्चारण कर उनकी शिक्षाओं पर चलने का आह्वान किया । भारतीय योग संस्थान के योग साधक रविंद्र गुलाटी जी की 33वीं वैवाहिक वर्षगांठ बहुत ही धूमधाम से मनाई गई और गुलाटी ने सभी को जलपान कराया और मिठाई खिलाई और सभी योग साधकों ने रविंद्र गुलाटी को सुखद वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दी इस अवसर पर भारतीय योग संस्थान के जॉन प्रधान संजय धीमान, केंद्र प्रमुख डॉ राजेश शर्मा ,संयोजक एडवोकेट लाजपत, रविंद्र गुलाटी , सुभाष बंसल, राजेश वर्मा, अजीत त्यागी, दिनेश शर्मा और मनोज वालिया व पंडित रमा शंकर तथा विनोद कुमार, उपस्थित रहे।

## नायब सरकार करेगी कोने-कोने का विकास: रामकुमार गौतम

### नायब सैनी जी के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर विधायक ने हलकावासियों को दी बधाई

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**सफीदों, 17 अक्तूबर।** सफीदों के विधायक रामकुमार गौतम ने नायब सिंह सैनी को एक बार फिर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनने पर बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नायब सैनी के नेतृत्व में प्रदेश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर होगा। नायब जी के दूसरी बार मुख्यमंत्री बनने पर पूरे प्रदेश की जनता में खुशी की लहर है। उन्होंने जनता को बधाई देते हुए कहा कि जनता ने नायब सैनी के करीब दो माह का कार्यकाल देखा है। जिस तरह से मुख्यमंत्री नायब सैनी ने दो माह में ही प्रदेश की जनता के लिए अनेक फैसले लिए हैं अब उन्हें आगे बढ़ाते हुए प्रदेश की जनता की भलाई के लिए काम किया जाएगा। जनता ने हरियाणा में एक बार फिर भाजपा को आशीर्वाद देकर विकास की राह चुनी है। बता दें कि आज गुरुवार को पंचकूला स्थित सेक्टर-5 के दशहरा ग्राउंड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गरिमामयी उपस्थिति में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। इसके साथ ही मंत्रीमंडल ने भी शपथ ग्रहण की। जिसे लेकर प्रदेश जनता में भारी उत्साह देखने को मिला। पचंकूला में आयोजित भव्य शपथ ग्रहण समारोह के दौरान कलाकारों ने हरियाणा की लोक संस्कृति की छटा बिखेरी। इस दौरान देश के विभिन्न राज्यों से मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री, वरिष्ठ मंत्री व राजनेताओं की उपस्थिति रही। प्रदेश के सभी अंचलों से गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

शपथ ग्रहण के अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने संदेश देते हुए कहा कि नॉनस्टॉप हरियाणा के विकास और नवनिर्माण को गतिमान रखने वाले जनादेश के लिए सर्वप्रथम 2.80 करोड़ अपने परिवारजनों का हार्दिक आभार। मेरे जैसे एक सामान्य परिवार से आने वाले कार्यकर्ता को हरियाणा का मुख्य सेवक बनने का अवसर प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री श्री प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार। प्रधानमंत्री जी हरियाणा से आपका विशेष स्नेह हमें निरंतर परिश्रम करने के लिए असीमित ऊर्जा प्रदान करता है।आपके प्रेरणादायी नेतृत्व में हरियाणा विकास की नित नई ऊंचाइयों को स्पर्श कर रहा है।विकास की ये नॉनस्टॉप यात्रा प्रदेश में सतत जारी रहेगी। पूर्ण बहुमत की तीसरी बार भाजपा सरकार पूरी ऊर्जा और उत्साह के साथ सुशासन, समानता और गरीब कल्याण के लिए काम करेगी।

## कैंसर अब लाइलाज नहीं, पोजीट्रोन अस्पताल ने किया 1000 से ज्यादा कैंसर मरीजों का सफल इलाज

अर्थ प्रकाश/सुरेश सिसोदिया

**जींद, 17 अक्तूबर।** पोजीट्रोन अस्पताल ने आज कैंसर को लेकर प्रेस वार्ता रखी जिसमें पी जी आई से सेवानिवृत्त डॉ जलि सिंह कुण्डू ने बढ़ते हुए कैंसर के बारे में चर्चा की और उससे कैसे बचा जा सकता है वो सब बताया । उन्होंने बताया कि प्रदेश में कैंसर मरिजो की बढ़ोतरी हुई है इसी को ध्यान में रखते हुए जींद के निजी होटल में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया । इस मोके पर डॉ संजय बड़ेसरा स्त्री कैंसर रोग विशेषज्ञ, डॉ मनीष शर्मा कैंसर रोग विशेषज्ञ, डॉ संदीप भूकर कान, नाक व गला कैंसर रोग विशेषज्ञ और डॉ मनोज तायल कैंसर रोग विशेषज्ञ मोजूद रहे। अस्पताल के सीईओ अनिल यादव ने बताया कि अस्पताल में उच्च सत्र की मशीनों द्वारा कैंसर की स्क्रीनिंग की जाती है ताकि मरीज की बीमारी का अच्छे से पता लगाया जा सके, जैसे ही मरीज की बीमारी का पता चलता है तो ट्यूमर बोर्ड की टीम ही सुनिश्चित करती है की मरीज का इलाज किस प्रकार होगा। ट्यूमर बोर्ड की टीम में सर्जिकल ऑनकोलॉजीस्ट, मेडिकल ऑनकोलॉजिस्ट, रेडिएशन ऑनकोलॉजिस्ट, पैथोलॉजिस्टि, डायग्नॉस्टिक रेडियोलॉजिस्टि और अमेरिका से भी डॉक्टर जुड़े हुए है जो वहा की नवीनतम तकनीक यहां सांझा करते है और फिर उसी के आधार पर मरीज का इलाज शुरू होता है। कैंसर को पहचानने मे पैथोलॉजी और डायग्नॉस्टिक रेडियोलॉजी विभाग के अनुभवी डॉक्टर अहम भूमिका निभाते है जिससे कैंसर की पहचान करने के बाद सही समय पर सही इलाज शुरू कर दिया जाता है, अस्पताल इन विभाग को सफलता का श्रेय देता है। अस्पताल में सभी प्रकार के कैंसर के ऑपरेशन, इम्युनोथेरेपी, टार्गेटेड थेरेपी, कीमोथेरेपी, रेडिएशन थेरेपी, कैंसर लैब, पैथोलॉजी लैब, डायग्नोस्टिक रेडियोलॉजी जैसे सभी सुविधाए एक ही छत के नीचे उपलब्ध है। आज हमे खुशी होती है ये बताते हुए की अभी तक हम 1000 से ज्यादा कैंसर के ऑपरेशन व 500 से ज्यादा मरीजों की कीमोथेरेपी कर चुके है। मरीज इलाज करवाने के बाद आते है और हमे बताते है कि अब वो शकुशाल अपना जीवन बिता रहे है। अमेरिका में 26 सेंटर चलाने के बाद पोजीट्रोन अस्पताल को भी उन्ही तकनीकों के साथ बनाया गया है ताकी मरीज को बेहतर इलाज रोहतक में मिल सके और उसे दिल्ली या गुड़गांव जैसे बड़े शहरो में ना जाना पड़े। सही समय पर कैंसर स्क्रीनिंग करवाए और चिंता मुक्त हो जाए।

## सहकारी बैंक के पूर्व निदेशक की माता का सौ साल की उम्र में निधन

**कैथल (अप्रस)।** सहकारी बैंक के पूर्व निदेशक दलबीर सिंह पुनिया एडवोकेट की माता फुला देवी का बीमारी के बाद निधन हो गया। वे 100 वर्ष की थीं। फुला देवी का अंतिम संस्कार उनके गांव फांस वाला में किया गया। उनके संस्कार में अनेक सामाजिक , धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारी के अतिरिक्त वकीलों और शिक्षकों ने जाकर श्रद्धांजलि दी। पूनिया ने बताया कि उनकी मां का अपने परिवार के साथ अटूट प्रेम था। उन्हीं की वजह से आज उनका सारा परिवार पढ़ लिखकर योग्य पदों पर आसीन है। जिला बार एसोसिएशन के प्रधान बलजिंदर सिंह मलिक ने कहा कि वे इस दुख की घड़ी में पुनिया परिवार के साथ हैं। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को चरणों में स्थान दें।

## वाल्मीकि जयंती पर निकाली शोभायात्रा



अर्थ प्रकाश/मोहित पौलस्त्य

**पिहोवा, 17 अक्तूबर।** भगवान वाल्मीकि जयंती पर नगर में विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा बाल्मीकि बस्ती से प्रारंभ होकर नगर के सभी प्रमुख बाजारों से होती हुई वाल्मीकि मंदिर में संपन्न हुई। शोभा यात्रा का शुभारंभ प्रधान अनिल बागड़ी एडवोकेट ने किया।

इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि हमें भगवान वाल्मीकि की शिक्षाओं पर चलना चाहिए। भगवान वाल्मीकि ने पूरे विश्व के लिए महाकाव्य रामायण की रचना की। जो पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। इस मौके पर सेवा निवृत तहसीलदार श्यामलाल बागड़ी मनोज कुमार रोहित विक्की पार्षद गगन टांक सतीश सेगर सहित भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

शोभायात्रा में अनेक सुंदर-सुंदर झांकियां दर्शाई गई। भजन कीर्तन करते हुए महिलाएं भी शोभा यात्रा के साथ चलती रही। श्रद्धालुओं ने स्थान स्थान पर शोभा यात्रा का स्वागत किया तथा चाय जलपान फल इत्यादि वितरित किए।

## शरद पूर्णिमा महोत्सव आयुर्वेद और आध्यात्म का संगम: साध्वी सीमा



अर्थ प्रकाश/संजीव कुमार

**बिलासपुर, 17 अक्तूबर।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के आरोग्य प्रकल्प द्वारा बिलासपुर स्थित आश्रम में शरद पूर्णिमा का पावन पर्व मनाया गया। मौके पर हजारों लोगों को स्वास्थ्य और आध्यात्मिक लाभ प्रदान किया गया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी यह महोत्सव भारत के विभिन्न हिस्सों में बड़े उत्साह के साथ मनाया गया।

इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य प्राचीन भारतीय आयुर्वेद के ज्ञान को जन-जन तक पहुंचाना और शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर लोगों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाना था। आयुर्वेदिक औषधियों से तैयार की गई विशेष खीर का वितरण इस महोत्सव का प्रमुख आकर्षण रहा।

साध्वी सीमा भारती ने बताया कि आयुर्वेद के अनुसार, शरद पूर्णिमा की रात में चंद्रमा की किरणों में औषधीय गुण होते हैं। इस दिन चांदनी में रखी गई खीर का औषधि के साथ सेवन करना स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभदायक होता है। इस खीर में मौजूद आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियां श्वास संबंधी रोगों, दमा और खांसी जैसे रोगों में लाभकारी होती हैं। स्वामी गुरू ज्ञानानंद जी ने बताया कि हजारों लोगों ने औषधीय खीर का सेवन कर स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने स्वास्थ्य शिविर लगाकर लोगों को परामर्श दिया। धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम में भजन, कीर्तन और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने पूरे माहौल को आध्यात्मिक बनाए रखा।

## गांव में परली न जलाने को लेकर निकाला फ्लैग मार्च

### अवशेष जलाना सामाजिक बुराई ही नहीं बल्कि कानूनी अपराध भी है: एसडीएम दलजीत सिंह

अर्थ प्रकाश/हितेश गर्ग



**नरवाना, 15 अक्टूबर।** एसडीएम दलजीत सिंह ने उपमंडल के सभी अधिकारियों के साथ रेड जोन और यलो जोन में आने वाले गांव में फसल अवशेष जलाने को लेकर करीब एक दर्जन गांवों में फ्लैग मार्च किया और गांव दर गांव धान उपजाने वाले किसानों से मुलाकात कर फसल अवशेष प्रबंधन करने का संदेश दिया। एसडीएम ने तमाम अधिकारियों के काफिले के साथ अपने फ्लैग मार्च की गांव बद्दोवाल से शुरुआत की और उसके बाद गांव सच्चा खेड़ा, दनौदा, संथली, जाजनवाला, कलौदा कलां, कलौदा खुर्द, नैहरा, अमरगढ़, फुलियां कलां, फुलिया खुर्द, कान्हा खेड़ा, धरौदी इत्यादि में मौके पर जाकर धान किसानों को पराली यानी धान अवशेष न जलाने बारे और कृषि संयंत्रों का उपयोग कर फसल अवशेषों का प्रबंध करने बारे जागरूक किया। एसडीएम दलजीत सिंह ने बताया कि अवशेष जलाना सामाजिक बुराई ही नहीं बल्कि कानूनी अपराध भी है और इससे प्रकृति, जमीन तथा मानव जीवन पर अत्यंत गंभीर व प्रतिकूल प्रभाव पड़ते हैं जिससे जमीन की उर्वरा शक्ति नष्ट होने के साथ साथ प्राकृतिक प्रदूषण की वजह से मनुष्य भी अनेक जानलेवा बीमारियों का शिकार होता है लिहाजा फसल व नस्ल बचाने के लिए किसान पराली जलाने से बिल्कुल परहेज करें। उन्होंने यह भी कहा कि अवशेष प्रबंधन कर सभी किसान एक सभ्य नागरिक होने का भी परिचय दें और समाज के प्रति अपनी सकारात्मक जिम्मेदारी निभाएं। फसल अवशेष प्रबंधन करने वाले किसानों को सरकार द्वारा प्रति एकड़ 1000 रुपये प्रोत्साहन राशि के रूप में दिए जा रहे हैं। एसडीएम ने आगे बताया कि फसल अवशेष प्रबंध न करने वाले और अवशेषों को जलाने वाले किसान के खिलाफ नियमानुसार सख्त विभागीय कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने बताया कि पराली जलाने की गतिविधियों पर माननीय सर्वोच्च न्यायालय भी कड़ा संज्ञान ले रहा है और न्यायालय द्वारा जारी निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है और अपनी जिम्मेदारी को निभाने के लिए प्रशासन पूर्णतया मुस्तैद है। उन्होंने स्पष्ट किया कि खेतों में आगजनी की गतिविधियों पर प्रशासन की कड़ी नजर है। उन्होंने सभी ग्राम सचिव, पटवारी, चौकीदार, नंबरदार तथा सरपंचों को भी हिदायत दी कि वे अपने.अपने गांव में पराली न जलाने बारे प्रशासन के संदेश की बराबर मुनादी करवाते रहे। फ्लैग मार्च के दौरान एसडीएम दलजीत सिंह के द्वारा नैहरा गांव के खेत में पराली में लगी आग को फायर ब्रिगेड की गाड़ी की सहायता से आग को बुझाया गया और पराली जलाने वाले किसान पर जुर्माना भी किया गया । फ्लैग मार्च के दौरान एसडीएम के साथ एसडीओ कृषि विभाग डॉक्टर बलजीत लाठर, नायब तहसीलदार सिराज खान, केंद्रीय प्रदूषण बोर्ड की अधिकारी जीज्ञासा सोनी, बीडीपीओ जितेंद्र चौहान, पुलिस प्रशासन, खंड कृषि अधिकारी सुरेंद्र सिंह व सुनील कुमार सहित कृषि विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं किसान मौजूद रहे।




# संविधान के अमृत महोत्सव और 1975 में लोकतंत्र की हत्या पर विचार विमर्श

## राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के घटक दलों ने चंडीगढ़ में की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बैठक

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 17 अक्तूबर।** महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनावों से पहले और हरियाणा और जम्मू-कश्मीर चुनावों के ठीक बाद, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के मुख्यमंत्रियों की परिषद की बैठक गुरुवार दोपहर चंडीगढ़ के एक होटल में हुई। भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री विकास के मुद्दों, संविधान के अमृत महोत्सव और लोकतंत्र की हत्या के प्रयास की 50वीं वर्षगांठ पर विचार-विमर्श करने के लिए यहां सम्मेलन में भाग लेने पहुंचे थे। लोकतंत्र की हत्या को लेकर 1975 में आपातकाल लगाया गया था उसकी यादें ताजा की गई।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह और जेपी नड्डा (भाजपा अध्यक्ष), आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू, उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, दो उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस और अजीत पवार, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने इसमें भाग लिया। यह सम्मेलन लगातार दूसरी बार हरियाणा के मुख्यमंत्री के रूप में नायब सिंह सैनी के शपथ ग्रहण समारोह के बाद शुरू हुआ। भाजपा ने बुधवार को एक बयान में बताया था कि इसमें 13 प्रमुख दल जिनमें भाजपा के मंत्री और 16 उपमुख्यमंत्री भाजपा के हैं, जबकि महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, बिहार, सिक्किम, नागालैंड और मेघालय के मुख्यमंत्री उसके सहयोगियों से हैं।

पिछले कई सालों में इस तरह का यह एनडीए मुख्यमंत्रियों का यह पहला सम्मेलन था। भाजपा और उसके सहयोगी दल अगले महीने होने वाले महाराष्ट्र और झारखंड चुनावों में विपक्षी गठबंधन का मुकाबला करने के लिए तैयार हैं। सत्तारूढ़ दल अपने प्रतिद्वंद्वियों पर हमला करने के लिए हरियाणा की जीत से उत्साहित हैं और इस गति को मैंटेन रखना चाहते हैं। सैनी के अलावा, मध्य प्रदेश में उनके समकक्ष मोहन यादव, असम में हिमंत बिस्वा सरमा, नागालैंड में ने यूरियो, उत्तराखंड में पुष्कर धामी और अरुणाचल प्रदेश में पेमा खांडू, बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साई, मेघालय के मुख्यमंत्री कोनार्ड संगमा, मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह, ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग और त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा भी बैठक में शामिल रहे। इस बैठक में विचार-विमर्श में राष्ट्रीय विकास के मुद्दों को शामिल करते हुए एक संरचित एजेंडे पर बात हुई। संविधान का अमृत महोत्सव और लोकतंत्र की हत्या के प्रयास की 50वीं वर्षगांठ मनाने जैसे विषयों पर भी चर्चा की गई। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू और नागालैंड के मुख्यमंत्री रियो ने भी चर्चा का नेतृत्व किया।

# आर आई डी 3080 ने 'सेल्फ एक्सप्रेशन' इवेंट के साथ विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया


**चंडीगढ़ (अप्रस)।** विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर आर आई डी 3080 ने मानसिक स्वास्थ्य की पैरोकार और हिप्नोथेरपिस्ट आकृति गोयल, जो अक्षर ट्रेनिंग एंड कंसल्टेंसी की संस्थापक हैं, के साथ मिलकर ÷सेल्फ एक्सप्रेशन÷ नामक एक प्रभावशाली कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम चंडीगढ़ के सेक्टर 36 के गार्डन ऑफ फ्रेग्रेंस में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में तनाव प्रबंधन, विश्राम और ध्यान पर ध्यान केंद्रित किया गया, और प्रतिभागियों को अपने दैनिक जीवन में मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए व्यावहारिक अभ्यास दिए गए।

रोटारैक्टर प्रेरणा कश्यप और रोटारैक्टर सिजल शर्मा द्वारा संचालित इस सत्र में 30 प्रतिभागियों ने मानसिक विश्राम और ध्यान की तकनीकों में भाग लिया, जिसमें मानसिक स्वास्थ्य और भावनात्मक आत्म-अभिव्यक्ति के महत्व पर जोर दिया गया।























Bathinda: Santi 9780809351, Ludhiana 1: Raj 9814688000, Ludhiana 2: D.L Medical 9855603111, Sangrur 1: Ambay 9463559867, Sangrur 2: Rama 7696897760, Batala: Anmol 9464731685, Rampura: Deepak 9478759676, Rajpura: Deepak 9872213317, Jagron: Dr. Gupta 9417086337, Amritsar 1: G.S Medicine 9888453620, Amritsar 2: Khushab 7837215211, Amritsar 3: New Punjab 9876050155, Ferozpur 1: Ganpati 9463427229, Ferozpur 2: Parwaz 9417380555, Barnala 1: Garg 9815143319, Barnala 2 : Krishna 9815014111, Barnala 3: Om Prakesh 8146947152, Rahon: Gee Medical 9814940353, Tapa: Gill Medical: 9417638448, Hoshiarpur: Gokal 9814093906, Mansa 1: Goyal 9815563046, Mansa 2: Durga 9815131467, Kharar 1: Jain 9988378785, Kharar 2: P.C Jain 9988389896, Pathankot: Khanduja 9814133798, Jalandhar 1: Maddan 9815200866, Jalandhar 2: SR. Agencies 9815011423, Kotakpura: Mahadev 9872761234, Abohar: Mohit 9464205979, Nabha: Jain 9815251507, Moga: Romy 9417231231, Patiala: Raman 9888941352, Mour Mandi: SR. Agencies 9417581575, Kapurthala: SK. Traders 9417313133, Rama Mandi: SS. Pharma 9988224445, Malerkotla: Sher Trading 9814446658, Patiala: Shivom 9463074891, Bhagta: Yash 9815958279, Muktsar: Avinash 9814913366, Mansa: Satish 9878956037, Nawashehr: Friends 9815990901, Samana: Arora 9855710052, Tarantaran: Anmol 9256156672, Firozpur Cantt: Shiva 9855243377, Firozpur City 1: Varinda 9417448148, Firozpur City 2: Kamal 9877186485, Khanna: Gill 9872482735, Khanna: Vishal 9329800007, Rampura Phul 1: Panna Lal 9317557705, Rampura Phul 2: Prem Kumar 9815771690, Rampura Phul 3: Bharat 9876540399, Rampura Phul 4 : Deepak 9478459676, Faridkot 2: Labha Ram 8556800090, Faridkot 3: Kanshi Ram 8054270764, Ambala: Ram Kishan 9255151333, Fatehbaad 3: Rameshwer 9812490666, Rohtak: Jaswant 9996797007

अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2652743, 2638515, फैक्स 2653533 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)